ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित

www.rastriyanaveenmail.com • रांची • कार्तिक शुक्ल पक्ष 01 • विक्रम संवत 2080 • मंगलवार, 14 नवम्बर 2023 • वर्ष-24 • अंक- 279 • पृष्ठ-12 • मूल्य ₹ 2.00

हम पहले मैच से आज तक शानदार... पेज 12 पर



# आज पीएम मोदी आएंगे रांची, करेंगे रोड शो

## जनजातीय गौरव दिवस पर देंगे योजनाओं की सौगात

## पीएम पहली बार करेंगे 24 हजार करोड़ से अधिक की योजनाओं का शिलान्यास

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज रांची पहुचेंगे। रात नौ बजे रांची एयरपोर्ट से राजभवन तक रोड शो करेंगे। वहीं 15 नवंबर को भगवान बिरसा मुंडा की जयंती के मौके पर देशभर के कमजोर आदिम जनजातिय समुदाय (पीवीटीजी) के लिए 24 हजार करोड़ की पीएम पीवीटीजी डेवलपमेंट मिशन की शुरूआत बिरसा भूमि से करेंगे। प्रधानमंत्री के रोड शो को लेकर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सह पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने सोमवार को बैठक की।

चौक चौराहों पर भाजपा कार्यकर्ता व नेता प्रधानमंत्री का स्वागत करेंगे। वहीं 15 नवंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बिरसा स्मृति पार्क में कार्यक्रम को लेकर मुख्य सचिव सुखदेव सिंह ने अधिकारियों के साथ कार्यक्रम की तैयारियों का जायजा लिया। 15 नवंबर को खूंटी के उलिहातु व बिरसा कॉलेज मैदान में कार्यक्रम की तैयारी पूरी कर ली गई है।

राज्य सरकार ने प्रधानमंत्री के सभी कार्यक्रम स्थलों पर प्रोटोकॉल व सुरक्षा व्यवस्था के लिए पांच आईएएस व पांच आईपीएस अफसरों को जिम्मेदारी दी है। प्रधानमंत्री जनजातीय गौरव दिवस के मौके पर खूंटी में भगवान बिरसा मुंडा के गांव जाकर परिजनों से मुलाकात करेंगे। इसके बाद खूंटी में जनसभा को संबोधित करेंगे। खूंटी में जनसभा को संबोधित करने के बाद प्रधानमंत्री राजस्थान के लिए रवाना हो जाएंगे।



### पीवीटीजी समूहों के लिए बड़ी सौगात

आजादी के बाद देशभर के पीवीटीजी समूहों के लिए जनजातीय गौरव दिवस के मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पहली बार 24 हजार करोड़ से अधिक की योजनाओं का शिलान्यास करेंगे। साल 2023- 24 की बजट में पीवीटीजी समूहों के विकास के लिए बजटीय प्रावधान किए गए हैं। 18 राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों के 220 जिलों के 22544 गांवों में 75 पीवीटीजी समूहों की 28 लाख आबादी है। दूरस्थ ग्रामीण इलाकों व जंगलों में निवास करने वाली पीवीटीजी समूहों तक सड़क, संचार, बिजली व आवासीय सुविधाओं के साथ साथ शिक्षा, स्वास्थ्य एवं पोषण, स्वच्छता सुविधाओं की पहुंच से जुड़ी योजनाओं की घोषणा होगी।

### मिनट टू मिनट

**14 नवंबर को**

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 14 नवंबर की रात 9 बजे इंदौर से रांची एयरपोर्ट पहुंचेंगे। एयरपोर्ट पर राज्यपाल, मुख्यमंत्री, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष, मुख्य सचिव, डीजीपी उनका स्वागता करेंगे।
- एयरपोर्ट से राजभवन तक पीएम रोड शो करेंगे। इस दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं की टोली चौक चौराहों पर उनका स्वागत करेगी। हालांकि पीएम कहीं रुके बगैर सीधे राजभवन पहुंचे। राजभवन में रात्रि विश्राम।

**15 नवंबर को**

- 9.15 बजे राजभवन से बिरसा स्मृति जेल के लिए निकलेंगे।
- 9.30 बजे बिरसा स्मृति जेल पहुंचेंगे, बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण के बाद पंद्रह मिनट रूकेंगे। 9.45 बजे रांची एयरपोर्ट के लिए निकलेंगे।
- 10 बजे एयरपोर्ट से उलिहातु के लिए निकलेंगे।
- 10.25- बिरसा मुंडा की जन्मस्थली उलिहातु गांव पहुंचेंगे। भगवान बिरसा के परिजनों से मुलाकात करेंगे। इसके बाद 10.45 बजे खूंटी के लिए रवाना होंगे।
- 11 बजे खूंटी के बिरसा कॉलेज मैदान पहुंचेंगे। आयोजन स्थल पर योजनाओं का शिलान्यास करेंगे। इसके बाद जनसभा को संबोधित करेंगे।
- 12.35 बजे बिरसा कॉलेज हेलीपैड से रांची के बिरसा मुंडा हवाई अड्डे के लिए निकलेंगे।
- 12.55 बजे राजस्थान के बाड़मेर के लिए रवाना होंगे।

## पीएम सुरक्षा और प्रोटोकॉल को लेकर आईएएस और आईपीएस अधिकारियों की तैनाती

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दौरे को लेकर सभी कार्याक्रम स्थलों पर प्रोटोकॉल व सुरक्षा निर्धारित मापदंडों को सुनिश्चित करने के लिए आईएएस व आईपीएस अधिकारियों की तैनाती राज्य सरकार ने की है। राज्य सरकार के मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग के जारी आदेश के मुताबिक, भगवान बिरसा मुंडा मेमोरियल पार्क सह स्वतंत्रता सेनानी संग्रहालय जेल चौक पर प्रधान सचिव वंदना दादेल, एडीजी मुख्यालय मुरारीलाल मीणा, आदिवासी कल्याण आयुक्त अजय नाथ झा, निदेशक जनजातीय कल्याण शोध संस्थान रणेंद्र कुमार की तैनाती की गई है। खूंटी के बिरसा कॉलेज मैदान में जहां प्रधानमंत्री जनसभा को संबोधित करेंगे, वहां महिला बाल विकास विभाग के सचिव कृपानंद झा, आईजी मुख्यालय मनोज कौशिक की तैनाती की गई है। बिरसा मुंडा की जन्मस्थली उलिहातू खूंटी के कार्यक्रम में कार्मिक विभाग के सचिव प्रवीण टोप्पो व आईजी अभियान अमोल वी होमकर, खूंटी स्थित कार्यक्रम स्थल में प्रदर्शनी स्थल पर उद्योग सचिव जितेंद्र सिंह, आईजी अखिलेश झा को तैनात किया गया है। भगवान बिरसा मुंडा उलिहातु स्थित स्मारक स्थल पर ग्रामीण विकास विभाग के सचिव चंद्रशेखर व आईजी राजकुमार लकड़ा को तैनात किया गया है।

## एयरपोर्ट से राजभवन तक तीन लेयर में होगी मोदी की सुरक्षा

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी के रांची आगमन को लेकर पुलिस ने तैयारी तेज कर दी है। प्रधानमंत्री की सुरक्षा का पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। एयरपोर्ट से लेकर राजभवन तक प्रधानमंत्री की तीन लेयर में सुरक्षा रहेगी। प्रधानमंत्री की सुरक्षा में तीन हजार से ज्यादा जवानों की तैनाती की गई है। इसमें एक सौ इंस्पेक्टर, 552 एसआई, चार सौ एएसआई के अलावा लाठी व महिला पुलिस बल शामिल है। इसके अतिरिक्त रैफ की तीन कंपनियों को अलग से तैनात किया गया है। सुरक्षा में कोई चूक न हो, इसे देखते हुए पूरे शहर की निगरानी सीसीटीवी से की जाएगी। इसके लिए कंट्रोल रूम में एक टीम तैनात की गई है। साथ ही ड्रोन से भी निगाहबानी की जाएगी। प्रधानमंत्री की सुरक्षा में आईपीएस के अलावा डीएसपी स्तर के अधिकारियों को लगाया गया है। एयरपोर्ट से लेकर राजभवन तक सड़क किनारे वाहन की पार्किंग पर रोक लगायी गई। सड़क किनारे लगने वाले ढेले-खुमचे को बंद कराने का निर्देश दिया गया है। पूरे सुरक्षा की मानेट्रिंग एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा खुद कर रहे हैं। उन्होंने सभी पुलिस पदाधिकारियों को निर्देश दिया है कि वे ड्यूटी में किसी भी हाल में लापरवाही नहीं बरतें।

प्रधानमंत्री की सुरक्षा में बम निरोधक दस्ता के अलावा अग्निशमन दस्ता को भी लगाया गया है। प्रधानमंत्री का कारकेड जिस मार्ग से गुजरेगा, उन मार्गों पर अग्निशमन दस्ता तैनात रहेगी। इसके अतिरिक्त जैप, आईआरबी, रैफ और जगुआर की टीम को प्रधानमंत्री की सुरक्षा में लगाया गया है। एयरपोर्ट से लेकर राजभवन तक ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

- ▸▸ सुरक्षा में तीन हजार से ज्यादा जवानों की तैनाती
- ▸▸ सीसीटीवी कैमरा-ड्रोन से होगी सुरक्षा की मानेट्रिंग
- ▸▸ हरमू रोड में किया गया बैरिकेडिंग
- ▸▸ बम निरोधक दस्ता की भी तैनाती
- ▸▸ दो सौ भवन चिहिन्त, रहेंगे जवान तैनात

# दीपों से जगमग हुआ रांची, घर-आंगन में बरसी खुशी



## झारखंड में देर रात तक श्रद्धालु करते रहे मां काली की आराधना

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रांची तथा आसपास के क्षेत्रों में रविवार को दीपों का पर्व दीपावली और काली पूजा धूमधाम से संपन्न हो गई। दीपावली को लेकर सुबह से ही लोग अपने घरों को सजाने में व्यस्त दिखे। रंग बिरंगी लाइटों से पूरा क्षेत्र जगमग था। शाम होते ही घर-आंगन दीयों से जगमगा उठे। इसके बाद घर की महिलाओं ने अपने मंदिरों में मां लक्ष्मी और भगवान गणेश की पूजा की। प्रखंड मुख्यालय स्थित मां काली मंदिर में देर रात मां काली की पूजा की गई। मंदिर में सोमवार की सुबह से ही श्रद्धालुओं ने भक्तिभाव से पूजा-अर्चना की। इससे पूर्व रविवार की शाम इतवार बाजार सहित चौक-चौराहों में दिवाली बाजार लगा था, जहां दीये और करंज तेल के साथ-साथ दिवाली से संबंधित वस्तुओं की बिक्री हो रही थी। पूरे बाजार में खरीदारों की भीड़ उमड़ी थी। बच्चे पटाखे लेने में व्यस्त थे, मिठाई दुकानों में भी काफी भीड़ देखी गई। क्षेत्र के कई समाजसेवियों ने पटाखों और मिठाइयों का भी वितरण किया। रातू पुलिस प्रशासन सुरक्षा को लेकर सुबह से ही व्यस्त दिखा।

## एथलीट आशा किरण ने सीसीएल का जताया आभार

**रांची।** झारखंड की गोल्डन गर्ल एथलीट आशा किरण बारला को कोल इंडिया लिमिटेड ने 3 साल के लिए स्पॉन्सर किया है। कोल इंडिया हर साल 5 लाख रुपये की आर्थिक मदद करेगा। इसमें कोल इंडिया की ब्रांडिंग से जुड़ा ड्रेस और किट प्रबंधन की ओर से उपलब्ध कराया जायेगा। आशा किरण बारला को सहयोग करने का प्रस्ताव कुछ दिन पहले सीसीएल ने कोल इंडिया मुख्यालय को भेजा था। कोल इंडिया के चेयरमैन पीएम प्रसाद ने दीपावली से पहले इसकी मंजूरी दे दी। सोमवार को आशा किरण बारला ने अपने कोच आशु भाटिया के साथ सीसीएल के निदेशक कार्मिक एचएन मिश्रा से मुलाकात की। इस दौरान खेल मैनेजर आदिल हुसैन समेत कई अफसर वहां मौजूद रहे। आशा किरण बारला बोकारो थर्मल स्थित भाटिया एथलेटिक्स अकादमी की प्रशिक्षु हैं और उनकी बड़ी बहन फ्लोरेंस बारला भी अंतरराष्ट्रीय एथलीट हैं।

# मांडू : सड़क हादसे में 3 युवकों की घटनास्थल पर हुई मौत

**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**

जिले के मांडू थाना क्षेत्र रिलायंस पेट्रोल पम्प के समीप सोमवार शाम करीब 6:00 बजे अज्ञात ट्रेलर की चपेट में आने से रॉयल एनफील्ड में सवार तीन युवकों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। बताया जा रहा है कि यह तीनों युवक मांडू के रहने वाले थे। लालदेव करमाली ने धनतेरस के शुभ अवसर पर अपना बेटा के लिए रॉयल एनफील्ड मोटरसाइकिल ले दिया था।

इसी न्यू रॉयल एनफील्ड मोटरसाइकिल से तीनों युवक कुजू से अपने घर मांडू लौट रहे थे। इसी क्रम में रिलायंस पेट्रोल पम्प के सामने अज्ञात ट्रेलर ने उन्हे अपने चपेट में लेते हुए फरार हो गया। जिससे तीनों युवकों करण कुमार, पिता राजू साव, रौनक कुमार, पिता लालदेव करमाली और रोहित कुमार, पिता कुलदीप साव की घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई।

### मातम में तब्दील हुआ ढ़ेबों गांव में दीपावली का पर्व

## 2 घरों का बुझा चिराग, 3 की मौत

**चतरा।** हंटरगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत ढेवों गांव में दीपावली का त्योहार तीन युवकों की हुई मौत से मातम में बदल गया। बीते रविवार दीपावली के दिन इस दिल दहलाने वाली घटना से गांव में मातम का माहोल बन गया। मिली जानकारी के अनुसार दो की सड़क दुर्घटना में मौत हुई तो तीसरे की दो के मौत की सूचना पर हार्ट अटैक से मौत हो गई। तीनों युवकों एक ही घाट पर दाह संस्कार किया किया गया। घटना दीपावली के दिन की है। शनिवार रात तीन महेश कुमार 18 वर्ष पिता महेन्द्र यादव एवं सचिन कुमार 18 वर्ष पिता बंगाली यादव तथा युगल यादव 18 वर्ष पिता मोहन यादव एक ही बाइक से डोभी कार्यक्रम देखने जा रहे थे। इसी दौरान बिहार के डोभी थाना अंतर्गत बहेरा गांव के समीप एनएच 22 पर हाईवा ने चपेट में ले लिया। जिससे तीनों युवक बीच सड़क पर गिर गए। गिरने के बाद महेश की मौत घटनास्थल पर हो गया। जबकि सचिन की मौत गया मगध मेडिकल कॉलेज पहुंचने के पूर्व रास्ते में ही हो गई। वहीं तीसरे युगल का इलाज चल रहा था। घायल युगल के द्वारा रात में ही परिजनों को घटना की जानकारी दी गई। तो परिजन आनन फानन में घटना स्थल पर पहुंचे। तब तक दोनों की मौत हो चुकी थी। तीसरे युवक को जब दोनो दोस्तों के मौत जानकारी हुई तो स्थिति बिगड़ गई और वह अचेत होकर गिर गया। जहां उसकी मौत हो गई। जानकारी के अनुसार महेश एवं सचिन माता-पिता के एकलौता पुत्र थे। जबकि सौरभ दो भाइयों में सबसे छोटा था। इस घटना से दो घरों में चिराग बुझ गया।

# उत्तरकाशी में ध्वस्त सुरंग में फंसे झारखंड राज्य के 13 मजदूर, चिंतित हैं परिजन

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

उत्तराखंड के उत्तरकाशी में नेशनल हाइवे के प्रोजेक्ट के तहत सुरंग बनाने में फंसे 40 मजदूरों में 13 झारखंड के हैं। इन मजदूरों के परिजन और घरों के लोग परेशान हैं। झारखंड सरकार भी इनके रेस्क्यू अभियान पर नजर रख रही है। राज्य के श्रम मंत्री सत्यानंद भोक्ता ने कहा है कि राज्य प्रवासी नियंत्रण कक्ष लगातार उत्तराखंड सरकार के संपर्क में है। फंसे मजदूरों में गिरिडीह जिले के सिमराढाब निवासी बुधन महतो का इकलौता पुत्र सुबोध वर्मा (25) और इसी जिले के केशोडीह के विश्वजीत वर्मा भी हैं। दोनों काम की तलाश में उत्तराखंड गये थे और इस प्रोजेक्ट में काम कर रहे थे। घर की आर्थिक स्थिति खराब होने की वजह से दोनों रोजगार की तलाश में घर से बाहर निकले हैं। सोमवार अलसुबह करीब चार बजे सूचना



मिलते ही पीड़ित के घर पहुंच स्वजन को घटना की जानकारी दी गई। प्रमुख ने उनके सकुशल होने की बात कही तो परिजन शांत हुए। बता दें कि हादसा रविवार सुबह 4 बजे हुआ, जब टनल का 50 मीटर का हिस्सा गिर गया। नेशनल हाइवे सड़क निर्माण कार्य में वहां 38 अन्य विभिन्न क्षेत्रों के मजदूरों के साथ ये भी लगे हुए थे। वहां के कंट्रोलरूम के एसआई सुनील ने यह जानकारी दी है। बिरनी के प्रखंड प्रमुख ने उत्तरकाशी के एसपी अर्पणा यदुवंशी, मुख्य विकास पदाधिकारी गौरव कुमार व कंट्रोल रूम के एसआई सुनील से मोबाइल पर वार्ता कर घटना की पूरी जानकारी ली। एसपी अर्पणा यदुवंशी ने बताया कि घटना 12 नवंबर सुबह करीब नौ बजे की है। सभी मजदूर कार्य में लगे हुए थे। इसी बीच सुरंग का एक हिस्सा बैठ गया। इससे सभी कार्यरत मजदूर व कर्मी फंस गए। उनके राहत बचाव में प्रशासन पूरी तरह लगा है। सभी लोग सकुशल हैं।

## टनल में फंसे श्रमिकों की मदद के लिए सीएम ने उत्तराखंड भेजी टीम



**मुख्यमंत्री** हेमन्त सोरेन के निर्देश के बाद उत्तराखंड में निर्माणधीन टनल में फंसे झारखंड के श्रमिकों की सहायता के लिए तीन सदस्यीय टीम रवाना हो गई है। दरअसल, रविवार को उत्तराखंड के उतरकाशी में ब्रह्मकमल और यमुनोत्री नेशनल हाईवे पर सिल्क्यारा और डंडलगांव के बीच निमार्णाधीन एक टनल धंस गई है। इसमें 40 श्रमिक फंस गए हैं। ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

## पटाखों से जले 20 से अधिक लोग अस्पतालों में भर्ती

**रांची।** दिवाली की रात पटाखों से जले करीब 20 से अधिक मरीज रांची के रिम्स सहित विभिन्न अस्पतालों में भर्ती हैं। रिम्स में पांच मरीज गंभीर रूप से जले हुए भर्ती हैं। वहीं अन्य मरीज निजी अस्पतालों में भर्ती हैं। इसके अलावा रांची के अस्पतालों में देर रात 30 से 35 मरीज झुलसे हुए पहुंचे थे। जिन्हें प्राथमिक उपचार कर घर भेज दिया गया।

# रांची में महापर्व छठ को लेकर सजने लगे बाजार, महंगी हुई पूजा सामग्री



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

महापर्व छठ को लेकर राजधानी रांची में बाजार सजने लगे हैं। विभिन्न स्थानों से पूजा सामग्री रांची के बाजारों में पहुंचने लगे हैं। यहां दुमका, जामताड़ा, बुंडू, जोन्हा, खूंटी, तामाड़ से सूप-दउरा बाजारों में आते हैं। वही राजधानी के बकरी बाजार, शालीमार बाजार, जिला स्कूल, हरमू बाजार में छठ महापर्व को लेकर सुबह 10 बजे से शाम 7 बजे तक सूप-दाउरा का बाजार सजने लगता है। चूंकि इस पर्व में शुद्धता का विशेष ध्यान रखना होता है इसलिए दुकानदार भी सामान को साफ-सफाई के बाद ही बाजारो में ला रहे हैं।

**पिछले साल की तुलना में 70 प्रतिशत की हुई मूल्य वद्धि :** दुकानदार फैजल अंसारी ने बताया कि पिछले साल की तुलना में इस बार सभी पूजा सामग्री का 70 प्रतिशत बढ़ोतरी की गई है। वहीं पिछले साल दउरा -170,सूप -130-120 मिलता था। वही इस बार सूप 140-180,खांचा 220 -250 मे मिल रहा है।

**बाजारों में खरीद बिक्री हुआ कम :** बिक्रेता गीता देवी ने बताई कि आजकल पूजा पाठ में उपयोग होने वाले सामग्रियों की खरीद बिक्री कम हो गया है। क्योंकि दीपावली का दूसरा और तीसरा दिन छठ पूजा को लेकर बकरी बाजार में भीड़ लगना शुरू हो जाता था ,लेकिन इस बार एक दो लोग ही खरीदने पहुंच रहे है।आजकल सभी स्थानों पर मिलने लगा है। ठेला में लेकर घर घर सूप दवरा बेचने के वजह से बाजार में लोगों की भीड़ कम हो गई।

### दुमका के सूप की डिमांड

छठ पूजा में बांस के पूजा सामग्री की मांग बढ़ जाती है। हाथ से बनाया हुआ सूप दाउरा और पंखे का बाजार में पहुंचना शुरू हो चुकी है। छठ पूजा करने वाले लोग बड़ा सूप को ज्यादा पसंद करते हैं। दुमका से लाया हुआ सूप को सबसे ज्यादा पसंद किया जा रहा है।

### पीएम के झारखंड दौरे को लेकर नगर निगम अलर्ट

# नो वेंडिंग जोन से हटेंगी दुकानें

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

आगामी झारखंड स्थापना दिवस सह भगवान बिरसा मुण्डा जयंती पर प्रधानमंत्री झारखंड आ रहे है। इस आलोक में रांची नगर निगम के द्वारा विशेष सफाई अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत पेड़ों की छंटाई, प्रकाश की उचित व्यवस्था, पोल व दीवारों का रंग-रोगण, चौक-चौराहों की पेंटिंग, के साथ खुली नालियों पर स्लैब लगाने का निर्देश दिया गया है। इसके अलावा ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव कराने को कहा गया है। इतना ही नहीं इंफोर्समेंट टीम को नो वेंडिंग से दुकानों को हटाने की जिम्मेवारी सौंपी गई है।



नगर प्रशासक अमीत कुमार ने एयरपोर्ट रोड, हीनू चौक, बिरसा चौक, बाईपास रोड, हरमू रोड होते हुए न्यू मार्केट चौक के अलावा राजभवन के साथ-साथ अन्य मुख्य पथों की व्यवस्था का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि सभी पथों की 24 घंटे लगातार सफाई सुनिश्चित की जाएगी। बिरसा चौक पर भगवान बिरसा मुंडा की मूर्ति की सफाई और बचे कार्यों को भी जल्द से जल्द पूर्ण करने का निर्देश दिया। इसके अलावा हॉटिकल्चर शाखा को शहर के सभी मुख्य मार्गों और शहरव्यापी बागवानी पर विशेष ध्यान देने का निदेश दिया गया। मौके पर अपर प्रशासक श्री कुंवर सिंह पाहन, जोनल सुपरवाइजर, वार्ड सुपरवाइजर एवं अन्य कर्मी उपस्थित थे।

## गागर में सागर

### बेड़ो में हर्षोल्लास के साथ मनाई गई दीपावली का त्योहार



**बेड़ो।** बेड़ो प्रखंड मुख्यालय सहित प्रखंड के ग्रामीण क्षेत्रों में दीपावली का त्योहार हर्सोल्लास के साथ मनाया गया। दीपावली पर लोगों ने शाम को शुभ मुहूर्त में भगवान गणेश और देवी लक्ष्मी की पूजा की और लोगों ने अपने घर को दीया व रंग-बिरंगे लाईट से सजाकर भगवान लक्ष्मी-गणेश का स्वागत किया। साथ ही दीपावली को लेकर लोगों ने अपने आंगन को रंग-बिरंगे रंगोली से सजाया। वहीं बच्चों में दीपावली को लेकर काफी उत्साहित देखने को मिला। बच्चों ने मिट्टी व कार्टन का घर बनाकर पूजा की। साथ ही बच्चों ने रंग-बिरंगे पटाखें जलाकर दीपावली का आनंद लिया।

### करेंट लगने से दो गायों की हुई मौत

**बेड़ो।** बेड़ो प्रखंड के तुतलो पंचायत अंतर्गत दरशिला गांव निवासी जहीर अंसारी पिता अली अंसारी का दो दुधारू गाय की बिजली करंट लगने से दर्दनाक मौत हो गई। घटना सोमवार की सुबह करीब 9:00 बजे के आसपास की है जहां गाय की करेंट लगने से मौत हो गई। घटना के बाद पीड़ित जहीर अंसारी ने बताया कि वे अपनी दोनों गायों को चराने के लिए चापाडीह स्थित पहाड़ के समीप ले जा रहे थे। इसी दौरान खेत में पहले से गिरे हुए बिजली प्रभावित तार की चपेट में आने से दोनों गायों की मौत हो गई। जहां घटना की जानकारी मिलते ही पंचायत की मुखिया गंगी कुमारी ने घटनास्थल पर पहुंचकर घटना की जानकारी ली और पीड़ित परिवार से मिली। इधर दो दुधारू गायों की आकस्मिक मौत हो जाने से किसान काफी दुःखी है। वहीं पीडित जहीर अंसारी ने प्रशासन से आपदा प्रबंधन के तहत मुआवजे की मांग किया है।

### महिला से पर्स छीनते हुए पुलिस ने एक को किया गिरफ्तार

**रांची।** धुर्वा थाने की पुलिस ने महिला से पर्स छीनने का प्रयास करने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी का नाम मुकेश कुमार है और वह जगन्नाथपुर पटेल नगर रोड नंबर छह का रहने वाला है। धुर्वा के रहने वाले नीलेश मुकुंद रविवार का सवा पांच बजे पत्नी नूतन कुमारी के साथ बसारगढ़ जा रहे थे। इसी बीच धुर्वा गोलचक्कर के पास बाइक सवार व्यक्ति ने उनका पीछा किया। उनकी पत्नी के हाथ से पर्स छीनने का प्रयास किया। छीना-झपटी के दौरान उनकी पत्नी और आरोपी दोनों ही सड़क पर गिर गए। स्थानीय लोगों की मदद से आरोपी को लोगों ने पकड़ लिया। इस घटना में उनकी पत्नी को गंभीर चोट लगी। वहीं आरोपी भी सड़क पर गिरने से जख्मी हो गया। आरोपी को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। पूछताछ में आरोपी ने पुलिस के समक्ष अपना जुर्म स्वीकार किया है।

### हिंदपीढ़ी में लगी आग, मची अफरा-तफरी

**रांची।** रांची के हिंदपीढ़ी थाना क्षेत्र के बंशी चौक के पास एक घर में भीषण आग लग गई। अगलगी से वहां अफरा-तफरी मच गयी है। आग लगने की सूचना मिलते ही घटनास्थल पर अग्निशमन विभाग की गाड़ी मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाने में जुटी हुई है। आग कैसे लगी लगी है, अबतक यह पता नहीं चल पाया है। खबर लिखे जाने तक आग पर काबू करने का प्रयास किया जा रहा है। थाना प्रभारी विनय ने बताया कि आग लगी है। बुझाने का प्रयास किया जा रहा है।

### दहेज हत्या को लेकर पति, ससुर सहित पांच के खिलाफ एफआईआर दर्ज

**रांची।** रांची के खेलगांव थाने में पति, ससुर सहित पांच लोगों के खिलाफ दहेज हत्या को लेकर एफआईआर दर्ज करायी गयी है। इस संबंध में बिहार के औरंगाबाद के दाउदनगर निवासी मृतका प्रीति कुमारी के पिता उपेन्द्र सिंह ने सोमवार को थाने में एफआईआर दर्ज कराया है। दर्ज एफआईआर के अनुसार दहेज को लेकर प्रताड़ित कर हत्या करने का आरोप पति गौतम कुमार, ससुर जनार्दन सिंह, देवर गोविंद कुमार, देवरानी सुनीता देवी तथा गौतम की बहन आनंदी कुमारी के खिलाफ दहेज हत्या का आरोप लगाया गया है। मृतका के पिता उपेन्द्र सिंह ने बताया कि मेरी पुत्री प्रीति कुमारी का विवाह गौतम कुमार से खेलगांव के सूर्यनगर में तीन वर्ष पूर्व हुआ था। जबसे विवाह हुआ था, तब से ही दहेज एवं अन्य आपसी मामले में कभी पति, ससुर, देवर, देवरानी, पति की बहन मिल कर मेरी बेटी प्रीति के साथ गाली-गलौज, मारपीट, खाना न देना, घर में बंद कर देना जैसे घटना को अंजाम देते थे। सभी मिल कर आये दिन उसके साथ मारपीट करते रहते थे।

## सत्ता में आने के लिए बेचैन हैं बाबूलाल मरांडी : विनोद पांडेय

**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के बयान पर झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो)के महासचिव सह प्रवक्ता विनोद पांडेय ने कड़ा प्रहार किया है। विनोद पांडेय ने कहा कि बाबूलाल मरांडी आखिर बेचैन क्यों हैं? ऐसा लग रहा है कि वे सत्ता में नहीं रहने की बौखलाहट में अनर्गल प्रलाप कर रहे हैं। वे किस आधार पर ईडी की कार्रवाई नहीं होने पर कानून पर से विश्वास उठने की बात कर रहे हैं? झामुमो को भारतीय संविधान पर पूरा विश्वास और भरोसा है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को जब राजनीतिक कारणों से प्रताड़ित करने की कोशिश की गई तो वे कानून की शरण में गए। अब उसी मुताबिक फैसले पर वे आगे बढ़ेंगे, लेकिन बाबूलाल मरांडी जैसे नेता अब जबरदस्ती केंद्रीय एजेंसियों पर दबाव बनाने में लगे हैं। यह इनकी हताशा को दर्शाता है। झारखंड में भाजपा जब जनता की अदालत में बुरी तरह हार गई तो हथकंडे अपनाकर सत्ता में वापसी का सपना देख रही है। जिन राज्यों में भाजपा की सरकार नहीं है, वहां के नेता बेचैन हैं। ऐसे राज्यों में सरकार को अस्थिर करने के लिए सारे हथकंडे अपनाए जा रहे हैं। पांडेय ने सोमवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि भाजपा झूठ को सौ बार बोलकर सच में बदलने की कोशिश करती है। इसी सोच के तहत बार-बार भाजपा अलग झारखंड राज्य का श्रेय लेती है। पूरी दुनिया जानती है कि यह राज्य झामुमो के प्रमुख दिशोम गुरु शिबू सोरेन के लंबे संघर्ष और सैकड़ों शहीदों की देन है।

### मां काली की प्रतिमा स्थापित कर की गई भव्य पूजा-अर्चना

## शोभायात्रा के साथ आज होगा प्रतिमा विसर्जन

**नवीन मेल संवाददाता। बेड़ो**

श्री श्री काली पूजा समिति जामटोली रोड बेड़ो के तत्वावधान में विगत रविवार को दीपावली की मध्यरात्रि पूजा के साथ मां काली की तीन दिवसीय पूजा प्रारंभ की गई। जिसके निमित मुख्य पुजारी के द्वारा रात में पूरे विधि विधान से अक्षय घोषाल पुजारी द्वारा पूजा अर्चना कराई गई। माँ काली की पूजा के शुभ अवसर पर सोमवार की संध्या को मां काली का भव्य महाआरती किया गया जिसमें भारी संख्या में भक्तगण व श्रद्धालु शामिल हुए। जबकि मंगलवार को शोभायात्रा निकालते हुए मां काली की प्रतिमा का विसर्जन किया जाएगा। वहीं मनोरंजन देवघरिया के द्वारा निजी घर में अर्णव बनर्जी ने पूरे विधि विधान के साथ मां काली की पूजा की गई। जबकि रानी बगान में भव्य पंडाल बनाकर मां काली की पूजा मध्य रात्रि में किया गया। काली पूजा के सफल आयोजन में आकाश



रक्षित, नितेश देवघरिया, अंकित सोनी, शिवेन्द्र सौरभ, साधन कुमार रॉय, विश्वजीत शर्मा , सौमित्र शर्मा, मुकेश कुमार रॉय, प्रशान्त कुमार दत्ता, रंजीत खत्री, एसपी साहू, बलराम देवघरिया, सत्यजीत शर्मा, प्रेम महतो, सरोज साहू, पंकज गुप्ता, रमेश साहू, रोहन सेठ, विजय सहाय के विवेक देवघरिया अहम योगदान दिया। इसके अलावा नरकोपी में पांडे वीरेंद्र नाथ राय पिता पांडे सुरेंद्रनाथ राय के द्वारा मां काली की प्रतिमा स्थापित कर पूजा अर्चना की गई। जिसमें मुख्य रूप से पांडे हेमांशु नाथ राय, पांडे प्रदीप नाथ राय, समेत जाऊल अंसारी, सेराज अंसारी, महिपाल सिंह के साथ-साथ काली पूजा के सफल आयोजन में नरकोपी थाना के थाना प्रभारी अभिजीत कुमार का सराहनीय योगदान रहा।

## झारखंड की शान है आशा किरण बारला : बाबूलाल मरांडी



**रांची।** भाजपा प्रदेश कार्यालय में सोमवार को झारखंड की शान आशा किरण बारला और कोच आशू भाटिया को सम्मानित किया गया। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने उनका स्वागत किया और बधाई दी। गुमला निवासी और बोकारो में प्रशिक्षण करने वाली आशा किरण बारला ने बीते दिनों 800 मीटर दौड़ में नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड समय 2:04.46 मिनट के साथ गोल्ड जीता था। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष मरांडी ने कहा कि आशा किरण बारला पर हम सभी झारखंड वासियों को गर्व है। आशा किरण बारला और कोच आशू भाटिया को बधाई। आशा किरण 800 मीटर दौड़ में अंडर 20 महिला में राष्ट्रीय रिकॉर्डधारी हैं।

# पीएम के दौरे में बदलाव कांग्रेस ने बताया भाजपा की कमजोरी

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**


नवंबर को जनजातीय गौरव दिवस पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी झारखंड के खूंटी जिले के उलिहातू में धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की जन्मस्थली पहुंचेंगे। अब तक के तय कार्यक्रम के अनुसार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 14 नवंबर की शाम ही रांची पहुंच जाएंगे। रांची के बिरसा मुंडा एयरपोर्ट से प्रधानमंत्री सड़क मार्ग से राजभवन जाएंगे, जहां उनका रात्रि विश्राम होगा। प्रधानमंत्री की यात्रा के दौरान सड़क की दोनों ओर भाजपा के नेता-कार्यकर्ता मौजूद रहेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पहले से तय कार्यक्रम से एक दिन पहले रांची आगमन और राजभवन में रात्रि विश्राम को लेकर झारखंड मुक्ति मोर्चा, कांग्रेस और राष्ट्रीय जनता दल ने प्रतिक्रिया दी है।

**इंडिया की मजबूती को भांप चुके हैं पीएमः** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम में बदलाव पर जेएमएम के केंद्रीय प्रवक्ता मनोज पांडेय ने कहा कि झारखंड भाजपा




की कमजोर स्थिति को देखते हुए प्रधानमंत्री को यह फैसला लेना पड़ा है। वहीं राजद प्रदेश उपाध्यक्ष अनिता यादव ने कहा कि महागठबंधन और इंडिया दलों की मजबूती को भांप चुके प्रधानमंत्री को हर जगह सड़क पर उतरना पड़ रहा है, लेकिन उसका कोई असर झारखंड की धरती पर नहीं दिखेगा। वहीं कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता डॉ एम तौसीफ ने कहा कि राज्य और देशभर में भाजपा की जो स्थिति बनी है उसमें पीएम मोदी की यात्रा राजनीतिक रूप से प्रभावहीन रहेगी।पीएम के तय कार्यक्रम में बदलाव को झारखंड भाजपा की कमजोरी बतायाः पीएम मोदी का जनजातीय गौरव दिवस से एक दिन पहले आने, रांची में सड़क मार्ग से राजभवन जाने और उस दौरान सड़क के दोनों किनारे पर खड़ा होकर भाजपा के कार्यकताओं द्वारा स्वागत करने के कार्यक्रम को प्रदेश भाजपा की कमजोरी करार देते हुए कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता ने कहा कि बाबूलाल के नेतृत्व वाली भाजपा चार खंडों में बंटी है। जिसको एक सूत्र में बांधने के लिए पीएम कोशिश कर रहे हैं। पीएम से राज्य की जनता को राजनीति नहीं, विकास में सहयोग की उम्मीद-झामुमोः झामुमो के केंद्रीय प्रवक्ता मनोज पांडेय ने पीएम मोदी के झारखंड दौरे में बदलाव पर कहा कि राज्य की जनता को पीएम के दौरे से ज्यादा इस बात पर ध्यान है कि राज्य के विकास की किन योजनाओं को रोका गया है, राज्य विधानसभा से पारित प्रस्ताव पर क्या रुख रहता है। झामुमो के केंद्रीय प्रवक्ता मनोज पांडेय ने कहा कि झारखंड की धरती से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरना धर्म कोड, झारखंड के बकाया 01 लाख 36 हजार करोड़ की राशि, ओबीसी आरक्षण, 32 खतियान आधारित स्थानीय नीति पर अपनी राय स्पष्ट करें तो राज्यवासियों को यह महसूस होगा कि प्रधानमंत्री राज्य और राज्यवासियों के हितों का ख्याल रखते हैं।

## जिस जगह बिरसा मुंडा ने ली थी अंतिम सांस उस स्थल को नमन करेंगे पीएम




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

अंग्रेजों के खिलाफ देश के लिए जंग लड़ने वाले भगवान बिरसा मुंडा ने जिस जेल में अंतिम सांसें लीं, उस स्थल को नमन करने के लिए देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी झारखंड स्थापना दिवस के मौके पर आएंगे। इसको लेकर बिरसा मुंडा संग्रहालय में व्यापक तैयारियां की जा रही हैं। 14 नवंबर को करीब 9 बजे रांची पहुंचने के बाद राजभवन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी विश्राम करेंगे। उसके बाद 15 नवंबर को सुबह खूंटी जाने से पहले बिरसा मुंडा संग्रहालय पर श्रद्धा सुमन अर्पित करने के लिए पहुंचेंगे। जानकारी के मुताबिक करीब 20 मिनट तक पुराने जेल कैंपस में रहने के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी श्रद्धा सुमन अर्पित करने के बाद पुरानी जेल के बैरक नंबर 4 को देखने आएंगे, जहां पर अंग्रेजों द्वारा बंदी बनाए जाने के बाद बिरसा मुंडा ने अंतिम सांसें ली थीं। पीएम के दौरे को लेकर तैयारी में जुटा प्रशासनः 14 नवंबर को रांची आगमन से लेकर 15 नवंबर को खूंटी दौरा तक चाक चौबंद व्यवस्था की जा रही है। 15 नवंबर को प्रधानमंत्री के बिरसा मुंडा म्यूजियम में होने वाले आगमन को लेकर सोमवार को यहां प्रशासनिक हलचल बनी रही।

## झारखंड में पीएम मोदी का दौरा एतिहासिक साबित होगा : धीरज

**नवीन मेल संवाददाता। सिल्ली**

भारतीय जनता पार्टी रांची ग्रामीण जिला उपाध्यक्ष विनय महतो धीरज ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का दौरा झारखंड के लिए ऐतिहासिक साबित होगा और इतिहास के सुनहरे पन्ने में दर्ज हो जाएगा। उन्होंने कहा कि धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा जी के जयंती पर पहली बार प्रधानमंत्री उन्हें श्रद्धांजलि देने आ रहे हैं। बता दें कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत सरकार के केंद्रीय मंत्रीमंडल द्वारा धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की जयंती को जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनाने का निर्णय 10 नवंबर 2021 को लिया था।आदिवासी स्वतंत्रता सेनानियों के योगदान को याद करने के लिए उत्सव के रूप में हमेशा याद किया जाएगा। यह झारखंड के लिए गौरव की बात है।प्रधानमंत्री मोदी जनजातीय गौरव दिवस के कार्यक्रम में भाग लेने के लिए झारखंड आ रहे हैं। मंगलवार 14 नवंबर की रात को ही रांची पहुंच रहे हैं । पीएम मोदी बिरसा मुंडा एयरपोर्ट से राजभवन तक जाएंगे। इस दौरान राजधानीवासी घरों में दीपक एवं मोबाइल का टार्च जलाकर स्वागत करेंगे । श्री महतो ने कहा कि हम सबके लिए गौरव का



क्षण है, जब भगवान बिरसा मुंडा की जयंती पर प्रधानमंत्री झारखंड आ रहे हैं। अभी दीपावली का पर्व चल रहा है ऐसे समय में प्रधानमंत्री का आना हम सभी के लिए अविस्मरणीय पल होगा। प्रधानमंत्री मोदी को सुनने के लिए सिल्ली विधानसभा पांचो मंडलों से सैकड़ों की संख्या में लोग शामिल होंगे। जिसका प्रभारी भाजपा ग्रामीण उपाध्यक्ष विनय महतो धीरज को दिया गया है। वहीं सिल्ली मंडल के लिए विनोद कुमार साहू, गुलाब सिंह,राहे मंडल के लिए चितरंजन महतो, लक्ष्मण महतो, सोनाहातू मंडल के लिए दिलेश्वर कोईरी, पतराहातू मंडल के लिए सृष्टिधर प्रजापति, वीणा देवी एवं बारेंदा मंडल के मनोज महतो को प्रभारी बनाया गया है।

### माकपा नेता बासुदेव के निधन पर राज्य सचिव ने शोक व्यक्त किया

**रांची।** माकपा के राज्य सचिव प्रकाश विप्लव ने पार्टी नेता बासुदेव आचार्य के निधन पर गहरा शोक प्रकट व्यक्त किया है। साथ ही श्रद्धांजलि अर्पित की है। उन्होंने सोमवार को कहा कि बासुदेव आचार्य माकपा के पूर्व केंद्रीय कमिटी सदस्य, आल इंडिया कोल वर्कर्स फेडरेशन के अध्यक्ष और सीटू के पूर्व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रह चुके है। वे पिछले एक महीने से बीमार चल रहे थे और हैदराबाद में इलाज के दौरान सोमवार को उनका निधन हो गया। बासुदेव आचार्य नौ बार लोकसभा के सांसद थे। रेलवे और कृषि मंत्रालय की संसदीय स्टैंडिंग कमिटी के चेयरमैन के रुप में उन्होंने रेलवे कर्मचारियों और किसानों के हितों के लिए अथक परिश्रम कर उनका सशक्तिकरण करने का काम किया भी किया था। वह एक अत्यंत सरल और मिलनसार व्यक्तित्व के नेता थे। अखिल भारतीय कोल वर्कर्स फेडरेशन के अध्यक्ष के रूप में वे कोयला कामगारों के हितों की रक्षा के लिए सदा तत्पर रहते थे।

## राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा प्रदेश में 52% हिस्सेदारी को लेकर रथ यात्रा निकालेगी

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा प्रदेश में 52% हिस्सेदारी को लेकर रथ यात्रा निकलेगी जो राज्य के सभी 243 प्रखंड मुख्यालय में पहुंचेगी। राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता संथाल परगना के दौरे के क्रम में सोमवार को साहिबगंज के हिल व्यू होटल में एक प्रेस वार्ता में उपरोक्त बातें कही। श्री गुप्ता ने बताया की राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा जातीय जनगणना और ओबीसी की 52% हिस्सेदारी के लिए लगातार आंदोलन किया है जिसका परिणाम है की राष्ट्रीय स्तर पर ओबीसी की 52% हिस्सेदारी की चर्चा हो रही है। राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा अपने ओबीसी समुदाय को जागृत करने के लिए हिस्सेदारी रथ यात्रा में ओबीसी की हिस्सेदारी कहां-कहां और कैसे हो उसको रेखांकित किया है। ओबीसी समुदाय को उसके जनसंख्या



अनुपात में समस्त आर्थिक गतिविधियों यथा सेना के उच्च पदों, सड़क भवन निर्माण के ठेकों, सप्लाई, डीलरशिप, माइनिंग, उत्पाद, विभाग, आउटसोर्सिंग जॉब, परिवहन, पार्किंग, मीडिया, यूनिवर्सिटी, लोकसभा, विधानसभा, विधान परिषद इत्यादि में हिस्सा मिले तब ही ओबीसी को मुकम्मल सामाजिक न्याय मिल पाएगा एवं उनके मानव संसाधन का देश हित में समुचित इस्तेमाल हो पाएगा। ऐसा करने से ही आर्थिक और सामाजिक विषमता का खत्म होगा और देश मजबूत बनेगा। प्रेसवार्ता में प्रदेश महासचिव आर के कुशवाहा,प्रदेश संगठन सचिव जयप्रकाश वर्मा, जिला अध्यक्ष रणधीर चौरसिया, समाजसेवी सिद्धेश्वर मंडल, मोती सरकार, नरेश निसाद, सुरेश साहा, अरबिंद गुप्ता आदि मौजूद थे।

### 119वां निःशुल्क श्री कृष्ण प्रणामी अन्नापूर्णा भंडारे के प्रसाद का हुआ वितरण

## प्रसाद पाने के लिए मंदिर श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

श्री कृष्ण प्रणामी परिवार के सौजन्य से धनतेरस, छोटी दीपावली, दीपावली, गोवर्धन पूजा एवं सोमवती अमावस्या के सुअवसर पर 119 वां निःशुल्क श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भंडारे में 1300 से अधिक श्रद्धालुओ ने श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। परमहंस संत शिरोमणी श्री स्वामी सदानंद जी महाराज के द्वारा संचालित रांची की सुप्रसिद्ध समाजिक एव धार्मिक संस्था एमआरएस श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट एवं स्वामी सदानंद प्रणामी चैरिटेबल ट्रस्ट (रजि) दिल्ली शाखा रांची शहर की जानी मानी समाजिक संस्था है। गुरू महाराज के जनसेवा को समर्पित जीवन के स्वर्णिम 51 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में रांची शहर के पुंदाग स्थित संस्था के निमार्णाधीन श्री कृष्ण प्रणामी मंदिर (मंगल राधिका




सदानंद सेवाधाम आश्रम) के प्रांगण में संस्था के सदस्यों एव उनके परिवार के सौजन्य से अपने-अपने पूर्वजों की स्मृति श्री कृष्ण प्रणामी संस्था के सह-संरक्षक बिजय जालान उपाध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद अग्रवाल, ओमप्रकाश सरावगी के द्वारा वहां के जरूरतमंद ग्रामीणों एवं मंदिर के आस-पास के रहने वाले श्रद्धालुओं ने मंदिर परिसर मे आये हुए भक्त प्रेमीयो, राहगीरों एवं बच्चों के बीच धनतेरस, छोटी दीपावली,रूप चौदस एव दीपावली के सुअवसर पर 119 वें निःशुल्क श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भंडारे के प्रसाद का विधिवत उद्घाटन कर वितरण कार्य शुरू किया। आज संस्था के सदस्यों ने श्री राज श्यामा जी (राधा-कृष्ण) एवं गुरू महाराज की फोटो पर चंदन वंदन कर वहा उपस्थित महिला और पुरूष श्रद्धालुओं को चंदन टिका कर के भजन संकीर्तन कर मंदिर में उपस्थित ब्राह्मणों को भोजन कराकर आज की 119 वें श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भंडारे के प्रसाद का वितरण शुरू किया। आज के भंडारे में संस्था ने पुड़ी,भेजिटेबल पुलाव,आलु टमाटर की सब्जी,एवं केसरिया खीर का वितरण किया। सोमवार को सुबह से ही भंडारे का प्रसाद ग्रहण करने के लिए श्रद्धालुओं के उत्साह बना हुआ था दिपावली एव गोवर्धन पूजा पर्व को लेकर उत्साह में श्रद्धालुओं में कोई कमी नहीं थी। दोपहर 12 बजे से ही मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं का प्रसाद ग्रहण करने के लिए आना शुरू हो गया था। आज भी लगभग 1300 से ज्यादा श्रद्धालुओं, राहगीरों एवं जरूरतमंदों ने श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भोजन भंडारे के प्रसाद में पुड़ी, भेजिटेबल पुलाव, आलु टमाटर की सब्जी एवं केशरिया खीर का वितरण कर सेवा की गई।

### अयोध्या की तर्ज पर रांची में भी मनी दिवाली

## राजधानी में भगवान श्रीराम का नाम लिख लोगों ने जलाए 7121 दीपक

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

भगवान श्रीराम की नगरी अयोध्या की तर्ज पर रांची में भी लोगों ने दिवाली के मौके पर एक साथ हजारों दीपक जलाकर रिकॉर्ड बनाया है। दिवाली के अवसर पर रांची के एक सोसाइटी में 7121 दीपक जलाकर दीपोत्सव मनाया गया। रंग-बिरंगे बिजली के बल्बों के बीच भगवान श्री राम का नाम लिखे पारंपरिक दीपक ने रांची के इस परिसर को अयोध्या नगरी जैसा बना दिया। इस दौरान खास बात यह रही कि इन दीयों में प्रदूषण रहित तेल का इस्तेमाल किया गया ताकि किसी भी तरह का पर्यावरण प्रदूषण न हो। इस सोसाइटी के परिसर में पहले से स्थापित भगवान श्रीराम का भव्य मंदिर यहां आने वाले लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र बना रहा और हर कोई यही कह रहा था कि




ऐसा लग रहा है मानो अयोध्या नगरी रांची में आ गई हो।गौरतलब है कि यहां के लोगों ने भी इसे अयोध्या में मनाए जाने वाले महादीपोत्सव की तर्ज पर मनाने का फैसला किया। स्थानीय प्रदीप वर्मा का कहना है कि पहली बार इतने भव्य तरीके से भगवान श्री राम का नाम लिखकर और एक साथ इतनी बड़ी संख्या में दीप जलाकर ऐसा आयोजन किया गया है, जो भगवान राम के प्रति हमारी आस्था को प्रमाणित करता है। गौरतलब है कि राम की नगरी अयोध्या में लोगों ने दीपोत्सव के दौरान एक साथ 24 लाख से ज्यादा दीपक जलाकर रिकॉर्ड बनाया है।

**श्रीराम मंदिर के उद्घाटन का इंतजारः** दीपोत्सव के बाद अब भक्तों को भगवान श्रीराम के नवनिर्मित भव्य मंदिर के उद्घाटन का इंतजार है। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 22 जनवरी को अयोध्या श्रीराम मंदिर का उद्घाटन करने जा रहे हैं। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अयोध्या में श्रीराम मंदिर के प्रतिष्ठा समारोह में शामिल होंगे।

## गागर में सागर

### कांग्रेस सांसद गीता कोड़ा मिलीं राज्यपाल से, स्थायी कुलपति की मांग



**रांची।** प्रदेश कांग्रेस की कार्यकारी अध्यक्ष और चाईबासा की सांसद गीता कोड़ा सोमवार को राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन से मिलीं और मांग पत्र सौंपा। उन्होंने राज्यपाल से कोल्हान विश्वविद्यालय में स्थायी कुलपति नियुक्ति की मांग की। उन्होंने कहा कि कोल्हान विश्वविद्यालय चाईबासा में कुलपति, प्रति कुलपति सहित अन्य पदों पर स्थायी पदाधिकारियों की नियुक्ति जरूरी है। राज्यपाल ने उनकी मांगों पर विचार करते हुए आश्वस्त किया की जल्द ही स्थायी कुलपति की नियुक्ति की जाएगी। मालूम हो कि कोल्हान विश्वविद्यालय के कुलपति और प्रति कुलपति का पद पिछले मई और जून 2023 से ही रिक्त है। फिलहाल कुलपति के प्रभार में कोल्हान आयुक्त हैं। ऐसी स्थिति में इस विश्वविद्यालय के 54 डिग्री कॉलेजों में अध्ययनरत 80000 विद्यार्थियों को विभिन्न प्रकार की समस्याओं का सामना करना पड़ता है।

### सुबह तालाब से युवक का शव बरामद जांच में जुटी पुलिस



**रांची।** रांची के जगन्नाथपुर थाना क्षेत्र के योगदा कॉलेज के पास स्थित तालाब से सोमवार सुबह एक युवक का शव पुलिस ने बरामद किया है। युवक की शिनाख्त जगन्नाथपुर थाना क्षेत्र न्यू कॉलोनी का रहने वाला अभय बांडो रूप में की गई है। सोमवार की सुबह स्थानीय लोगों ने तालाब में एक युवक का शव देखा। इसके बाद इसकी सूचना पुलिस को दी। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों के सहयोग से शव को पानी से बाहर निकाल कर पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया। थाना प्रभारी ने बताया कि युवक मानसिक रूप से विक्षिप्त था और तालाब में डूबने से उसकी मौत हुई है। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है। यहां पुलिस का कहना है कि अभी इस संबंध में कुछ भी नहीं कहा जा सकता है। जांच के बाद भी अगर कुछ मामला निकलकर आयेगा तो बताया जा सकता है। फिलहाल अभी कुछ भी नहीं है।

## पीएम मोदी के आगमन को लेकर सांसद ने जनता से की अपील

# प्रधानमंत्री के ऐतिहासिक स्वागत में मनाएं दीपावली

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रांची आगमन को लेकर सांसद संजय सेठ ने रांची की जनता से प्रधानमंत्री का ऐतिहासिक स्वागत करने की अपील की है। सांसद श्री सेठ ने कहा कि यह हम सबके लिए गौरवशाली क्षण है, जब भगवान बिरसा मुंडा की जयंती पर हमारे जनप्रिय प्रधानमंत्री झारखंड आ रहे हैं। अभी त्योहारों का मौसम चल रहा है। दीपावली से लेकर छठ तक हम कई त्यौहार मनाते हैं। त्योहारों के इस मौसम में प्रधानमंत्री का झारखंड आगमन हम सबके लिए अविस्मरणीय पल होगा। सांसद श्री सेठ ने रांची की जनता से अपील की है कि प्रधानमंत्री भगवान बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पर रात्रि 8:00 बजे उतरेंगे। वहां से राजभवन के लिए प्रस्थान करेंगे। इस दौरान हीनू चौक, बिरसा चौक, डीपीएस चौक, अरगोड़ा चौक, हरमू चौक, सहजानंद चौक, रातू रोड चौक होते हुए प्रधानमंत्री राजभवन जाएंगे। मेरी शहरवासियों से अपील है कि प्रधानमंत्री के स्वागत के



लिए अपने-अपने घरों के बाहर रंगोली बनाएं। सड़कों पर रंगोली बनाएं। अपने-अपने घरों की छत पर, सड़क के दोनों किनारे खड़े होकर मोबाइल का टॉर्च लाइट जलाकर प्रधानमंत्री को जोहार कहें। उन पर पुष्प वर्षा करें। सांसद ने कहा कि अभी हमने दीपावली मनाई है। 15 नवंबर को भगवान बिरसा मुंडा की जयंती और झारखंड राज्य स्थापना दिवस पर भी दीपावली मनाएंगे। एक दीपावली हम सब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वागत

### अपने छतों और सड़कों के किनारे से मोबाइल टॉर्च जलाकर कहें जोहार

के लिए भी मनाएं। प्रधानमंत्री का ऐसा ऐतिहासिक स्वागत करें कि यह हम सबके लिए भी गौरव की बात हो जाए। सांसद ने शहरवासियों से यह भी अपील की कि हम झारखंड की संस्कृति के साथ लोक नृत्य के साथ भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का स्वागत करें। जब से नेन्द्र मोदी की सरकार बनी है गरीब, दलितों व पिछड़ों के लिए बहंत कुछ किया गया है। आज जितनी भी योजनाएं है वह नरेन्द्र मोदी के कार्यकाल में ही दी गयी है, चाहे उज्ज्वला योजना हो या फिर लक्ष्मी लाडली योजना हो यह सब गरीबों के लिए किया गया है। आज देश की जनता पीएम मोदी को विकास पुरुष के रूप में देख रही है। देश की जनता का कहना है कि अगर विकास की कड़ी जुटेगी तो मोदी से ही जुटेगी।

### प्रधानमंत्री के दौरे को लेकर नगर निगम ने चलाया विशेष सफाई अभियान

रांची। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी झारखंड के दो दिवसीय दौरे को लेकर रांची नगर निगम की ओर से सोमवार को विशेष सफाई अभियान चलाया गया। सोमवार को इसी क्रम में पेड़ों की छटाई, प्रकाश की उचित व्यवस्था, पोल और दीवारों का रंग-रोगण, चौक-चौराहों का रंग-रोगण, खुली नालियों पर स्लैब की व्यवस्था, ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव सहित अन्य कार्य किया गया। इसे लेकर निगम के प्रशासक अमीत कुमार ने एयरपोर्ट रोड, हिनू चौक, बिरसा चौक, बाईपास रोड, हरमू रोड होते हुए न्यू मार्केट चौक और राज भवन के साथ-साथ अन्य मुख्य पथों की साफ-सफाई तथा अन्य व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। इस दौरान प्रशासक ने निर्देश दिया कि सभी पथों की 24 घंटे लगातार पूर्ण सफाई सुनिश्चित करें। साथ ही बिरसा चौक पर भगवान बिरसा मुंडा की मूर्ति की सफाई और शेष बचे कार्यों को जल्द से जल्द पूर्ण करने का भी निर्देश दिये। उन्होंने इंफोर्समेंट शाखा के पदाधिकारियों को नो वेंडिंग जोन में खड़े दुकानों को हटवाने और सड़क किनारे लगातार अतिक्रमण करने वालो पर कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

## दिवाली की रात ट्रक और बस जलकर स्वाहा

# पटाखों से आग लगने की आशंका

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
राजधानी के धुर्वा थाना क्षेत्र में दिवाली की रात एक बड़ा हादसा सामने आया है। धुर्वा के प्रभात तारा मैदान में बस और ट्रक में अचानक आग लग गयी। इससे पहले कि लोग कुछ समझ पाते आग की लपटें तेजी से फैल गईं और बसें और ट्रक जलकर नष्ट हो गए। फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची लेकिन तब तक काफी नुकसान हो चुका था। रांची के धुर्वा थाना क्षेत्र के प्रभात तारा मैदान में रात में कई स्कूल बसें और अन्य वाहन पार्क किए जाते हैं। दिवाली की रात करीब दो बजे प्रभात तारा मैदान में खड़े ट्रक और बस से अचानक आग की लपटें निकलने लगीं। बस और ट्रक में आग देखकर कुछ लोगों ने शोर मचाया और आसपास के लोग इकट्ठा हो गए और पहले खुद ही आग पर काबू पाने की कोशिश की। बाद में मामले की जानकारी धुर्वा थाने



और अग्निशमन विभाग को भी दी गयी। फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंची भी लेकिन तब तक बस ट्रक को काफी नुकसान हो चुका था। आशंका जताई जा रही है कि आतिशबाजी के कारण बस और ट्रक में आग लग गई। देर रात तक कई लोग मैदान के आसपास आतिशबाजी कर रहे थे। हालांकि अभी तक आग लगने की ठोस वजह सामने नहीं आई है, लेकिन पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

### माकपा नेता बासुदेव के निधन पर राज्य सचिव ने शोक व्यक्त किया

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
माकपा के राज्य सचिव प्रकाश विप्लव ने पार्टी नेता बासुदेव आचार्य के निधन पर गहरा शोक प्रकट व्यक्त किया है। साथ ही श्रद्धांजलि अर्पित की है। उन्होंने



सोमवार को कहा कि बासुदेव आचार्य माकपा के पूर्व केंद्रीय कमिटी सदस्य, आल इंडिया कोल वर्कर्स फेडरेशन के अध्यक्ष और सीटू के पूर्व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रह चुके है। वे पिछले एक महीने से बीमार चल रहे थे और हैदराबाद में इलाज के दौरान सोमवार को उनका निधन हो गया। बासुदेव आचार्य नौ बार लोकसभा के सांसद थे। रेलवे और कृषि मंत्रालय की संसदीय स्टैंडिंग कमिटी के चेयरमैन के रुप में उन्होंने रेलवे कर्मचारियों और किसानों के हितों के लिए अथक परिश्रम कर उनका सशक्तिकरण करने का काम किया भी किया था। वह एक अत्यंत सरल और मिलनसार व्यक्तित्व के नेता थे। अखिल भारतीय कोल वर्कर्स फेडरेशन के अध्यक्ष के रूप में वे कोयला कामगारों के हितों की रक्षा के लिए सदा तत्पर रहते थे।

## झारखंड राज्य के उत्सव में प्रधानमंत्री का आना राज्य का सौभाग्य, बाबूलाल ने कहा

# राज्य के लिए आज ऐतिहासिक दिन

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
भाजपा प्रदेश कार्यालय में सोमवार को प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी की अध्यक्षता में भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दो दिवसीय झारखंड दौरे पर स्वागत से संबंधित तैयारी को लेकर बैठक संपन्न हुई, जिसमें क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्र त्रिपाठी प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह, निवर्तमान प्रदेश अध्यक्ष सांसद दीपक प्रकाश, प्रदेश महामंत्री एवं सांसद आदित्य साहू, डॉ प्रदीप वर्मा, बालमुकुंद सहाय, सांसद संजय सेठ, विधायक सीपी सिंह, नवीन जायसवाल, समरी लाल सहित रांची महानगर एवं रांची ग्रामीण जिला में निवास करने वाले प्रदेश पदाधिकारी, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य, जिला पदाधिकारी, जिला एवम मंडलों के अध्यक्ष, महामंत्री, मोर्चों के अध्यक्ष, महामंत्री शामिल हुए। बैठक को संबोधित करते हुए

### भैया दूज के दिन दिल्ली से चलकर मोदी आ रहे झारखंड के भाई बहनों से मिलने : कर्मवीर सिंह

मोदी के आगमन को लेकर बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने कहा कि झारखंड में उत्सव का वातावरण है। सोहराई,भाईदूज जैसे सांस्कृतिक उत्सव के साथ भगवान बिरसा जयंती,राज्य स्थापना दिवस और जनजाति गौरव दिवस का सुखद संयोग है। कहा कि ऐसे में विश्व के सर्वमान्य नेता, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी झारखंड आ रहे। उत्सवों में जनता के बीच रहना उनका स्वभाव है। उन्होंने अपना व्यस्ततम समय झारखंड को दिया यह सुखद है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री जी सरकारी दौरे पर रांची खूंटी और उलिहातु आ रहे लेकिन पार्टी के नेता को भाजपा कार्यकर्ताओं के द्वारा भी भव्य स्वागत हो इसके लिए भगवान बिरसा मुंडा एयरपोर्ट से राजभवन तक कुल 10स्थानों पर कार्यकर्ताओं के द्वारा स्वागत किए जायेंगे।

प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने कहा कि झारखंड के लिए 15 नवंबर स्वर्णिम दिवस है। यह धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा का जन्मदिन है, झारखंड का जन्मदिन है और राष्ट्रीय जनजाति गौरव दिवस है। उन्होंने कहा कि 15 नवंबर को एक साथ कई त्योहार हैं और इस त्योहार को झारखंड वासियों और खासकर जनजाति भाई बहनों के साथ उत्सव मनाने प्रधानमंत्री आ रहे हैं। यह झारखंड वासियों केलिए सौभाग्य की बात है। उन्होंने बैठक में उपस्थित कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि इस ऐतिहासिक अवसर पर हमसब प्रधानमंत्री जी के भव्य स्वागत केलिए जोर शोर से तैयारी में जुट जाएं। इस संबंध में विस्तृत जानकारी देते हुए उन्होंने कहा कि सर्वप्रथम एयरपोर्ट से बाहर कपूर्री ठाकुर चौक हीनू में हीनू, हिंदपीढ़ी ,डोरंडा और नामकुम मंडल के कार्यकर्ता स्वागत करेंगे । इस स्थल के प्रभारी प्रदेश महामंत्री डॉ प्रदीप वर्मा हैं। बिरसा चौक के प्रभारी विधायक नवीन जायसवाल हैं जिनके साथ हटिया,धुर्वा, जगन्नाथपुर, मंडल के कार्यकर्ता स्वागत करेंगे। अरगोड़ा चौक पर सांसद संजय सेठ के साथ पंडरा और अरगोड़ा मंडल के कार्यकर्ता स्वागत करेंगे। भाजपा प्रदेश कार्यालय के पास महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष आरती कुजूर के साथ महिला मोर्चा की बहने स्वागत करेंगी। हरमू चौक पर प्रदेश महामंत्री एवं सांसद आदित्य साहू के साथ हरमू मंडल और प्रदेश स्तरीय कार्यकर्ता स्वागत करेंगे। सहजानंद चौक पर प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव एवं संदीप वर्मा के साथ चुटिया मंडल के कार्यकर्ता स्वागत करेंगे। किशोरगंज चौक पर विधायक सीपी सिंह के साथ किशोरगंज और पहाड़ी मंदिर के कार्यकर्ता स्वागत करेंगे। रातू रोड चौराहे पर सुखदेव नगर मंडल के कार्यकर्ता प्रदेश महामंत्री बालमुकुंद सहाय के साथ स्वागत करेंगे। एलपीएन शाहदेव चौक पर विधायक समरी लाल के साथ गोंदा और कांके मंडल के कार्यकर्ता स्वागत करेंगे। मछलीघर के पास रणधीर वर्मा तिराहा पर निवर्तमान उप महापौर संजीव विजयवर्गीय के साथ अपर बाजार, लालपुर, कोकर, लोवर बाजार और बरियातू मंडल के कार्यकर्ता स्वागत करेंगे। उन्होंने कहा कि सभी स्थानों पर राज्य की सांस्कृतिक पहचान नृत्य संगीत मंडली के साथ प्रधानमंत्री का स्वागत होगा।

## मोरहाबादी स्थित मंदिर में विधि विधान के साथ मां काली की हुई पूजा

# तंत्र विधि से काली पूजा करने से साधक की शक्ति जागृत होती है : चंदन पांडे

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
रविवार की रात्रि में मंदिर के पुजारी चंदन पांडे के द्वारा विधि विधान के साथ मां काली की आरती की गई। मां काली के दरबार को चुनरी से सजाया गया है। मंदिर के पुजारी चंदन पांडे मंदिर में मौजुद भक्तों को माँ काली की पूजा के रहस्यो के बारे में बताया गया। अमतौर पर सभी जानते हैं कि दीपावली के दिन देवी मां लक्ष्मी की पूजा की जाती है। लेकिन दिवाली का त्योहार भी एक रहस्य है, मंदिर के पुजारी चंदन पांडे और विकास पांडे ने बताया कि दीपावली वर्ष की सबसे अंधेरी रात यानी कार्तिक अमावस्या को पड़ती है। ये दिन देवी दुर्गा कि तांत्रिक शक्ति का प्राकट्य का है। इस दिन खासतौर पर महाकाली, तारा और भुनेश्वरी का जन्म हुआ, जिन्होनें राक्षसों का अंत करने के



लिए भयंकर विकराल स्वरूप लिया। संसार में अंधकार को हरने के लिए इन्हें भी तामसिक अवतार लेने पड़े। इसलिए दिवाली पर महानिशीथ काल में देवी काली की पूजा का विधान है। रहस्य यह है कि असल में दिवाली पर देवी लक्ष्मी की पूजा से अधिक देवी काली की पूजा का दिन है। दिवाली के दिन सिर्फ महालक्ष्मी ही नहीं, बल्कि काली पूजा का भी विधान है। कार्तिक चतुर्दर्शी अमावस्या की मध्यरात्रि में मां काली की पूजा की जाती है। दुष्टो का संहार करने वाली मां काली की आराधना से जीवन के सारे कष्टों से मुक्ति मिलती है मन के भय दूर होते हैं राहु केतु जैसे ग्रह से शांति और शत्रु का नाश होता है। मां काली दस महाविद्याओं की महादेवी हैं। अंत में मंदिर के पुजारी चंदन पांडे ने बताया कि मध्यरात्रि में वैदिक और तंत्र विधि से काली पूजा करने से साधक की शक्ति जागृत होती है।

# प्रधानमंत्री के दौरे को लेकर रांची ट्रैफिक व्यवस्था में हुआ बदलाव

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मंगलवार को दो दिवसीय दौरे पर रांची पहुंचेंगे। इसे लेकर ट्रैफिक व्यवस्था में बदलाव किये गये हैं। ट्रैफिक एसपी कुमार गौरव ने सोमवार को बताया कि प्रधानमंत्री के दौरे को लेकर मंगलवार रात आठ बजे से रात 10:30 बजे तक कुछ मार्ग पर पाबंदी लगायी गयी है। प्रधानमंत्री बिरसा मुंडा एयरपोर्ट, हिनू चौक, बिरसा चौक, सेटेलाइट चौक, अरगोड़ा चौक, ,बिरसा चौक, सेटेलाइट चौक, अरगोड़ा चौक, न्यू मार्केट चौक होते हुए राजभवन जायेंगे। इस दौरान इन सड़कों पर दूसरे वाहनों के चलने पर पाबंदी रहेगी। उन्होंने बताया कि 15 नवम्बर को कारकेड के दौरान राजभवन से रणधीर वर्मा चौक, एसएसपी आवास चौक, कचहरी चौक से जेल मोड़ तक पुनः जेल मोड़ से एसएसपी आवास चौक, हॉटलिप्स चौक, न्यू मार्केट चौक, हरमू चौक, अरगोड़ा चौक, बिरसा चौक, हिनू चौक होकर बिरसा मुंडा एयरपोर्ट तक सामान्य यातायात को कारकेड की सुरक्षा के मद्देनजर समय सुबह आठ बजे 10:30 बजे पूर्वाह्न तक बंद करते हुए आवश्यकतानुसार कारकेड बढ़ने पर खोल दिये जाऐंगे। जेल संग्रहालय में प्रधानमंत्री के कार्यक्रम को लेकर लालपुर चौक से जेल चौक, कचहरी चौक एवं जाकिर हुसैन पार्क से कचहरी चौक , जेल चौक की ओर आने वाले वाहन शहीद चौक, फिरायालाल चौक होकर गंतव्य तक जा सकेंगे। उन्होंने बताया कि कारकेड के आगे बढ़ने के बाद पिछले रास्तों और अन्य चौक को आवश्यकता आधारित यातायात को खोला जायेगा। प्रधानमंत्री के कारकेड चलने के दौरान कांके रोड से हरमू रोड होकर बिरसा चौक जाने वाले वाहन कांके रिंग रोड होकर नया सराय के रास्ते गंतव्य तक जाने जा सकेंगे।

## रिम्स निदेशक पद की दौड़ में रिम्स के पांच चिकित्सक

# आवेदन की अंतिम तिथि 17 नवंबर तक




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
रिम्स को जल्द स्थायी निदेशक मिलने वाला है। स्वास्थ्य विभाग ने इसकी प्रक्रिया शुरू कर दी है। रिम्स के निदेशक पद के लिए स्वास्थ्य विभाग को अबतक 7-8 आवेदन मिले हैं। आवेदन की अंतिम तिथि 17 नवंबर तक है। मिली जानकारी के अनुसार, अब तक प्राप्त आवेदन में दो-तीन चिकित्सक रिम्स से बाहर के हैं। वहीं पांच चिकित्सक रिम्स के ही अलग-अलग विभागों में कार्यरत हैं। स्थायी निदेशक की दौड़ में रिम्स के वर्तमान प्रभारी निदेशक डॉ। राजीव कुमार गुप्ता भी शामिल हैं। इनके अलावा चिकित्सा अधीक्षक डॉ। हिरेंद्र बिरूआ, डॉ। सीबी सहाय, डॉ। सीबी शर्मा और डॉ। पंकज बोदरा भी इस दौड़ शामिल हैं। पांचों चिकित्सकों ने रिम्स के निदेशक पद पर आवेदन के लिए स्वास्थ्य विभाग से एनओसी ली है। बताते चले कि रिम्स में निदेशक का पद पिछले पांच माह से प्रभार में चल रहा है। रिम्स के स्थायी निदेशक डॉ। कामेश्वर प्रसाद के इस्तीफे के बाद 6 जून को नेत्र रोग विभाग के एचओडी डॉ। राजीव गुप्ता को निदेशक का प्रभार दिया गया था।

## राज्य स्तरीय तैराकी प्रतियोगिता के साथ 29 खेलों का राज्य स्तरीय 'खेलो झारखंड' सम्पन्न

# 2023-24 में राज्य के दो हजार से अधिक खिलाड़ी लेंगे भाग

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग की ओर से झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद, रांची के तत्वावधान में रांची के खेल गांव स्थित वीर बुधु भगत स्टेडियम में राज्य स्तरीय खेलो झारखंड तैराकी प्रतियोगिता संपन्न हुई। खेलो झारखंड अंतर्गत राज्य स्तरीय तैराकी प्रतियोगिता के समापन में राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी धीरसेन सोरेंग, झारखंड तैराकी संघ के अध्यक्ष बरखा सिन्हा, महासचिव उपेंद्र तिवारी, सीनियर वाइस प्रेसिडेंट शैलेंद्र कुमार तिवारी ने विजेताओं को पदक एवं प्रमाण पत्र प्रदान किया। कार्यक्रम का संचालन मोहम्मद जावेद अंसारी ने किया। तैराकी प्रतियोगिता के समापन के साथ ही खेलो झारखंड 2023-24 भी सम्पन्न हुआ। खेलो झारखंड कार्यक्रम अंतर्गत



विद्यालय स्तर पर जहां 35,000 स्कूलों ने भाग लिया, वहीं राज्य के सभी प्रमंडलों में 40 लाख से अधिक बच्चों ने विभिन्न खेलों में भाग लेने के पश्चात जिला एवं राज्य स्तर पर अपनी भागीदारी सुनिश्चित किया। राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी धीरसेन सोरेंग ने बताया कि राज्य के सभी जिलों से लगभग 15,000 बच्चों ने राज्य स्तर पर 29 विभिन्न खेलों में बालक एवं बालिका वर्ग के अंडर 14, 17 एवं 19 आयुवर्ग में भाग लिया। कबड्डी, खो-खो एथेलेटिक्स जैसे खेलों में दो हजार से अधिक बच्चों ने राज्य स्तर पर भाग लिया। सभी वर्गों में चयनित बच्चों के लिए 21 दिनों का विशेष प्रशिक्षण शिविर आयोजित की जा रही है। विदिशा में आयोजित कुश्ती के अंडर 14 एवं 17 फ्री स्टाइल में दो रजत पदक राज्य के खिलाडियों ने अपने नाम किया है वहीं श्रीनगर में आयोजित अंडर 19 बालक फुटबॉल में लीग राउंड में शानदार प्रदर्शन करते हुए अपने तीनों मैच जीत कर नॉकआउट चरण में प्रवेश किया, जहां पेनाल्टी शूटआउट में हार का सामना करना पड़ा। अंडर 14 राज्य जूडो टीम जम्मू में 15 से 19 नवंबर तक प्रतियोगिता आयोजित है। त्रिपुरा में होने वाले अंडर 17 योगासन के लिए जे सी ई आर सी कैंपस में कैंप चल रही है। टीम 19 नवंबर को रवाना होगी। राज्य शिक्षा परियोजना ने विभिन्न खेलों के लिए प्रशिक्षण शिविर के आयोजन की तिथि घोषित की है। जिसमें आठ नवंबर से फुटबॉल और योगासन, 14 नवंबर से खो-खो, 20 नवंबर से टेनिस और बैडमिंटन, 22 नवंबर से एथेलेटिक्स एवं 01 दिसंबर से वॉलीबॉल का प्रशिक्षण शिविर होना है। अन्य खेलों के लिए प्रशिक्षण शिविर एस जी एफ आई द्वारा नेशनल तिथि की पुष्टि करने के बाद आयोजित की जाएगी। खेलो झारखंड कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए शिक्षा सचिव के रवि कुमार एवं राज्य परियोजना निदेशक किरण कुमारी पासी ने राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी धीरसेन सोरेंग एवं विभाग के शारीरिक शिक्षा एवं खेलकूद कोषांग के सदस्यों ने को बधाई देते हुए कहा कि निश्चित तौर पर इस वर्ष झारखंड राज्य टीम राष्ट्रीय स्कूली खेल में अब तक तक सबसे बेहतरीन प्रदर्शन करेगी साथ ही पदक तालिका में भी अपना स्थान उपर रखने में कामयाब होगी।

### झामुमो प्रवक्ता ने बाबूलाल मरांडी पर किया बड़ा हमला

**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के बयान पर झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो)के महासचिव सह प्रवक्ता विनोद पांडेय ने कड़ा प्रहार किया है। विनोद पांडेय ने कहा कि बाबूलाल मरांडी आखिर बेचैन क्यों हैं? ऐसा लग रहा है कि वे सत्ता में नहीं रहने की बौखलाहट में अनर्गल प्रलाप कर रहे हैं। वे किस आधार पर ईडी की कार्रवाई नहीं होने पर कानून पर से विश्वास उठने की बात कर रहे हैं? झामुमो को भारतीय संविधान पर पूरा विश्वास और भरोसा है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को जब राजनीतिक कारणों से प्रताड़ित करने की कोशिश की गई तो वे कानून की शरण में गए। अब उसी मुताबिक फैसले पर वे आगे बढ़ेंगे, लेकिन बाबूलाल मरांडी जैसे नेता अब जबरदस्ती केंद्रीय एजेंसियों पर दबाव बनाने में लगे हैं। यह इनकी हताशा को दशार्ता है। झारखंड में भाजपा जब जनता की अदालत में बुरी तरह हार गई तो हथकंडे अपनाकर सत्ता में वापसी का सपना देख रही है।

## पीएम मोदी का रांची-खूंटी दौरा

# डीटीओ ने स्कूलों से मांगी बसें

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 14 और 15 नवंबर को दो दिवसीय झारखंड दौरे पर आ रहे हैं। प्रधानमंत्री के कार्यक्रमों को लेकर जिला प्रशासन, पुलिस मुख्यालय और झारखंड मंत्रालय तैयारियों में जुटे हैं। इसको लेकर रांची डीटीओ प्रवीण प्रकाश ने राजधानी के स्कूलों से बसों की मांग की है। जारी पत्र में रांची डीटीओ ने लिखा कि उलिहातू व खूंटी जिला मुख्यालय में आयोजित कार्यक्रमों में लोगों को लाने व ले जाने के लिए बड़ी वाहनों की आवश्यकता है। उन्होंने सभी स्कूलों से दोपहर तीन बजे तक खूंटी जिला मैदान में बस लगाने को कहा है। साथ ही सभी स्कूलों से बस चालक और खलासी का भी ब्यौरा मांगा गया है।

**डीटीओ ने इन स्कूलों से मांगी है बस** : सरला बिरला पब्लिक स्कूल, संत थोमस स्कूल धुर्वा, संत अंथोनी स्कूल डोरंडा, संत ब्रिजफोर्ड स्कूल तुपुदाना, कैम्ब्रियन पब्लिक स्कूल, सेक्रेट हार्ट स्कूल, कैम्ब्रियन पब्लिक स्कूल, रातू, कैम्ब्रियन पब्लिक स्कूल, धुर्वा, कैम्ब्रिज स्कूल टाटसील्वे, बिशप वेस्टकॉट गर्ल्स स्कूल डोरंडा, बिशप वेस्टकॉट गर्ल्स स्कूल नामकुम, बिशप वेस्टकॉट ब्यॉज स्कूल नामकुम, डीएवी पब्लिक स्कूल, बरियातू, डीएवी कपिलदेव, डीएवी हेहल, डीएवी, सेक्टर-3, डीएवी नागेश्वर चंदाघासी हटिया, डीएवी पुंदाग, डीएवी नंदराज लालपुर, डीएवी नंदराज बूटी मोड, डीएवी निरजा सहाय स्कूल कांके, डीएवी गांधीनगर, डीपीएस सेल टाउनसिप स्कूल, फिरायालाल पब्लिक स्कूल मेन रोड, संत अन्ना स्कूल पुरुलिया रोड, गुरूनानक हाई स्कूल पी.पी कंपाउंड, होली चाइल्ड स्कूल हेहल, जवाहर विद्या मंदिर श्यामली, केराली सेक्टर-2, लेडी के.सी राय मेमोरियल स्कूल रातू , लाला लाजपत राय, बाल मंदिर सी। सेकेंडरी स्कूल पुंदाग, लोरेटो कॉन्वेंट स्कूल एजी मोड़, विवेकानंद विद्या मंदिर सेक्टर-2, ऑक्फोर्ड पब्लिक स्कूल चुटिया, सफायर इंटरनेशनल स्कूल नामकुम और संत मेरी स्कूल।

# सिमडेगा काथलिक धर्मप्रांत के विशप बिंसेंट बरवा का धर्माध्यक्षीय 25वीं जुबली समारोह का आयोजन



**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** सिमडेगा काथलिक धर्मप्रान्त के बिशप विन्सेंट बरवा का धर्माधकशिय 25वां सिल्वर जुबली समारोह संत अन्ना महागिरजाघर में धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। मौके पर बिशप विन्सेंट बरवा के धर्माध्यक्षीय समारोह के 25 वर्ष पूरे होने की खुशी में 25 दिये भी जलाये गए। दिए बिशप विन्सेंट बरवा के अलावे रांची धर्मप्रान्त के महाधर्माध्यक्ष बिशप फेलिक्स टोप्पो, जशपुर बिशप एमानुएल केरकेट्टा, हजारीबार बिशप आनंद जोजो, खूंटी बिशप विनय कंडुलना, अम्बिकापुर बिशप अंतोनिस बाड़ा, डाल्टनगंज बिशप थिओडोर मसकरेनहस, गुमला धर्मप्रान्त के प्रशासक लीनुस पिंगल एक्का, सिमडेगा विधायक भूषण बाड़ा, सहित कई पल्ली के पल्ली पुरोहितों ने जलाया। इसके बाद बिशप विन्सेंट बरवा मिस्सा पूजा का आयोजन किया गया। मिस्सा पूजा के माध्यम ने बिशप ने ईश्वर के प्रति आभार प्रकट किया। इसके बाद रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। मौके पर मनमोहक झांकी की भी प्रस्तुति की गई। कार्यक्रम में विजी फादर इग्नासीयूस टेटे ने बिशप बरवा का संक्षिप्त जीवन परिचय पढ़कर सुनाया। मंच संचालन फादर फबीयन डुंगडुंग ने किया। सिल्वर जुबली समारोह कार्यक्रम में भारी संख्या में मसीही धर्मवालम्बि शामिल हुए थे। झारखंड के लगभग हर क्षेत्र से लोग कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे थे। चर्च परिसर में एलईडी स्क्रीन भी लगाई गई थी। ताकि लोग बिशप बरवा का रजत जयंती समारोह एलईडी स्क्रीन के माध्यम से भी देख सके। इसके अलावे लाइव टेलीकास्ट भी दिखाया जा रहा था।

### सिमडेगा विधायक ने दी बिशप को बधाई

बिशप विन्सेंट बरवा के रजत जयंती समारोह में सिमडेगा विधायक भूषण बाड़ा भी अपनी धर्मपत्नी सह जिप सदस्य जोसिमा खाखा के साथ शामिल हुए थे। मौके पर विधायक ने बुके देकर बिशप बरवा को सिल्वर जयंती समारोह की बधाई दी। साथ ही बिशप बरवा के दीघार्यु, उत्तम स्वास्थ्य एवं खुशहाली के लिए भी ईश्वर से प्रार्थना की। मौके पर मिस्सा गीत का संचालन फादर प्रदीप की अगुवाई में किया गया। कार्यक्रम में जिप सदस्य अजय एक्का सहित सैकड़ों पुरोहित, धर्मबहनें एवं हजारों की संख्या में मसीही धर्मालंबियों उपस्थित थे।

## गागर में सागर

### ट्रिपल मर्डर केस, शवों के पहुंचते ही शोक में डूबा इलाका

**बोकारो।** वर्द्धमान (पश्चिम बंगाल) जिला के पानागढ़ स्थित शारदा पल्ली से शनिवार की रात्रि बोकारो थर्मल गोविंदपुर एफ पंचायत अंतर्गत राजाबाजार नीचे टोला में कैलू मिस्त्री की 70 वर्षीय पत्नी एवं महावीर विश्वकर्मा की मां सीता देवी एवं उनके नाती 18 वर्षीय नाती सोनू कुमार का शव पहुंचते ही परिजनों के क्रंदन से वहां पर मौजूद सभी लोगों की आंखें नम हो गई. मौके पर मृतक के घर पहुंची जिप सदस्य शहजादी बानो, आजसू बेरमो प्रखंड अध्यक्ष मंजूर आलम, पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि दीपक रजक, बिरसा रजक आदि ने परिजनों को ढांढस बंधाया और सांत्वना दी. बाद में दोनों का शव अंतिम संस्कार के लिए स्थानीय कोनार नदी श्मशान घाट पर ले जाया गया. पानागढ़ में सीता देवी, सिमरन एवं सोनू की अज्ञात व्यक्ति द्वारा निर्मम हत्या शुक्रवार को उनके ही घर में कर दी गई थी. हत्या के बाद पुलिस ने तीनों का पोस्टमार्टम करवाकर शव बोकारो थर्मल से गये मृतकों के परिजनों को सौंप दिया. सिमरन का अंतिम संस्कार पानागढ़ में ही कर दिया गया.

### दिवाली के दिन दीया जला रहे युवक की गोली मारकर हत्या, दहशत

**देवघर।** जिले के कुंडा थाना क्षेत्र के दुधनिया गांव में रियल ऑटो सर्विस सेंटर के समीप श्रृंगार दुकान में महेंद्र यादव पुत्र के साथ दीया जला रहे थे. तभी बाइक से पहुंचे अपराधियों ने उन्हें गोली मार दी. पांच गोली उसके पेट व बाएं हाथ की कलाई में लगी. परिजनों ने तुरंत महेंद्र को लाकर इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया. यहां प्राथमिक उपचार के बाद आईसीयू में भर्ती कर इलाज किया जा रहा था कि उनकी मौत हो गयी.

### रिटायर्ड इसीएल कर्मी के घर में चोरी

**धनबाद।** कुमारधुबी ओपी क्षेत्र स्थित शिवली बाड़ी रहमत नगर में चोरी की घटना थमने का नाम नहीं ले रही है. आये दिन यहां चोरी की घटना से लोग परेशान व दहशत में हैं. शनिवार देर रात चोरों ने रिटायर्ड ईसीएल कर्मी के घर को निशाना बनाया. चोरों ने सलाउद्दीन खान के घर से लैपटॉप, मोबाइल व अन्य सामान उड़ा ले गये. इसकी कीमत दो लाख बतायी जा रही है. जानकारी के अनुसार, चोरों ने दीवार फांदकर छत की सीढ़ी के रास्ते घर में प्रवेश किया. घर का दरवाजा बंद नहीं होने की वजह से चोर आराम से घर में घुसे और चोरी करके चलते बने. सूचना पाकर रविवार सुबह कुमारधुबी पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और मामले की छानबीन की. लोगों का कहना है कि रहमत नगर में आये दिन की घटना होती है. लेकिन पुलिस इसको रोकने के लिये कोई ठोस कदम नहीं उठाती है. तीन माह पूर्व भी एक व्यवसायी के घर से चोर करीब दस लाख की संपत्ति उड़ा ले गये थे. जिसका उद्भेदन आजतक पुलिस नहीं कर पायी है. इस घटना के बाद मुहल्ले में जगह-जगह सीसीटीवी कैमरे लगाने व रात्रि पहरा देने की बात हुई थी. मुहल्ले में कैमरे भी लगे और रात्रि पहरा भी शुरू हुआ.

### गोड्डा में यात्री बस दुर्घटनाग्रस्त, एक दर्जन से अधिक लोग घायल

**गोड्डा।** गोड्डा के पथरगामा थाना क्षेत्र के मां योगिनी स्थान बरकोप मोड़ के पास सोमवार को भीषण सड़क हादसा हुआ है। यहां यात्रियों से भरी बस पलट गई है। हादसे में 12 से ज्यादा लोग घायल हैं। चार लोगों की हालत गंभीर है, जिन्हें सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बस में करीब 25 से 30 लोग सवार थे। सड़क हादसा जिले के पथरगामा थाना क्षेत्र में पीरपैंती मुख्य मार्ग एनएच- 133 पर हुआ है। यह यात्री बस मंडल जसीडीह से तीन पहाड़ के लिए जा रही थी। इसी बीच अचानक योगिनी स्थान बारकोप मोड़ के समीप बस अनियंत्रित होकर पलट गई। इस हादसे में बस सड़क से नीचे डायवर्सन में जा गिरी। घटना में कई बस यात्री घायल हो गए है, जिसमें चार लोगों की हालत गंभीर बताई जा रही है। पथरगामा थाना प्रभारी गौतम कश्यप ने बताया कि एक यात्री बस सड़क दुर्घटना का शिकार हो गई है।

# धूमधाम से मना गौरा-गौरी पर्व, निकली कलश यात्रा



**नवीन मेल संवाददाता**

**जमशेदपुर।** छत्तीसगढ़ी पर्व त्योहार में गौरा-गौरी पूजा भी प्रसिद्ध है. बताते चले कि दीपावली की मध्य रात्रि को छत्तीसगढ़ी समाज के लोगों के द्वारा विभिन्न स्थानों में अपनी परंपरा और संस्कृति के अनुरूप गौरा-गौरी पूजन का आयोजन किया जाता है. गौरा-गौरी का अर्थ भगवान शंकर और माता पार्वती से है. श्री श्री गौरा-गौरी पूजा समिति टुइलाडूंगरी के द्वारा प्रत्येक वर्ष भव्य रूप से इस पूजन का आयोजन किया जाता है. समाज के लोग दस दिन पूर्व से इस पूजन की तैयारी करते है. अविवाहित लड़कियां विशेष रूप से इस पूजन में शरीक होती है. मान्यता है कि जो लड़कियां कलश और ज्वारा अपने सर पर ले कर चलती है उन्हें अच्छा और सुंदर वर की प्राप्ति होती है. रविवार की रात इस पूजन का प्रारंभ भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष दिनेश कुमार ने दीप प्रज्वलित कर किया. उसके बाद विधि विधान से पूजा संपन्न हुई. यहां बच्चों द्वारा छतीसगढ़ी सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया था. लंबे समय से मिट्टी निर्मित गौरा-गौरी के निर्माण में सहयोग करने के लिए पूजा कमेटी ने पारसनाथ साहू और टीका राम साहू को दिनेश कुमार ने सम्मानित किया. साथ ही छत्तीसगढ़ी पारंपरिक गीतों को संजोने के लिए सावित्री साहू और फूलो देवी को सम्मानित किया गया. महिलाओं ने सुवा गीत और गौरा-गौरी गीतों पर नृत्य भी किए. पूजा समाप्ति के पश्चात अगले दिन सुबह शोभा यात्रा निकाल कर स्वर्णरिखा नदी में गौरा-गौरी, ज्वारा और पूजन सामग्री को विसर्जित की गई. कार्यक्रम में विशेष रूप से गिरधारी साहू, नरेश निषाद, कामता साहू उपस्थित थे. कार्यक्रम के आयोजन में महावीर प्रसाद, चंद्रिका निषाद सुकालू, श्रीनु राव, मनमोहन लाल, कामेश्वर साहू, जमुना निषाद, नूतन साहू, इंद्रा साहू, दिनेश साहू सोनू, कलावती देवी, द्रौपदी साहू, नन बाई, गौरी देवी, फुलेश्वरी निषाद, सोनी साहू, कमला निषाद, रिंकी साहू, बबली साहू, धर्मराज साहू, ओम निषाद, अमित साहू, विक्की निषाद, मनीषा साहू, छोटी साहू और काफी संख्या में समाज के लोगों की अहम भूमिका थी.

# सांसद व डीडीसी ने खिलाड़ियों बीच किया खेल किट का वितरण

**नवीन मेल संवाददाता**

**पाकुड़।** जिला स्टेडियम में विभिन्न खेल उपकरण वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया. मुख्य अतिथि के तौर पर झामुमो सांसद विजय हांसदा ने शिरकत की. सांसद विजय हांसदा का पुष्पगुच्छ एवं पौधा देकर स्वागत किया गया. इस दौरान सांसद विजय हांसदा व उप विकास आयुक्त मो० शाहिद अख्तर ने खिलाड़ियों के बीच खेल उपकरण प्रदान कर खिलाड़ियों को उत्साहवर्धन किया. इसके अलावा खेल अकादमी में फुटबॉल, एथलेटिक्स एवं क्रिकेट का प्रशिक्षण ले रहे खिलाड़ियों के बीच बैट, गेंद, जर्सी एवं जूता उपलब्ध करवाया गया. मौके पर सांसद विजय हांसदा ने खेल अकादमी के अंतर्गत प्रशिक्षण ले रहे खिलाड़ियों का हौसला अफजाई करते हुए कहा कि खेल अकादमी के तहत एथलेटिक्स फुटबॉल एवं क्रिकेट का प्रशिक्षण दिया जा रहा है और जिसमे प्रशिक्षण का लाभ खिलाड़ी पूरी



इमानदारी और मेहनत से उठाएं. उन्होंने कहा कि खेल अकादमी में जो भी कमी है उसे दूर करने का हर संभव प्रयास किया जा रहा है. उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन के साथ बैठक कर खेल अकादमी तथा विभिन्न खेलों के उपकरण उपलब्ध कराई गई है. साथ ही भविष्य में भी हर संभव सहयोग देने का आश्वासन दिया और कहा कि सुविधा मुहैया कराने को तत्पर है. मौके पर जिला खेल पदाधिकारी राहुल कुमार, पाकुड़ जिला एथलेटिक्स संघ के अध्यक्ष अम्लान कुसुम सिन्हा, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष मुसलीमुद्दीन शेख, महबूब आलम, जिला एथलेटिक्स संघ के सचिव रणवीर सिंह,जिला कबड्डी संघ के सचिव उमर फारूक, जवाहर सिंह राजेश सरकार, पंकज अग्रवाल, प्रवीन कुमार, नारायण राय, मिरनाल चौरसिया समेत दर्जनों सदस्य उपस्थित थे.

### रंगदारी मांगने का लगाया आरोप, थाना में की शिकायत

**गिरिडीह।** धनवार प्रखंड तकनीकी प्रबंधक रंजीत कुमार वर्मा ने धनवार थाना में आवेदन देकर नकुल राय नामक व्यक्ति पर कई गंभीर आरोप लगाये हैं. रंजीत ने अपने दिये आवेदन में नकुल पर अपने कार्यालय में आकर रंगदारी मांगने, हाथापाही करने बीज वितरण पंजी को फाड़ने तथा धमकी देने का आरोप लगाया है. आवेदन में कहा गया है कि जब तकनीकी प्रबंधक अपने कार्यालय में किसानों के बीच बीज बांट रहे थे तो उक्त व्यक्ति आकर 20 किलो सरसों का बीज मांगने लगा. जब उसने बीज वितरण का नियम बताया, तो नकुल भड़क गया और दुर्व्यवहार करने लगा. लेकिन वहां मौजूद किसान मित्रों ने बीच बचाव किया. इस दौरान उसने गाली-गलौज किया, धमकी भी दी. साथ ही बीज वितरण पंजी को फाड़ दिया. धनवार पुलिस मामले की जांच कर रही है. दूसरी ओर नकुल राय ने अपने ऊपर लगे आरोपों को बेबुनियाद बताया है.

### युवती की संदेहास्पद परिस्थिति में मौत

**बोकारो।** तिसरी थाना क्षेत्र के भंडारी गांव में एक 18 वर्षीय युवती की संदेहास्पद परिस्थिति में मौत हो गई है. युवती का शव फंदे पर झूलता हुआ मिला है. मृतका भंडारी गांव की सपना कुमारी बताई जा रही है. घटना शनिवार की रात की बताई जा रही है. मामले को लेकर मृतका के परिजनों ने पड़ोस के गांव के सचिन नामक युवक पर हत्या करने का आरोप लगाया है. जानकारी के अनुसार सपना अपने पुराने घर में सो रही थी, जबकि उसके माता और पिता नए घर में सोए हुए थे. माता पिता जब पुराने घर गए तो देखा कि उनकी बेटी फंदे पर लटकी हुई है. खबर सुनकर भारी संख्या में ग्रामीण उसके घर के पास पहुंचे. किसी ने पुलिस को इसकी खबर दी. तिसरी पुलिस भंडारी गांव पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर जांच में जुट गई है. इधर मृतका के माता और पिता ने भंडारी पंचायत के गादी गांव के निवासी सचिन पर अपनी बेटी की हत्या करने का आरोप लगाया है. इस बाबत मृतका की मां ने तिसरी थाना में लिखित आवेदन देकर पड़ोस गांव के युवक सचिन और उसके दोस्तों पर हत्या का आरोप लगाया है. घटना के बाद मृतका की मां व अन्य परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है. पीड़ित परिवार ने पुलिस से न्याय दिलाने की गुहार लगाई है. पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है.

### कुएं में मिला 40 वर्षीय व्यक्ति का शव

बोकारो। जिले के मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के उदनाबाद में सोमवार की देर रात 40 वर्षीय महेंद्र सिंह उर्फ भुटाली सिंह की मौत संदेहास्पद स्थिति में हो गई. मृतक का शव उसके घर के पीछे कुएं में पड़ा मिला. वहीं दूसरी तरफ मृतक की भगिनी निर्मला सिंह और भाई अरविंद सिंह ने भूताली की मौत को हत्या बताया है. दोनों ने मृतक की पत्नी पर ही अवैध संबंध के कारण हत्या किए जाने का आरोप लगाया है. जबकि मृतक मिर्गी की बीमारी से पीड़ित भी बताया जा रहा है. इधर घटना की जानकारी मिलने के बाद महतोडीह पुलिस पिकेट के प्रभारी घटनास्थल पहुंच कर जांच में जुट गए. पुलिस की मौजूदगी में मृतक का शव कुएं से बाहर निकाल कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेजा गया. फिलहाल भूताली की मौत का कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है.

### जमशेदपुर। सामाजिक संस्था ने 50 कुष्ठ पीड़ितों के बीच किया भोजन वितरण

**जमशेदपुर।** सामाजिक संस्था प्रतीक संघर्ष फाउंडेशन यानी पीएसएफ ने काली पूजा एवं दीपावली के अवसर पर जुगसलाई स्थित अंत्योदय भवन में रह रहे 50 कुष्ठ पीड़ितों के बीच भोजन का वितरण किया. उक्त भोजन की व्यवस्था संस्था के मार्गदर्शक और रिटायर्ड रेलकर्मी दुर्गा पदो दास द्वारा की गई थी. इसके साथ संस्था ने अंत्योदय भवन परिसर में रहने वाले असहाय लोगों के साथ हर्षोल्लास वातावरण में दीपोत्सव मनाया. इस दौरान पूरा अंत्योदय भवन परिसर दीपक की रोशनी से जगमगा उठा. इसकी चमक वहां रहने वाले लोगों के चेहरे पर दिखाई दे रही थी. जब इन असहायों के हाथों में रंग-बिरंगे अनार व फुलझड़ियां दिए गए तो उनकी खुशियों का ठिकाना नहीं था, सभी खुशियों से झूम रहे थे. ऐसा लग रहा था कि वहां मौजूद एक परिवार मिलकर दीपोत्सव मना रहा हैं. पीएसएफ परिवार के कई सदस्यों ने श्री श्री मां काली की आराधना करते हुए जहां व्रत रखा, वहीं रात्रि मे मां काली को पुष्पांजलि अर्पित की. इस अवसर पर प्रतीक संघर्ष फाउंडेशन के निदेशक अरिजीत सरकार ने मानव सेवा जारी रखने का संदेश दिया गया.

### बीडीओ ने बिरहोर बस्ती के लोगों संग मनाई दीवाली

**गिरिडीह।** गावां बीडीओ महेंद्र रविदास और मुखिया प्रतिनिधि कांग्रेस यादव ने प्रखंड के बादीडीह पंचायत के कोनरबांक में बिरहोर बच्चों संग दीपावली मनाने पहुंचे. जहां उन्होंने बिरहोर बच्चों और वहां के लोगों के बीच मिठाई, मोमबत्ती और बिस्किट का वितरण किया. मौके पर उपस्थित बिरहोरों को बीडीओ ने कहा कि बिरहोरों के दिनचर्या को सुधारना एवं बिरहोरों की शिक्षा को सुधारना ही हमारा मकसद है. उन्होंने बिरहोर परिवारों से कहा कि बच्चों की साफ-सफाई पर ध्यान दें. बच्चों को रोज स्कूल भेजें, शिक्षा से ही समाज का विकास होगा.

### बाघमारा में दीपावली व काली पूजा मनी

धनबाद। धन की देवी माता लक्ष्मी और शक्तिदायनी मां काली की पूजा के साथ बाघमारा, डुमरा, हरिना, भीमकनाली, माटी गढ़ आदि क्षेत्रों में दीपावली का पावन पर्व धूमधाम से संपन्न हुआ. इस मौके पर लोगों ने अपने प्रतिष्ठान व घरों में माता लक्ष्मी की पूजा कर परिवारजनों की सुख समृद्धि व धन-धान्य की कामना की. लोगों ने जमकर पटाखे भी फोड़े. इधर बाघमारा के काली स्थान, बंगाली पाड़ा, भीमकनाली, खानुडीह स्टेशन में आयोजित काली पूजा में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी. इस दौरान श्रद्धालुओं ने बंगाली पाड़ा में महाभोग भी ग्रहण किया. इधर काली पूजा पर काली स्थान में चार दिनों तक चलने वाला मेला प्रारंभ हो गया है.

## आस्था

### भगवान महावीर का 2550वां निर्वाण मोक्ष कल्याणक महोत्सव

# जैन संत 108 सुयश सागर के सानिध्य में भगवान की पूजा



**नवीन मेल संवाददाता**

**कोडरमा।** झुमरीतिलैया में जैन समाज के लोगों ने सत्य अहिंसा के अवतार भगवान महावीर का 2550वां निर्वाण मोक्ष कल्याणक महोत्सव बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया. दीपावली महापर्व के दिन ही जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी को मोक्ष की प्राप्ति बिहार के पावापुरी में हुई थी. आज के दिन पूरे विश्व एवं भारतवर्ष के जैन धर्म के लोग बड़े श्रद्धा पूर्वक भगवान महावीर के निर्वाण मोक्ष कल्याणक की प्राप्ति होने पर खुशी पूर्वक दीपावली का पर्व मनाते हैं. स्टेशन रोड स्थित बड़ा जैन मंदिर से जैन संत सुयश सागर के सानिध्य में श्रद्धालु नगर भ्रमण करते हुए नया मंदिर पानी टंकी रोड पहुंचे. बैंड बाजे और भगवान महावीर के जयघोष के साथ भक्तजन खुशी से झूमते नाचते चल रहे थे. नया जैन मंदिर पहुंचने पर पूज्य जैन संत 108 सुयश सागर जी गुरुदेव के सानिध्य में जैन समाज के हजारों भक्तजन महावीर भगवान की पूजा भक्ति भाव से की. पूज्य गुरुदेव सुयश सागर जी ने अपनी अमृतवाणी में भक्तजनों से कहा कि आज का दिन जैन धर्मावलंबियों के लिए सबसे पावन एवं पवित्र दिन है.

### भगवान महावीर को 24 किलो लाडू चढ़ाया गया

स्टेशन रोड स्थित बड़ा मंदिर में भगवान की मुख्य शांति धारा शशि रीता सेठी परिवार ने की. प्रथम अभिषेक भगवान के मोक्ष कल्याणक का निर्वाण लाडू सुरेंद्र सौरभ सरिता काला परिवार ने चढ़ाया. पानी टंकी रोड स्थित नया जैन मंदिर में भगवान महावीर को 24 किलो लाडू चढ़ाने का सुशील कुमार राज, सुनील छाबड़ा परिवार को मिला. मुख्य शांति धारा सुरेंद्र सौरभ काला परिवार को मिला. निर्मल, दिनेश झाझंरी परिवार, सुबोध, आशा गंगवाल परिवार, कमल, पीयूष कासलीवाल परिवार, कमल, ऋषभ, श्रेयांश सेठी परिवार ने भी भगवान की शांति धारा प्राप्त किया. नया मंदिर में निर्वाण लाडू फूलचंद किशोर प्रदीप पांडया परिवार, कैलाश मनोज कमल कासलीवाल परिवार ,ललित सिद्धांत सेठी परिवार ,निर्मल आशीष छाबड़ा परिवार को मिला . बड़ा मंदिर में बॉबी अजय सेठी संजय लड्डू छाबड़ा और उनकी पूरी टीम ने पावापुरी मंदिर की आकृति का निर्माण कराया.

# हैवी ब्लास्टिंग से घरों में दरार गुस्साए लोगों ने किया प्रदर्शन



**नवीन मेल संवाददाता**

**धनबाद।** बीसीसीएल एरिया पांच की तेतुलामारी परियोजना के अधीन आउटसोर्सिंग कंपनी चेन्नई राधा प्राइवेट लिमिटेड में हेवी ब्लास्टिंग से सोमवार को चंदौर पहाड़ी बस्ती के कई घरों में दरारें पड़ गईं. इससे बस्ती में दहशत का माहौल उत्पन्न हो गया. घरों में दरार पड़ने से गुस्साए बस्तीवासियों ने आउटसोर्सिंग कंपनी के कार्यस्थल पर पहुंच कर विरोध प्रदर्शन किया और कंपनी का कार्य एक घंटे तक बाधित रखा. बस्ती में रहने वाली पार्वती देवी ने बताया कि आउटसोर्सिंग कंपनी में हेवी बालस्टिंग से पत्थर के टुकड़े अक्सर उड़कर बस्ती की ओर गिरते हैं,जिससे यहां के लोगों की जिंदगी सांसत में है. कभी भी बड़ी दुर्घटना हो सकती है.प्रबंधन उनलेगों को रहने के लिए सुरक्षित जगह मुहैया कराए. बस्ती में रहने वाले दिलीप कुमार ने बीसीसीएल प्रबंधन से सुरक्षित स्थान मुहैया कराने और उन्हें उचित मुआवजा देने की मांग की.

## गागर में सागर

### घर में लगी आग, संपत्ति जलकर राख

**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पारटांड के एक मकान में आग लगने से हजारों रुपये की संपति को नुकसान पहुंची है. शनिवार को ग्राम पारटांड निवासी उमेश कुमार राम पिता स्व केदार राम के खपरैल मकान में अचानक आग लग गई. आग लगने के पश्चात घरवालों ने पड़ोसियों व ग्रामीणों की मदद से आग पर बड़ी मुश्किल से काबू पाया. तब तक घर में रखा सभी सामान जलकर नष्ट हो चुका था. घरवालों ने बताया कि आगजनी की घटना में लगभग 80 हजार रुपये की संपति को नुकसान पहुंची है. आग लगने के कारणों का पता मही चल पाया है. इस बाबत पीड़ित परिवार ने बरकट्ठा थाना और अंचल अधिकारी को आवेदन देकर मदद की गुहार लगाई है.

### बरकनगांगो स्टेडियम में आयोजित एक दीया शहीदों के नाम कार्यक्रम



**बरकट्ठा।** असत्य पर सत्य, अत्याचार पर सदाचार,अंधकार पर प्रकाश की विजय के महापर्व दीपावली के अवसर पर पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव ने बरकट्ठा विधानसभा क्षेत्र वासियों को हार्दिक शुभकामनाएं व बधाई दिया। इस अवसर पर प्रखंड़ क्षेत्र के बरकनगांगो स्थित नेताजी सुभाषचंद्र बोस स्टेडियम में एक दीया शहिदों के नाम कार्यक्रम का आयोजन युवाओं द्वारा किया गया। कार्यक्रम में पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव शामिल हुए तथा नेताजी सुभाषचंद्र बोस और संविधान निमार्ता डॉ. भीम राव अम्बेडकर के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। तत्पश्चात एक दीया शहीदों के नाम में युवाओं औ? ग्रामवासियों के साथ दीया जलाया। पूर्व विधायक श्री यादव ने कहा कि हम सब आज दीपावली पर्व के पावन अवसर पर एक दीया जलाये, यह दीया उन शहीदों के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी जो देश के लिए प्राण न्यौछावर कर दिए। इस तरह का कार्यक्रम समाज में देश प्रेम की भावना को बढ़ाती है।इस अवसर पर मुखिया प्रतिनिधि सरयू प्रसाद, फौजी दिलीप सिंह, युवा नेता रामविलास यादव, रतन पासवान, रवि पासवान, उप मुखीया दुलारचंद पासवान, दीपक पासवान, रामचंद्र सिंह, गंगाधर महतो, अजय यादव, बीरेंद्र यादव, मथुरा यादव, गुलजार अंसारी, साबिर अंसारी, उमेश राम, मनोज यादव, सुजात अली, रामेश्वर यादव, विजय सिंह, महादेव यादव, महेंद्र राणा, बीरेंद्र राणा, महबूब अंसारी, किशोर पासवान समेत दर्जनों की संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

### विद्युत कार्यालय में ऊर्जा मेला आज

**बरही ।** मंगलवार को पूर्वाहन 11:00 बजे से अपराह्न 4.00 बजे तक ऊर्जा मेला का आयोजन किया गया है. इस मेला में बिजली बिल, नया कनेक्शन, बिल सुधार आदि से संबंधित विभिन्न जानकारियां दी जाएगी. साथ ही उपभोक्ताओं के समस्याओं का त्वरित समाधान किया जाएगा. कनीय अभियंता अभिषेक आनंद ने सभी व्यवसायिक एवं घरेलू उपभोक्ताओं से उक्त मेला में पहुंचकर समस्याओं का समाधान करने का अपील किया है. यह मेला राज्य सरकार के ऊर्जा विभाग के निदेर्शानुसार लगाया जा रहा है.

### मुखिया ने किया विभिन्न विद्यालयों में स्कूली पोशाक का वितरण



**बरकट्ठा।** बेलकप्पी पंचायत मुखिया ललिता देवी ने पंचायत क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न विद्यालय में सैकड़ों बच्चों के बीच पोशाक का वितरण किया।उन्होंने +2 कन्या उच्च विद्यालय बेलकपी, प्राथमिक विद्यालय सिमराटांड, प्राथमिक विद्यालय जलहैया बड़ासिंघा में वितरण किया। मौके पर मुखिया ललिता देवी ने सभी बच्चों को नियमित स्कूल आने और मन लगाकर पढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया। साथ ही उन्होंने अच्छी शिक्षा प्राप्त कर अपने माता पिता,विद्यालय और क्षेत्र का नाम रोशन करने की बात कही।कहा कि मेहनत से पढ़ाई कर सरकार की योजनाओं का लाभ उठाएं। मौके पर झारखंड आंदोलन कारी नेता सह मुखिया प्रतिनिधि धीरेंद्र पांडेय, पंचायत समिति सदस्या विनीता कुमारी, विद्यालय के प्रधानाध्यापक छत्रु प्रसाद, देवकांत पाण्डेय, सुकर ठाकुर, समाजसेवी संजय साव,नंदू राणा, ज्ञानदीप पांडे, बब्लु पाण्डेय, मुकेश पाण्डेय, विद्यालय के प्रबंध समिति के अध्यक्षगण,सदस्य और ग्रामीण उपस्थित थे।

# विवादित स्थल पर बरही के पड़ीरमावासियों ने किया गोवर्धन पूजा, प्रशासन मौजूद








**नवीन मेल संवाददाता**

**बरही ।** प्रशासन की मौजूदगी व पहल पर पड़ीरमा वासियों ने विवादित स्थल पर शांतिपूर्ण गोवर्धन पूजा किया. पूजा को लेकर सोमवार को पूरे दिन स्थानीय प्रशासन पूजा स्थल पर कैंप किए रहा. पूजा स्थल के समीप भारी संख्या में पुलिस बल की तैनाती की गई थी. विवादित स्थल पर एसडीपीओ, एसडीओ, बीडीओ, सीओ, इंस्पेक्टर, महिला थाना प्रभारी, सीआई आदि पहुंचकर मामला शांत करवाने का सफल प्रयास किया. एसडीओ के निर्देश पर विवादित क्षेत्र में निषेधाज्ञा लगाया जा चुका है. क्या है मामलाः ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार पड़ीरमा के अड़वार क्षेत्र (जो जीएम भूमि है) में वर्षो से गोवर्धन पूजा किया जाता है. इस दौरान हजारों लोग पूजा के दौरान जमा होते है. परंतु इस वर्ष गांव के बिनोद यादव, अनुज यादव, बबुनी यादव, महेश यादव, मोतीलाल यादव, दिनेश गिरी आदि कुछ लोग इस जमीन को अपना जमीन बताकर पूजास्थल का विरोध करते हुए पूजा करने से रोक रहे थे. जिससे ग्रामीणों में तनाव व्याप्त है. इस संबंध में ग्रामीण और विरोधकर्ता को लेकर एसडीओ कोर्ट में मामला भी चल रहा है. इसकी सूचना सीओ से उपायुक्त कार्यालय तक दिया जा चुका है. परंतु समय के पूर्व तक कोई भी फैसला नही होने के कारण दोनो पक्षों के बीच खूनी संघर्ष तक होने के आसार दिख रहे थे. ग्रामीण भीम यादव, सुधीर यादव, सुरेश पासवान, लोकेश यादव, दशरथ यादव, शंभू यादव, बसंत यादव, ब्रह्मदेव पासवान, प्रभु यादव, संतोष यादव, रविंद्र यादव, राजेश यादव, राजेंद्र यादव, पप्पू पासवान, दिनेश शर्मा, सुरेंद्र सिंह, लोकेश यादव, राजू शर्मा, प्रदीप शर्मा कैलाश यादव आदि की माने तो यह पूजा दशकों पुरानी है. जो विरोधकर्ताओ के पूर्वजों ने हो प्रारंभ किया था. जिस में विरोधकर्ता स्वयं पूजा में भाग ले रहे थे.

#### क्या कहते है विरोधकर्ता

पूजा स्थल का विरोध कर रहे बिनोद यादव आदि ने बताया कि उक्त जमीन भूदान से उनलोगो को प्राप्त है. पहले परिवार के सदस्यों की संख्या कम थी जिससे जमीन का बड़ा भूभाग परती रहते थे. अब सभी क्षेत्र ने खेती किया जा चुका है. गोवर्धन पूजा के कारण उनका फसल बर्बाद हो जाता है. साथ ही उनके जमीन पर अवैध कब्जा होता जा रहा है. वे लोग पूजा के लिए कुछ भूभाग देने को तैयार है, पूरा जमीन क्षेत्र दे पाना असम्भव है.

#### सीओ ने बताया

मामले के संबंध सीओ रामनारायण खलखो ने बताया कि विवादित क्षेत्र पड़ीरमा और नथुआमारण के अंतर्गत का है. जिसके कुल 432 एकड़ क्षेत्र में करीब 19 एकड़ (पड़ीरमा) का विवाद है. पूजा कितने दिनों से हो रही है इस संबंध में सीओ ने बताया कि स्थानीय लोगो से मिली जानकारी के अनुसार पहले पूजा दूसरे स्थल पर होता था. चार पांच वर्ष से इस स्थल पर किया जा रहा है. विरोधकर्ताओ ने भूदान के पर्चे दिखाए है, जो जांच का विषय है. फिलहाल एसडीओ के निर्देश पर विवादित स्थल क्षेत्र में निषेधाज्ञा घोषित है, जिसके तहत विवादित भूमि पर किसी भीं प्रकार का सामूहिक इवेंट प्रतिबंधित है.

# दीयों की रौशनी से जगमगाया शहर और गांव

## बरही में लोगों की जमकर आतिशबाजी



**नवीन मेल संवाददाता**

**बरही ।** दीपो का त्योहार दीपावली हर्षोल्लास संपन्न हुआ. इस अवसर पर पूरा क्षेत्र इलेक्ट्रॉनिक प्रकाश और दियों के प्रकाश से जगमगा उठा. सुख समृद्धि की कामना के साथ देर रात तक गणेश लक्ष्मी की पूजा की गई. संध्या होते ही घरों में दिए जगमगा उठे. आतिशबाजी से पूरा इलाका थर्रा उठा. एक से बढ़कर एक पटाखों की आवाज और लाइट्स ने पूरे क्षेत्र को चकचौंध कर रखा था. बरही सहित बरसोत, करियातपुर, रसोईया धमना, कोल्हूआ कला, बिजैया आदि पंचायतों से भी शांतिपूर्ण दीपावली मनाएं जाने की खबर मिली है. इधर दीपावली में जुआरियों के ताश के पत्ते भी जमकर चमके.

## बरकट्ठा में काली पूजा में उमड़ी भक्तों की भीड़

**नवीन मेल संवाददाता**

**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र में प्रकाश पर्व दीपावली धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। लोगों ने जमकर आतिशबाजी की। वहीं बरकट्ठा बाजार रोड स्थित काली मंदिर में श्रद्धालुओं ने मां काली की पूजा अर्चना कर सुख ,समृद्धि व शांति की कामना की। काली पूजा को लेकर मंदिर को आकर्षक ढंग से सजाया गया। वहीं भक्ति गीतों से बरकट्ठा भक्ति मय हो गया। पूजा समिति के द्वारा श्रद्धालुओं के पूजा अर्चना के लिए विशेष रूप से



व्यवस्था की गई। वहीं सोमवार को भव्य भंडारा का आयोजन किया गया जिसमें श्रद्धालुओं की भीड़ देखी गई।

## मरीज की मौत पर परिजनों ने किया हंगामा, नर्स पर लापरवाही का आरोप

**नवीन मेल संवाददाता**

**रामगढ़।** केंद्रीय चिकित्सालय नया नगर बरकाकाना में सीसीएल के सिविल विभाग में कार्यारत कर्मी मजहर हुसैन को आपातकालीन स्वास्थ सेवा नहीं मिलने के कारण मौत हो गई. इस पर परीजनों ने जमकर हंगामा किया. मृतक के पुत्र कमरुद्दीन अंसारी ने बताया कि इनके पिता गंभीर बीमारी से ग्रसित थे. जिनका लगातार डायलिसिस बरकाकाना क्षेत्र से किसी अस्पताल पर हो रहा था. सोमवार की सुबह अचानक अधिक तबीयत खराब हो जाने के कारण केंद्रीय चिकित्सालय बरकाकाना लाया गया. जहां ड्यूटी में तैनात नर्स ने तत्काल आपातकालीन सेवा देने से इंकार कर दिया गया. बाद में बेहतर इलाज के लिए नईसराय जाने के लिए एम्बुलेंस




सेवा की मांग किए जाने पर ड्यूटी में तैनात नर्स सीसीएल द्वारा निर्गत किया गया. स्वास्थ्य कार्ड उपलब्ध कराने की बात कही. जिस पर मृतक के परिजनों द्वारा नर्स से घंटों गुहार लगाते रहे कि आप आपातकालीन सेवा उपलब्ध करा दे. इसके बाद सीसीएल द्वारा जारी स्वस्थ कार्ड लाकर दे दिया जाएगा. लेकिन ड्यूटी में तैनात नर्स पर इसका किसी भी तरह का कोई प्रभाव नहीं पड़ा. पीड़ित के परिजन ने बताया कि अस्पताल में इमरजेंसी मरीज आने की सूचना अपने चिकित्सकों को भी नहीं दी. जबकि मरीज आपातकालीन सेवा के लिए घंटों तड़पता रहा. जिसके बाद परिजनों को घंटों मशक्कत के बाद मरीज को लेकर नई सराय अस्पताल ले जाने लगा. जहां रास्ते में ही मरीज की मौत हो गई.

### हजारीबाग : दो उत्साही युवकों ने बच्चों संग बांटी दीपावली की खुशियां

**हजारीबाग।** दीपावली खुशियों का त्योहार है और यह बांटने से और बढ़ता है. समाज में बहुत ऐसे लोग हैं जो गरीबी के कारण दीपावली की खुशियां नहीं ले पाते. ऐसे में हजारीबाग के दो युवक रंजन चौधरी और सुनील कुमार ने सुदूरवर्ती इलाकों में रहने वाले बच्चों के साथ दीपावली का आनंद लिया. दोनों युवकों ने बच्चों को तोहफे दिये. रंजन चौधरी और सुनील कुमार ने बरकट्ठा विधानसभा क्षेत्र के इचाक प्रखंड के आदिवासी बहुल्य फुफंदी गांव पहुंचे और दीपावली के अवसर पर पर जरूरतमंद बच्चों के चेहरे पर मुस्कान बिखरने की कोशिश की. रंजन चौधरी ने बताया कि उनके पहुंचने से ही मासूम बच्चों के चेहरे खिल गये और हमारी ओर आशा भरी निगाहों से देखने लगे. जब बच्चे पास आये तो दीपावली के त्योहार के महत्व बताया ।

### बरसोत मुखिया ने किया पीसीसी पथ का उद्घाटन



**बरही।** बरसोत पंचायत अंतर्गत ग्राम श्रीनगर में 15वें वित से सरकारी विद्यालय से शिव मंदिर तक पीसीसी पथ का उद्घाटन स्थानीय मुखिया मोतीलाल चौधरी ने फीता काटकर किया. मौके पर ग्रामीणों को संबोधित करते हुए मुखिया श्री चौधरी ने कहा कि पंचायत के हर कच्ची सड़क को पक्की सड़क बनाना उनका ध्येय है. इस दिशा में वह लगातार कार्यरत है. उन्होंने यह भी कहा की सरकारी योजनाओ को प्राथमिकता के साथ पंचायत में लागू करना और उसे क्रियान्वित करवाना उनका लक्ष्य रहा है. मौके पर उपमुखिया रीता कुमारी,समाजसेवी सुजीत कुमार,विनोद यादव,सुरेश यादव,सुधाकर यादव,सीताराम यादव,सलीम मियां, विशुन यादव,संदीप यादव,रिंकू रजक,गोपी यादव,लक्ष्मण यादव समेत कई लोग मौजूद थे।

### 'सोहराय परब हमारे भाषा संस्कृति का प्रतीक है'

**रामगढ़।** सोहराई परब कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष के प्रतिपदा तिथि को दीपावली के दूसरे दिन मनाया जाता है। उक्त बातें रामगढ़ जिला बुद्धिजीवी मंच के अध्यक्ष एवं उत्क्रमित मध्य विद्यालय गोविंदपुर के प्रधानाध्यापक डॉ सुनील कुमार कश्यप ने कही। कहा इस पर्व में लोग सालों भर सुख समृद्धि की कामना पशुओं से करते हैं। इस पर्व के दिन गौशाला की गोबर और मिट्टी से लिपाई पुताई और सुंदर एवं आकर्षक ढंग से सजावट करने के साथ पशुओं को स्नान करा कर उन्हें तेल मालिश कर सिंघों पर सिंदूर लगाते हैं सजते सवारते हैं। इतना ही नहीं पशुओं के साथ गीत गाकर नाचते गाते हैं खुशी का इजहार करते हैं। उसे सोहराय गीत या चाचैइर कहा जाता है। इतना ही नहीं सोहराय में जितने भी गीत गाए जाते हैं वह पशुओं और पक्षियों पर आधारित गीत का वर्णन खेती पर आधारित सुखद जीवन का वर्णन मिलता है। यह पर्व पालतू पशुओं और मानव के बीच गहरा प्रेम स्थापित करता है। कहा यह पर्व भारत के मूल निवासियों के लिए विशिष्ट त्यौहार है क्योंकि भारत के अधिकार मूल निवासी खेती बाड़ी पर निर्भर करते हैं। खेती-बाड़ी का काम बैलों और भैंसों के माध्यम से किया जाती है इसलिए सोहराय पर्व में पशुओं को पूजा जाता है। इस दिन बैलों एवं भैंसों को किसान वर्ग जो खेती पर आश्रित रहते हैं पशुओं से पूजा अर्चना कर उनसे धन संपत्ति की वृद्धि मांगते हैं।

### राधा गोविन्द विवि. के देवाशीष कुमार का चयन

**रामगढ़ ।** राधा गोविन्द विश्वविद्यालय रामगढ़ के इंजीनियरिंग विभाग डिप्लोमा (इलेक्ट्रिकल एंड इलेक्ट्रॉनिक इंजीनियरिंग) के छात्र देवाशीस कुमार महतो का चयन जेडएफ सीवीसीएस इंडिया प्राइवेट लिमिटेड कंपनी जमशेदपुर में विश्वविद्यालय के प्लेसमेंट सेल के कोर्डिनेटर पिंकी सिंह के नेतृत्व में हुआ। उनके चयन पर विश्वविद्यालय के बी . एन . साह , कुलपति प्रो.( डॉ.) शुक्ला मोहंती ,राधा गोविंद शिक्षा स्वास्थ्य ट्रस्ट के सचिव प्रियंका कुमारी,कुलसचिव डॉ.निर्मल कुमार मंडल आदि ने बधाई दी।

## राष्ट्रीय सेवा मंच ने गरीबों को कराया भोजन

**नवीन मेल संवाददाता**

**रामगढ़।** समाज सेवी संस्था राष्ट्रीय सेवा मंच ने दूर-दराज ग्रामीण क्षेत्रों से साप्ताहिक बाजार भुरकुंडा में दातून-पत्तल बेचने आये गरीब-जरूरतमंदों के बीच भोजन का वितरण किया. इस दौरान मंच के अध्यक्ष डब्लू सिंह, उमाशंकर जयसवाल आदि ने भुरकुंडा व्यवसायी प्रमोद शर्मा एवं अनूप पाठक गौतम पात्रा के सहयोग से 150 महिला-पुरुषों एवं बच्चों के बीच पुरी-सब्जी एवं जलेबी दिये गये. साथ ही दीपावली की बधाई देते हुए आगे भी हर संभव सहयोग करने का




आश्वासन दिया. मौके पर मंच के अध्यक्ष डब्लू सिंह ने बताया कि पिछले आठ वर्षो से समाज के लोगो के सहयोग से भोजन वितरण का कार्य किया जा रहा है, जो आगे भी जारी रहेगा. उन्होंने कहा कि गरीबों की सेवा सबसे बड़ा पुण्य का कार्य है. ऐसे नेक कार्यों में सबों को तन-मन-धन से सहयोग करना चाहिए. कार्यक्रम को सफल बनाने में मंच के अध्यक्ष डब्लू सिंह, उमाशंकर जायसवाल आदि मौजूद थे।

**आस्था**

## हजारीबाग में अमावस्या की रात श्मशान काली मंदिर में मां की पूजा-अर्चना

# मां के दर्शन के लिए उमड़ा भक्तों का सैलाब



**नवीन मेल संवाददाता**

**हजारीबाग।** अमावस्या की रात शमशान काली मंदिर में भक्तों का जन सैलाब उमड़ पड़ा. हजारों भक्त मां काली का दर्शन करने पहुंचे. श्मशान परिसर में मंदिर होने के बावजूद भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी. हजारीबाग और आसपास के क्षेत्रों के लोग दीपावली के दिन अपने घरों में दीप जलाते हैं और उसके बाद दर्शन करने के लिए श्मशान काली पहुंच जाते हैं. रात 8 बजे से विशेष पूजा अर्चना शुरू हो जाती है जो रात के 1:05 बजे तक चलती है. इस दौरान बलि भी दी जाती है. मंदिर भक्तों से पट जाता है. भूतनाथ मंडली काली पूजा का आयोजन करता है. अनुमान है कि 50 हजार से अधिक भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया. भूतनाथ मंडली के अध्यक्ष मनोज गुप्ता बताते हैं कि यह मंदिर मुराद पूरी करने वाली माता का स्थान है. जहां सालों भर लोग पूजा करने के लिए पहुंचते हैं. लेकिन दीपावली की रात यहां विशेष पूजा की जाती है. हजारीबाग ही नहीं आसपास जिले के लोग भी पहुंचते हैं. शायद झारखंड का यह एकलौता मंदिर है जो श्मशान में होने के बाद भी सैकड़ों भक्त आशीर्वाद लेने पहुंचते हैं. मां काली के प्रति लोगों का यह अटूट विश्वास है. अमावस्या की रात सिद्धि की रात होती है. हजारीबाग में कार्तिक अमावस्या के दिन विशेष पूजा होती है. मंदिर का पिछला हिस्सा श्मशान है. यहां दूरदराज से तांत्रिक सिद्धि करने के लिए भी साधक पहुंचते हैं. भूतनाथ मंडली के सदस्य बताते हैं कि अगर कोई साधक पहुंचता है तो हम उसे परेशान भी नहीं करते हैं. वे चुपचाप आते हैं साधना करते हैं और फिर मंदिर से निकल जाते हैं. क्योंकि यह सिद्ध स्थल है इसलिए मंदिर भी खास है.

## दिव्यांग बच्चों के साथ नप अध्यक्ष मनाई दीपावली, उपकरण बांटे

**नवीन मेल संवाददाता**

**रामगढ़ ।** प्रकाशोत्सव दीपावली के अवसर पर रामगढ़ विधायक सुनीता चौधरी के निर्देश पर लारी स्थित आवासीय दिव्यांग विद्यालय पहुंचकर आजसू पार्टी के रामगढ़ नगर परिषद अध्यक्ष राजेश कुमार महतो ने स्कूली बच्चों के साथ दीपावली मनाया। इस अवसर पर बच्चों को विभिन्न प्रकार के उपहार,मिठाइयां और पटाखे राजेश कुमार महतो के द्वारा दिया गया। रामगढ़ नगर परिषद अध्यक्ष राजेश महतो ने कहा कि विधायक सुनीता चौधरी के निर्देश पर बच्चों के साथ प्रकाशोत्सव दीपावली की खुशियां साझा करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। उन्होंने कहा कि दिव्यांग ईश्वर की अनुपम कृति होते हैं,जरूरत है उनके भीतर



समाहित दिव्य गुणों को परिष्कृत कर उन्हें समाज में समानता के अवसर प्रदान करने और समाज की गतिविधियों के मुख्य धारा से जोडने का। आजसू पार्टी गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी और रामगढ़ विधायक सुनीता चौधरी के प्रयासों के द्वारा इस मुहिम को गति दे रही है। समाज के हर वर्ग को सामाजिक समानता और न्याय मिले इस हेतु आजसू पार्टी प्रयासरत है।इस अवसर पर बच्चों के आंखों में और उनकी शारीरिक भाषा से दीपावली की खुशियां दृष्टिगोचर हो रही थी। दीपोत्सव में शामिल सभी बच्चों ने गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी और रामगढ़ विधायक सुनीता चौधरी के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर मुख्य रूप से मनोज कुमार, अजय आस्था, सोनू कुमार, प्रवीण कुमार, अजय चौधरी और विद्यालय के कर्मी मौजूद थे।

# विधायक मद से बने नवनिर्मित शेड का उद्घाटन



**नवीन मेल संवाददाता**

**ठेठईटांगर।** प्रखण्ड के घुटबहार पंचायत के वनमाली में विधायक नमन बिक्सल कोंगाड़ी के विधायक मद से बने नवनिर्मित शेड का जिला विधायक प्रतिनिधि रावेल लकड़ा, प्रखंड अध्यक्ष असफाक आलम, प्रमुख बिपिन पंकज मिंज, कांग्रेस अल्पसंखयक प्रदेश सचिव जमीर अहमद के द्वारा उद्घाटन किया गया। ग्रामीणों ने बताया कि बरसात एव धूप के दिनों में यहां पर कोई भी कार्यक्रम हेतु बहुत परेशानियों का सामना करना पड़ता था। शेड का निर्माण हो जाने से दिक्कत नहीं होगी। मौके पर विधायक प्रतिनिधि रावेल लकड़ा ने कहा कि क्षेत्र के विकास व जनता की समस्याओं को दूर करना विधायक व कांग्रेस पार्टी की प्राथमिकता है। आज हमारे बीच कई ऐसे नेता भी मौजूद है जो हम आदिवासी-मूलवासी को बांटने और बरगलाने का कार्य कर रही है।

# विधायक ने शहरवासियों के साथ मनाई दीपावली

**नवीन मेल संवाददाता**

सिमडेगा। सिमडेगा के कांग्रेस विधायक भूषण बाड़ा देर शाम शहरवासियों के साथ दीवाली मनाई। इस दौरान विधायक ने कई लोगों के घर भी पहुंचे। साथ ही विधायक ने पटाखे भी फोड़े। फुलझड़ियां जलाई। साथ ही लोगों को मिठाई भी खिलाई। उन्होंने कहा कि असत्य पर सत्य, अत्याचार पर सदाचार, अंधकार पर प्रकाश की विजय के महापर्व दीपावली की प्रदेश वासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं। ये खास त्योहार आपके जीवन में खुशियां, समृद्धि और अच्छा स्वास्थ्य लाए। मौके पर जिलाध्यक्ष डेविड तिर्की, जिला विधायक प्रतिनिधि संतोष सिंह, रणधीर रंजन, शिशिर मिंज, प्रदीप केसरी, नगर विधायक प्रतिनिधि शकील अहमद, शशि गुड़िया, लखन गुप्ता, चंदन कुमार, राहुल कुमार आदि उपस्थित थे।



## गागर में सागर

### आतिशबाजी के दौरान हाथ में फटा बम, अस्पताल में भर्ती

**बोलबा ।** दीपावली में आतिशबाजी के दौरान हाथ में बम फूटने की वजह से हाथ पूरी तरह से छत विचित्र हो गया ।मामला बोलबा प्रखण्ड के पालेमुण्डा करंज टोली गाँव गांव की है ।बतायग गया कि दीवाली की रात बम फोड़ने के क्रम में गांव के मनोज लुगुन के हाथ मे फट गया जिससे मनोज गम्भीर रूप से घायल हो गया । ग्रामीणों की मदद से बोलबा अस्पताल लाया गया ।स्थिति गंभीर होने के कारण डॉ देबातोष भुटिया ने बेहतर ईलाज के लिए सिमडेगा रेफर कर दिया । इधर सदर अस्पताल सिमडेगा में उक्त युवक की इलाज चल रही है जानकारी देते हुए परिजनों ने बताया कि वह टाइगर बम लेकर फोड़ रहा था इसी दौरान मनोज के हाथ में ब्लास्ट हो गई जिसके बाद उसके हाथ क्षत विक्षत हो गया ।इधर सदर अस्पताल सिमडेगा में उपचार जारी है इधर डॉक्टर ने से बेहतर इलाज के लिए राजधानी रांची ले जाने लिए रेफर किया है।

### यौन शोषण मामले में केस दर्ज

**सिमडेगा।** शादी की झांसा देकर यौन शोषण करने का मामला प्रकाश में आया है । इस संबंध में सिमडेगा थाना में पीड़िता ने आवेदन देकर मामला दर्ज कराया है। जानकारी देते हुए बताया गया कोलेबिरा थाना क्षेत्र की पीड़िता ने सिमडेगा शहरी क्षेत्र के नैगमटोली गांव निवासी मनोज डुंगडुंग के ऊपर शादी का झांसा देकर यौन शोषण करने का आरोप लगाया है पीड़िता ने कहा कि 2021 से मनोज डुंगडुंग द्वारा शादी की झांसा देकर उसके साथ यौन शोषण किया और अब शादी से इनकार कर दिया ,तब जाकर पीड़िता नहीं संबंध में सिमडेगा थाना कांड संख्या 141/23 धारा 376,354,504,506 के तहत मामला दर्ज किया गया है थाना प्रभारी ने कहा कि पीड़िता के लिखित आवेदन के आधार पर मामला दर्ज करते हुए पुलिस आगे की कार्रवाई कर रही है।

### सिमडेगा बाजार से बाइक की चोरी

**सिमडेगा।** सिमडेगा साप्ताहिक बाजार में टीवीएस मोटरसाइकिल की चोरी मामले में सिमडेगा सदर थाना में पीड़ित ने आवेदन देकर मामला दर्ज कराया है ।इस संदर्भ में सिमडेगा थाना कांड संख्या 143/23 के तहत मामला दर्ज किया गया है ,जानकारी देते हुए थाना प्रभारी इंस्पेक्टर जयगोविंद गुप्ता ने बताया कि सिमडेगा शहरी क्षेत्र के सलडेगा टोंगरीटोली गांव निवासी कृष्णा साहू नामक व्यक्ति साप्ताहिक बाजार सब्जी खरीदने के लिए गया था और इसी दौरान जब सब्जी खरीद कर लौटा तो उसकी टीवीएस मोटरसाइकिल गायब थी। काफी खोजबीन किया जब नहीं मिला तब जाकर सदर थाना में मामला दर्ज कराया है इधर पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

### सीएनआई चर्च बानो में दो दिवसीय प्रभुवर पाठशाला दिवस का आयोजन

**बानो।** सीएनआई चर्च बानों में दो दिवसीय प्रभुवर पाठशाला दिवस का आयोजन किया गया ।कार्यक्रम का उद्घाटन पेरिस पुरोहित रेव्ह जैकलिन बोदरा ने दीप प्रज्वलित कर किया मौके पर प्रभु के आदर्श वाक्य संत लुका के 2:52 पर अपने विचार रखते हुए छोटानागपुर डायसिस के उप सभापति रेव्ह सिंकदर नाग ने बच्चों को धार्मिक शिक्षा पर जानकारी दिये ।वही विशिष्ट अतिथि जिला परिषद सदस्य बिरजो कंडुलना ने कहा आज धार्मिक शिक्षा जीवन में आवश्यक है। लोग शहरी चका चौंध की ओर भाग रहे हैं। कार्यक्रम में प्रेमानंद शील तोपनो ,अमुस कंडुलना, ने भी अपने विचार व्यक्त किया ।कार्यक्रम में बच्चों के बीच मसीही गीत प्रतियोगिता, बाइबिल प्रतियोगिता, रिकॉर्डिंग डांस आदि कार्यक्रम का आयोजन किया गया ।कार्यक्रम को सफल बनाने में शांतिएल तोपनो ,अभिषेक हेमरोम, रीता मिंज ,हीरामनि तोपनो ,दयामनी गुड़िया ,सिमोन कंडुलना आदि लोगो सराहनीय योगदान रहा।

# हर-घर जले दीपक, जगमगा उठा सिमडेगा



**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा ।** दीये का पर्व दीपावली रविवार को पूरे जिले भर में श्रद्धा-उल्लास के साथ मनाया गया। माटी के दीये की सप्तरंगी रोशनी से शहर से लेकर गांव तक जगमग हो उठा। लोगों ने जमकर आतिशबाजियां की,पूरा आसमान रंग-बिरंगी रोशनी से प्रकाशमान होता रहा। दीपावली को लेकर घर-घर में उत्साह का वातवरण बना रहा। लोग सुबह से ही दीपावली की तैयारी में जुटे रहे। लोगों ने फूलों से घर के मुख्य गेट पे साज-सजावट की।प्रवेश द्वार पर आकर्षक रंगोली बनाई गई।वहीं अधिकांश घरों में विद्युत लरियों से भी सजाया गया था।शहर में भी व्यवसायिक प्रतिष्ठान आकर्षक ढंग से सजाए गए थे।कारोबारियों ने अपने-अपने प्रतिष्ठा को केले के स्तंभ,गंदा के फूल,आम के पत्तों से सजाया था।शाम होते ही संकल्प के साथ दीप प्रज्वलित किए गए।तमसो मा ज्योर्तिगमय की प्रार्थना के साथ दीपावली की शुरूआत की गई। एक एक कर सभी घरों में माटी के दीये जल उठे।पूरा शहर दीये व विद्युत प्रकाश से जगमग हो गया। लोगों ने दीये जलाने के बाद एक-दूसरे को दीपावली की शुभकामना दी।बधाई एवं शुभकामना देने का सिलसिला देर रात तक चलता रहा।वही जिले के सभी धार्मिक स्थलों में भी पूरी श्रद्धा एवं उल्लास के साथ दीपावली का पर्व मनाया गया। लोगों ने धाम में पहुंचकर दीये जलाए।एवं भगवान से परिवार एवम समाज की कुशलता की प्रार्थना की। प्रत्येक घरों में गणेश एवं लक्ष्मी की प्रतिमा स्थापित करते हुए विधि विधान के साथ दीपावली के मौके पर पूजन करते हुए सुख समृद्धि की प्रार्थना की गई।

### रात भर तैनात रही जगह-जगह पर पुलिस

दीपावली में लोग धूमधाम से त्योहार मनाए जिसे ध्यान में रखते हुए सिमडेगा एसपी सौरभ के निर्देश पर शहर के विभिन्न चौक चौराहे एवं विभिन्न जगहों पर पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति की गई थी, ताकि पर्व के दौरान किसी प्रकार का कोई भी माहौल खराब ना हो ।इसके अलावा कंट्रोल रूम में स्वास्थ्य विभाग की ओर से मेडिकल टीम की विशेष प्रतिनियुक्ति की गई थी, ताकि त्यौहार के दौरान आतिशबाजी या फिर किसी प्रकार का कोई दुर्घटना हो तो उसे समय पर निपटा जा सके।

## नीचे बाजार पूजा पंडाल में मां काली की हुई पूजा-अर्चना, उमड़ी भीड़

**सिमडेगा।** शहर के नीचे बाजार स्थित दुर्गा पूजा पंडाल में दीपावली अमावस्या के मौके पर मां काली की प्रतिमा स्थापित करते हुए विधि विधान के साथ पूजन किया गया ,इस दौरान देर रात मध्य रात्रि को मां काली की पूजा शुरू हुई। जहां पर विधि विधान के साथ कलश स्थापना करते हुए काली की पूजा संपन्न हुई। जानकारी देते हुए समिति के श्रीलाल शाह ने बताया कि प्रत्येक वर्ष की बात इस वर्ष भी भव्य प्रतिमा स्थापित करते हुए मां काली की पूजा की गई वहीं 15 नवंबर को विसर्जन शोभायात्रा का आयोजन करते हुए डिप्टी टोली स्थित तालाब में काली प्रतिमा का विसर्जन किया जाएगा।



## भव्य पंडाल का निर्माण कर हुई गुलजार गली में लक्ष्मी पूजा

दीपावली की सभी ओर धूम है तो वहीं दूसरी ओर सिमडेगा की गुलजार गली में भव्य पंडाल का निर्माण करते हुए मां लक्ष्मी गणेश एवं सरस्वती की प्रतिमा का विधि विधान के साथ पूजन किया गया। इस दौरान रात भर मंत्र कर एवं पूजन चला रहा, जानकारी देते हुए पूजा समिति के अध्यक्ष भरत प्रसाद ने बताया है कि 5 दिनों तक यहां पर लक्ष्मी पूजा महोत्सव चलेगी ।जहां पर बंगाल के आए हुए कारीगरों के द्वारा मैसूर के महल के तर्ज पर भव्य पंडाल का निर्माण करते हुए पूजा की जा रही है, उन्होंने बताया कि यहां पर प्रत्येक दिन अलग-अलग प्रकार के कार्यक्रम किए जाएंगे। इसके अलावा भारत वेजिटेबल्स एंड फ्रूट्स कंपनी के कर्मचारी एवं उनके सहयोगियों के बीच उपहार भेंट की जाएगी।



# समाज के लोगों को एक सूत्र में बांधने का काम करता है प्रतियोगिता: विधायक



**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** सदर प्रखंड के बिरनीबेड़ा में हॉकी प्रतियोगिता का फाइनल हॉकी मैच खेला गया। फैनल मैच में झूनमूर उड़ीसा ने ढ़ावठाटोली की टीम पेनाल्टी शूट आउट में 5-4 से हराकर खिताब पर कब्जा जमाया। विजेता और उपविजेता टीम को मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित विधायक भूषण बाड़ा ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इससे पूर्व अतिथियों ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर खेल का शुभारंभ किया। मौके पर विधायक ने कहा कि इस तरह के प्रतियोगिता समाज के लोगों को एक सूत्र में बांधने का काम करता है। ऐसे आयोजन से अपने समाज के खिलाड़ी की प्रतिभा में निखार आती है। उन्होने कहा कि कांग्रेस पार्टी दलितों, आदिवासियों को सम्मान अधिकार के साथ लेकर चलने वाली पार्टी है। मौके पर जिप सदस्य जोसिमा खाखा, जिला अध्यक्ष डेविड तिर्की,नगर विधायक प्रतिनिधि शकील अहमद,सिमडेगा पूर्व वार्ड पार्षद शशि गुड़िया,उप प्रमुख सिलबेस्टर बघवार,महिला पंचायत अध्यक्ष रीता किरो,पंचायत अध्यक्ष अनमोल विकास बड़ा, मुखिया रेखा निराली बरवा,प्रमिला कुजूर, उर्मिला केरकेट्टा, पूनम लकड़ा, अरुण सिंह, इम्तियाज खान, मनोज प्रधान, कुशल मिंज, संदीप मिंज, ओलेम केरकेट्टा, बिनीता केरकेट्टा, हरिश, सन्नी खान, मीम आदि भारी संख्या में खेल प्रेमी आदि उपस्थित थे।

### पूर्व सांसद बासुदेव आचार्य का निधन, सीटू ने जताया शोक

**कोडरमा।** सेन्टर ऑफ इंडियन ट्रेड यूनियन (सीटू) ने मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के पूर्व केंद्रीय कमिटी सदस्य, ऑल इंडिया कोल वर्कर्स फेडरेशन के अध्यक्ष और सीटू के पूर्व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष कामरेड बासुदेव आचार्य के निधन पर गहरा शोक प्रकट किया है. सीटू के झारखंड राज्य सचिव संजय पासवान ने कहा कि बासुदेव आचार्य पिछले एक महीने से बीमार चल रहे थे और हैदराबाद में इलाज के दौरान सोमवार को अपराह्न 12. 30 बजे उनका निधन हो गया. कामरेड आचार्य पश्चिम बंगाल के बांकुड़ा संसदीय क्षेत्र से 9 बार लोकसभा के सांसद रहे. संसद में पार्टी ग्रुप के नेता के तौर पर उनकी संसदीय दक्षता के सभी कायल थे. बासुदेव आचार्य रेलवे और कृषि मंत्रालय की संसदीय स्टैंडिंग कमिटी के चेयरमैन के रुप में उन्होंने रेलवे कर्मचारियों और किसानों के हितों के लिए अथक परिश्रम कर उनका सशक्तिकरण करने का काम किया. रेलवे कर्मचारियों के बीच बासु दा के नाम से काफी लोकप्रिय थे.

# कांग्रेस पार्टी बानो ने किया कार्यशाला का आयोजन



**नवीन मेल संवाददाता**

**बानो।** कांग्रेस पार्टी प्रखंड कमेटी बानो कार्यशाला का आयोजन किया गया । जिसका मुख्य उद्देश्य आगामी 2024 के लोकसभा चुनाव के मद्देनजर बूथ को सशक्त कैसे किया जा सकता है, जिसके बारे में जिला महासचिव जगदीश बागे के द्वारा बीएलए का क्या कर्तव्य एवं अधिकार होगा पर जानकारी दी। परिचर्चा के दौरान सुशील कन्डुलना एवं जोसेफ तोपनो के द्वारा महत्वपूर्ण जानकारी उपलब्ध करायी गई जिसपर मंडल अध्यक्ष सबन डांग द्वारा जोर देते हुए कहा गया कि बूथ एजेंट को मतदान के दौरान काफी शक्तियां प्राप्त होती हैं। जिन्हें उपयोग में लाने की आवश्यकता होती है अर्थात आचार संहिता का पालन नहीं किया जा रहा है तो उसपर विरोध करने की क्षमता होनी चाहिए और फ्रेजाईडिंग ऑफिसर को शिकायत दर्ज कर दूर किया जा सकता है ।इसी तरह चर्चा -परिचर्चा करते हुए कर्तव्यों का निर्वहन करने की बातें स्वीकार की गई। कार्यशाला में प्रखण्ड बानो। इस मौके पर बानो कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी सदस्य तथा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

**स्वागत** | घुटबहार में मना मिशन पर्व सह 60वां गिरिजाघर संस्कार दिवस

# ‘परमपिता परमेश्वर के बताएं मार्ग पर चले’

**नवीन मेल संवाददाता**

**ठेठईटांगर।** प्रखंड के जीईएल चर्च घुटबहार में सोमवार को धूमधाम के साथ मिशन पर्व सह 60वां वार्षिक गिरजाघर संस्कार समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बताओ और अतिथि के रूप में झारखंड पार्टी के जिला अध्यक्ष मतीयस बागे, महासचिव बाबुराम लकड़ा,युवा जिलाध्यक्ष सन्देश एक्का मुख्य रूप से उपस्थित थे। मौके पर आगंतुक अतिथियों का माला पहनकर स्वागत किया गया ,मौके पर युवा जिला अध्यक्ष संदेश इकाई सर्वप्रथम सभी लोगों को मिशन पर्व एवं गिरजाघर के संस्कार दिवस की शुभकामनाएं दी। अपने संबोधन में उन्होंने कहा आज का यह दिन अपने आप में विशेष है क्योंकि हम एक साथ मिशन पर्व एवं गिरजाघर की साथ में वार्षिक संस्कार दिवस समारोह मना रहे हैं। आज ही के दिन 60 वर्ष पूर्व यहां का गिरजाघर अस्तित्व में आया और सभी लोग सामूहिक रूप से प्रार्थना कर परमपिता परमेश्वर को याद करते हुए है। वहीं दूसरी और मिशन पर कभी विशेष महत्व है जहां पर इस क्षेत्र में जीईएल चर्च की नींव डाली गई। आज सभी लोगों को इस मंच के माध्यम से अपने कलीसिया समुदाय को मजबूत करने की आवश्यकता है, दिन प्रतिदिन लोग षड्यंत्र करते हुए कलीसिया समुदाय को समाप्त करने का प्रयास करते हैं ,उन्हें सरकारी सुख सुविधा से विमुख करने का प्रयास करते हैं लेकिन कलीसिया समुदाय दिन प्रतिदिन मजबूत हो रही है इसका एकमात्र कारण है संगठन में एकजुटता और इसे आप बरकरार रखें। बाइबल में लिखे गए वचनों को याद करें परमपिता परमेश्वर के बताएं मार्ग पर चले एवं दूसरों को कभी भी तकलीफ ना दें क्योंकि परमेश्वर अपने इकलौते पुत्र को इस धरती पर लोगों की सेवा के लिए भेजा था और इस मानव शरीर के रूप में उन्होंने कई ऐसे कार्य किया जिससे कि हम सब का उद्धार हो। आप चर्च में आए पवित्रता के साथ और आस्था के साथ प्रार्थना करते हुए क्षेत्र की अमन चैन की कामना करें। इस मौके पर मुख्य रूप से अमन खेस, जोसेफ लुगुन, ललित समद, विश्राम कच्छप, सुदीप लुगुन, रसाल खलखो, आदि मौजूद थे।



## पोगलोया में पूर्व मंत्री ने ग्रामीणों के साथ की बैठक

# क्षेत्र में मूलभूत सुविधाओं की घोर कमी : एनोस एक्का

**नवीन मेल संवाददाता**

**कोलेबिरा।** प्रखंड के ऐडगा के पोगलोया में पूर्व मंत्री एनोस एक्का ने ग्रामीणों के साथ बैठक करते हुए उनकी समस्याओं से अवगत हुए। इस दौरान ग्रामीणों ने पूर्व मंत्री का स्वागत किया मौके पर अपनी समस्या रखी और कहा कि क्षेत्र में मूलभूत सुविधाओं की घोर कमी है, लेकिन जनप्रतिनिधियों के द्वारा ध्यान नहीं देने की वजह से आज भी हम लोग भाग महसूस कर रहे हैं ।कई बार प्रशासन एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों को अपनी छोटी-बड़ी समस्याओं को बताया लेकिन किसी प्रकार की कोई भी सुनवाई नहीं हुई। मौके पर पूर्व मंत्री एनोस एक्का ने कहा कि चुनाव के समय आप लोगों का एक गलत निर्णय इस क्षेत्र के विकास की गति को रोक देता है और इस चीज को आप लोग भूल कर बहकावे में जाकर वोट देते हैं। इसीलिए आप सभी क्षेत्र में काम करने वाले लोगों को ही चुने। वर्तमान सरकार सिर्फ लोगों को बेवकूफ बनाने और धर्म के नाम पर लड़ने का काम करती है, बीजेपी हो या कांग्रेस सभी लोग सिर्फ धर्म के नाम पर राजनीति करते हैं। लेकिन झारखंड पार्टी जाति धर्म और सभी चीजों से ऊपर उठकर लोगों के हित में काम करती है। इसलिए आने वाले चुनाव में आप सहयोग करें आपकी सभी समस्याओं को दूर करने का काम किया जाएगा। मौके पर झापा युवा जिलाध्यक्ष सन्देश एक्का ,बाबूराम लकड़ा ,अमन खेस, जोसेफ लुगुन सैमुअल धनवार ,सुरसेन तोपनो, रसाल खलखो आदि उपस्थित थे।



## गागर में सागर

### सेवानिवृत्त शिक्षक ने ग्रामीणों के साथ की वोट फॉर लोकल को लेकर बैठक



**गिद्धौर(चतरा)।** गिद्धौर प्रखंड अंतर्गत रोहमर व मारंगी गांव के ग्रामीणों के साथ राष्ट्रीय सम्मान प्राप्त सेवानिवृत शिक्षक देवचारन दांगी ने वोट फॉर लोकल को लेकर बैठक किया। इस दौरान उपस्थित लोगों को श्री दांगी ने संबोधित करते हुए कहा कि 2024 के लोकसभा चुनाव में स्थानीय प्रत्याशी को वोट देकर जीतना है। चतरा लोकसभा से अभी तक कोई स्थानीय प्रत्याशी चुनाव नहीं जीत पाया है। आने वाले चुनाव में हम सबको मिलकर इस कलंक को मिटाना है। सभी को जाति-पाती से ऊपर उठ कर इस बार अपने माटी के लिए वोट करने की अपील की। दोनों गांव में उपस्थित लोगों ने दांगी की इस मुहिम का पुरजोर समर्थन किया तथा एक साथ सभी लोगों ने संकल्प लिया कि स्थानीय प्रत्याशी को वोट कर जिताएंगे। बैठक की अध्यक्षता बिनोद यादव व संचालन कमलेश रज्जक ने किया। बैठक में अशोक कुमार दांगी, विजय शंकर दांगी, सुरेंद्र दांगी, राजेंद्र यादव, धर्मदेव यादव, बिरसा मुंडा, किसून मुंडा, भेखलाल यादव समेत कई नवयुवक व महिलाएं उपस्थित थे।

### दुष्कर्म व हत्या के मामले के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल

**गिद्धौर(चतरा)।** पुलिस गुप्त सूचना के आधार पर दुष्कर्म कर हत्या करने के आरोपी को गिद्धौर थाना क्षेत्र के बरटा गांव से गिरफ्तार कर सोमवार को जेल भेज दिया। आरोपी गिद्धौर थाना क्षेत्र के बरटा गांव निवासी स्वर्गीय सलामत मियां का पुत्र इसराइल मियां है। थाना प्रभारी गुलाम सरवर ने बताया कि बीते 31 अक्टूबर को कुबरी गांव की मृत महिला के पुत्र ने मां के साथ इसराइल मियां के विरुद्ध दुष्कर्म कर हत्या कर देने का आवेदन दिया था। जसपर थाना कांड संख्या 78/2023 में प्राथमिकी दर्ज कर आरोपी के गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही थी। आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया।

### 14 वर्षीय किशोरी के आत्महत्या मामले में पिता गिरफ्तार, भेजा जेल

**चतरा।** गिद्धौर थाना क्षेत्र में परिजनों द्वारा जबरन बाल विवह तय करने से क्षुब्ध 14 वर्षीय नाबालिग किशोरी ने विषपान कर आत्महत्या कर ली। हालाकि मामले में पुलिस ने त्वरीत कार्रवाई करते हुए गिद्धौर थाना कांड संख्या 80/2023 में मामला दर्ज कर नाबालिग के पिता को बाल विवाह तय कर प्रताड़ीत करने के आरोप में गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पुलिस के अनुसार पिता व चाची के द्वारा नाबालिग छात्रा को प्रताड़ित किया जाता था। छात्रा तंग आकर विषपान कर आत्महत्या कर ली। दूसरी ओर मृतका द्वारा पुलिस को 100 नंबर पर कॉल कर बाल विवाह कराने की सूचना दी थी, जिसपर पुलिस द्वारा पिता को समझा बुझा कर 18 वर्ष की उम्र नहीं होने तक विवाह नहीं कराने की हिदायत दी थी। उसके बाद रात में किशोरी ने विषपान कर खुदकुशी कर ली।

### दीपावली की रात मजदूर का कच्चा घर गिरा, बड़ी घटना घटने से बची



**बारियातु।** प्रखंड के गाड़ी गांव निवासी सोनी देवी पति मिथिलेश राम का रविवार रात एकाएक मिट्टी खपरैल घर भरभराकर गिर गया। पीड़ित महिला सोनी देवी ने बताया कि दीपावली की रात्रि  पति व बच्चे सभी घर पर सो रहे थे। अचानक घर गिरने की आवाज सुनकर हम सभी बाहर निकल गए, जिससे बड़ी घटना होने से बच गई। पीड़िता ने उसका पति मेहनत मजदूरी कर परिवार का जीवन यापन करता है। आर्थिक तंगी के कारण अपने से घर बना पाना संभव नहीं है। सरकार द्वारा पीएम आवास योजना का आजतक लाभ नहीं मिला है। घर गिरने से आलू की खेती भी पूरी तरह दब गई। साथ ही घर की कई उपयोगी सामग्री भी क्षतिग्रस्त हो गई है। पीड़िता ने उपायुक्त से पीएम आवास योजना का लाभ दिलाने की गुहार लगाई है।

### लातेहार में धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाई गई दीपावली

# दीपों की रौशनी से जगमगाया जिला

**नवीन मेल संवाददाता। चंदवा/महुआडांड/बारियातु/बरवाडीह/लातेहार**

जिला मुख्यालय के साथ सभी प्रखंड मुख्यालयों और गांवों में रविवार को दीपों का त्योहार दीपावली हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। रंग-बिरंगी रौशनी से पूरा क्षेत्र जगमग हो उठा।

चंदवा शहर समेत ग्रामीण क्षेत्रों में दीपोत्सव का त्योहार दीपावली रविवार को पूरे हर्सोउल्लास के साथ संपन्न हो गया। लोगों ने अपने-अपने घरों और प्रतिष्ठानो में भगवान गणेश व धन की देवी लक्ष्मी की प्रतिमा स्थापित कर पूजा अर्चना की और अपने परिवार की सुख समृद्धि की कामना की। दीपावली को लेकर पूरा शहर रंग बिरंगी रौशनी से जगमगा रहा था। पर्व को लेकर शहर में दिनभर चहल पहल रही। गणेश और लक्ष्मी की प्रतिमा और पटाखा दुकानों में काफी भीड़ देखी गई। देर रात तक लोगों ने आतिशबाजी भी की। लोगों ने अपने अपने घरों और प्रतिष्ठानों को आकर्षक तरीके से फूल, मिट्टी के दिये और झालरों से सजाया था। महिलाओं के द्वारा घर के आंगन में बनाई गई आकर्षक रंगोलियां खूबसूरती में चार चांद लगा रही थीं। थाना प्रभारी सुभम कुमार के नेतृत्व में चंदवा पुलिस काफी मुस्तैद दिखी। विभिन्न चौक चौराहों पर पुलिस बल की तैनाती की गई थी।





#### महुआडांड़ : हर्षोल्लास से दीपावली हुई संपन्न

हर्ष, उल्लास के साथ दीपावली का त्योहार पूरे प्रखंड में मनाया गया। लोगों ने घरों की साफ-सफाई कर आकर्षक ढंग से सजावट कर मां लक्ष्मी एवं गणेश की पूजा कर सुख, समृद्धि, शांति, ऐश्वर्य और सौहार्द की प्रार्थना की। पारंपरिक तरीके से घरों में मिट्टी के दीये जलाए। शाम से ही रोशनी की सुंदर छटा जब बिखरी तो पूरा प्रखंड चकाचौंध हो गया। बच्चों व बड़ों ने भी फुलझड़िया और पटाखे फोड़कर खुशियां मनाई। दीपावली पर्व को लेकर मिष्ठान भंडारों में मिठाई की काफी बिक्री हुई। सभी घरों में लक्ष्मी के आगमन को लेकर रंगोली का निर्माण किया गया। बच्चियों द्वारा एक से बढ़कर एक रंगोली का निर्माण किया गया था। शाम में जब बनाई गई रंगोली में दीप जलाई गई तो रंगोली अपनी रंगत में आ गई।

#### बारियातु : शांति व उल्लास से मनाई गई दीपावली

प्रखंड क्षेत्र दीपावली शांति और उल्लास के साथ मनाई गई। फुलसु बालूभांग, बारियातु, साल्वे, अमरवाड़ीह शिबला विश्रामपुर राजगुरु कुनिया सहित विभिन्न गावों में ग्रामीणों ने पारंपरिक तरीके से त्योहार मनाया। वहीं कई स्थानों पर जतरा मेला का भी आयोजन किया। अमरवाड़ीह फुलबसिया में भव्य जतरा मेला का आयोजन किया गया। रंगारंग नागपुरी प्रोग्राम का भी आयोजन किया गया। विश्रामपुर व गोनिया के समीप डरलगवा में  में भी मेला का आयोजन किया गया।

# छठ पूजा की सामग्रियों का वितरण आज से करेगी

**महुआडांड़।** दीपावली खत्म होते ही अब लोगों के दिलों में छठ महापर्व को लेकर आस्था का सैलाब उमड़ने लगा है। स्थानीय दुर्गा बाड़ी परिसर में हिंदू महासभा की ओर इस वर्ष भी आगामी 14 नवंबर से छठ व्रतियों के लिए लागत राशि पर व गरीब तबके के लोगों के लिए फ्री में छठ पूजा की सामग्रियों का वितरण किया जाएगा। इसकी जानकारी देते हुए महुआडांड़ हिंदू महासभा के अध्यक्ष मनोज जायसवाल ने बताया कि यदि कोई छठव्रती की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं है, या कोई निःशुल्क में सामग्री प्राप्त करना चाहता है तो उन्हें भी हिंदू महासभा सामग्री उपलब्ध करा रही है। दुर्गा बाड़ी परिसर में गेहूं, तेली समाज की ओर से गुड़, भोला सोनी एवं राजेश सोनी की ओर से चावल तथा सत्येंद्र प्रसाद व उषा देवी की ओर से सुप का वितरण भी निःशुल्क किया जाएगा। जायसवाल ने सभी छठव्रती से आग्रह किया है कि वे स्थानीय दुर्गा बाड़ी परिसर से सामग्री प्राप्त कर सकते हैं। छठ व्रतियों के लिए धोती साड़ी कपड़ा भी उपलब्ध कराया गया है। वहीं खीर-भोजनी के दिन छठव्रतियों के लिए लागत मूल्य पर दूध की भी व्यवस्था की गई है। वहीं पूर्व उपप्रमुख सरिता जायसवाल की ओर से उनके आवास पर छठ व्रतियों के लिए निःशुल्क आम की सूखी लकड़ी का वितरण किया जा रहा है। इच्छुक व्यक्ति उनके आवास से प्राप्त कर सकते हैं।

# 'पीएम की यात्रा आदिवासी अस्मिता से भद्दा मजाक'

**नवीन मेल संवाददाता। लातेहार**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 15 नवंबर को बिरसा मुंडा के गांव उलीहातु (खूंटी) से विकसित भारत संकल्प यात्रा शुरू करने वाले हैं। इस यात्रा का राज्य के कई जन संगठनों व सामाजिक कार्यकर्ताओं द्वारा लोकतंत्र बचाओ 2024 की ओर से - अंबिका यादव, अलोका कुजूर, भाषान मानमी, दिनेश मुर्मू, कुमार चंद्र मार्डी, लालमोहन सिंह खेरवार, मेरी निशा हंसदा, मंथन, पकू टुडु, रमेश जेराई, रेशमी देवी, सिराज दत्ता आदि ने पुरजोर विरोध किया है। प्रेस विज्ञप्ति में कहा है कि यह सरकारी उपलब्धियों को बताने का अभियान है। असल में यह भाजपा का 2024 के संसदीय चुनाव की प्रचार यात्रा है। कार्यक्रम को भाजपाई रंग देने के लिए सरकारी अधिकारियों को रथ प्रभारी का नाम दिया गया था। जन दबाव के बाद उन्हें नोडल पदाधिकारी का नाम वापस दिया गया।

# परती गांव में साप्ताहिक बाजार का हुआ उद्घाटन



**नवीन मेल संवाददाता। केतार**

प्रखंड क्षेत्र के परती गांव के बस स्टैंड में मुखिया मुन्नी देवी ने साप्ताहिक हॉट बाजार का उद्घाटन किया। इस मौके पर मुखिया मुनी देवी ने कहा कि इससे पहले परती गांव में गुरुवार को बाजार लगता था लेकिन अब सप्ताह में दो दिन सोमवार और गुरुवार को बाजार लगेगा। इससे आसपास के गांवों के लोगों को अब खरीदारी करने में सहूलियत होगी। उक्त बाजार में सीमावर्ती बिहार और उत्तर प्रदेश के गांव के भी लोग बाजार करने आते हैं। मौके पर सुदेश्वर चौधरी, नागेंद्र प्रजापति, पप्पू चौधरी, त्रिपुरारी यादव, संतोष प्रजापति, धर्मेंद्र कुमार सहित दर्जनों लोग मौजूद थे।

## बैठक में फुटबॉल टूर्नामेंट के आयोजन को लेकर किया गया विचार विमर्श

**डंडई।** प्रखंड स्तरीय नीलांबर पीतांबर फुटबॉल टूर्नामेंट के आयोजन को लेकर प्रखंड के प्रबुद्ध ग्रामीणों के बीच बैठक हुई।

किसान उच्च विद्यालय परिसर में आयोजित बैठक के दौरान अनुमंडल गढ़वा विधायक प्रतिनिधि सह खेल कमेटी के अध्यक्ष अलख निरंजन प्रसाद, प्रमुख प्रतिनिधि घूरबीगण बैठा ने बताया कि प्रखंड में हर वर्ष प्रखंड स्तरीय फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन होता है। मैच में कई गांव के खिलाड़ी भाग लेंगे। उन्होंने कहा कि पूर्व की तुलना में इस बार आकर्षक और बेहतर रूप में खेल का आयोजन होने की उम्मीद है। खेल कमेटी का अध्यक्ष अलख निरंजन प्रसाद तो दिलीप पटवा को सचिव बनाया गया है। मौके पर नीलकंठ सिंह, गुप्तेश्वर प्रसाद, रणविजय सिंह, जितेंद्र ठाकुर, अशोक प्रसाद, ओमप्रकाश पांडे, सुरेंद्र सिंह, पंकज यादव, विजय राम, रामजन्म सिंह इत्यादि उपस्थित थे।

# नदी में डुबने से युवक की मौत

**नवीन मेल संवाददाता। केतार**

केतार थाना क्षेत्र के पाचाडुमर गांव में रविवार की दोपहर गाजमती नदी में नहाने के दौरान पानी में डुबने से उपाध्याय पासवान नामक युवक की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार युवक घर की साफ-सफाई कर घर के बगल में स्थित नदी में स्नान करने गया था। इसी दौरान डुबने से उसकी मौत हो गई। काफी देर बाद भी घर नहीं लौटने पर परिजनों ने खोजबीन की तो उसका शव नदी में उतराता हुआ मिला। घटना की जानकारी के बाद एसआई उस्मान सेख घटनास्थल पर पहुंचकर शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल गढ़वा भेज दिया। पोस्टमार्टम के बाद गांव के ही सोन नदी तट पर युवक का अंतिम संस्कार किया गया। इस घटना से गांव में दीपावली की खुशी मातम में बदल गयी। मौके पर प्रमुख प्रतिनिधि सुरेंद्र प्रसाद, मुखिया श्याम सुंदर बैठा, उप मुखिया प्रदुमन प्रसाद, गुडन पासवान, सुधीर ठाकुर हीरालाल ठाकुर सहित अन्य लोग मौजूद थे।



# राजी बाजार का मनाया गया स्थापना दिवस

**नवीन मेल संवाददाता। खरौंधी**

प्रखंड के राजी बाजार में सोमवार को ग्रामीणों ने बाजार का 39वां स्थापना दिवस मनाया। इससे पूर्व राजी पंचायत के ग्रामीणों ने राजी बाजार में स्थित चौपाल में जमा हुए। वही ग्रामीणों ने केक काटा। एक दूसरे को मिठाई खिलाकर शुभकामनाएं दी। मुखिया संतोष सिंह कहा राजी में बाजार लगने से लोगों को रोजगार के अवसर मिले। बाजार में व्यवसाई के साथ-साथ किसान भी क्रय विक्रय कर परिवार का पालन पोषण करते हैं। इससे पूर्व लोगों को दैनिक उपयोग में आने वाले सामानों को खरीदने खरौंधी तथा यूपी के कोन जाना पड़ता था। लोगों को अधिक पैसा के साथ अधिक समय भी लग जाता था। वहीं भाजपा नेता नरेश पासवान ने कहा कि राजी पंचायत तथा आसपास के ग्रामीणों के सहयोग से 13 नवंबर 1985 को बाजार लगाया गया था। उसी समय से राजी में लगातार बाजार लग रहा है। मौके पर डॉ बीके सिंह, देवकुमार यादव, मनोज सोनी, सत्यनारायण चौधरी, शशि पासवान, अजय पासवान, आदित्य प्रसाद गुप्ता, हरिवंश पासवान, रोहित पासवान, सोनू सोनी, उदय मेहता, सोनू पासवान आदि उपस्थित थे।



# कार-बाइक की भिड़ंत में दो गंभीर, ग्रामीणों ने कोल वाहनों का परिचालन कराया बंद

**नवीन मेल संवाददाता। टंडवा (चतरा)**

टंडवा प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत रांची-टंडवा मुख्य पथ स्थित कल्याणपुर पुल के समीप सोमवार सुबहबाइक व कार में सीधी टक्कर हो गई, जिसमें बाइक व कार दोनों के परखच्चे उड़ गए। वहीं घटना में बाइक सवार संतोष उरांव व रौशन उरांव गंभीर रुप से घायल हो गए। दोनो घायल टंडवा प्रखंड प्रमुख रीना देवी के भतीजे हैं।

प्राथमिक उपचार के बाद घायलों को रांची रिंची हॉस्पिटल में इलाज कराया जा रहा है। इधर घटना से आक्रोशित लोगों ने मुआवजा तथा ग्रामीण सड़कों से कोयले की ट्रांस्पोर्टिंग बंद कराने की मांग को लेकर सुबह से हीं सड़क को जाम कर दिये जाने से कोयले की ट्रांस्पोर्टिंग बाधित रही। जबकि अन्य वाहनों का आवागमन जारी रखा गया है। समाचार लिखे जाने तक कोल वाहनों का परिचालन जारी नहीं हुआ था। स्थानीय ग्रामीणों ने उक्त मार्ग पर स्पीड ब्रेकर लगाने की मांग की है। पुलिस ने दोनों वाहनों को कब्जे में कर मामले की जांच शुरू कर दी है। घायलों की स्थिति चिंताजनक बताई जा रही है। सूत्रों के अनुसार दुर्घटनाग्रस्त कार एनटीपीसी में काम करने वाले किसी व्यक्ति की बताई जा रही है।

**अनदेखी** खनन विभाग के इंस्पेक्टर बोले, छठ पूजा के बाद की जाएगी कार्रवाई

# टंडवा में जोरों से हो रही अवैध बालू की ढुलाई



**नवीन मेल संवाददाता। टंडवा**

इन दिनों टंडवा प्रखंड क्षेत्र के आम्रपाली कोल परियोजना और एनटीपीसी में खूब हो रही है बालू की अवैध ढुलाई। जीएम कार्यलय के बगल में अवैध बालू के भंडारण कर संवेदक के द्वारा उठा लिया जाता है, जो साफ बता रहा है कि खनन्न विभाग कितना मेहरबान है। ऐसे में इन दिनों टंडवा प्रखंड में खूब फल-फूल रहा है अवैध बालू की ढुलाई का धंधा।

वहीं खनन्न विभाग आम नागरिकों पर कार्रवाई कर वाहवाही लूटने में लगी है। वहीं अवैध बालू की बेसुमार ढुलाई दुन्दुवा, उतराठी, नइपारम व टंडवा नदी से रात-दिन एनटीपीसी के लिए ढ़ोई जाती है, तो बड़की नदी बिंगलात, उड़सू, लकराही से आम्रपाली कोल परियोजना जाता है। बड़की नदी वृंदा, खैलहा, कटाही, किशुनपुर के बघलतवा नदी व लुकुईया नदी से बालू की ढुलाई 24 घंटे चालू रहती है। जो रेलवे साइडिंग जाता है, दिन हो या रात अवैध बालू की ढुलाई छोटे-बड़े कंपनियां धड़ले से करवा रही हैं। वहीं इन दिनों बालू के चालान की व्यवस्था नहीं होने से राज्य सरकार को करोड़ों रुपये राजस्व का नुकसान हो रहा है। इस मामले में जिला खनन विभाग के इंस्पेक्टर ने संपर्क करने पर कहा कि अवैध बालू की ढुलाई पर छठ पूजा के बाद उचित करवाई किया जाएगी।

# कार-बाइक की भिड़ंत में दो गंभीर, ग्रामीणों ने कोल वाहनों का परिचालन कराया बंद



**नवीन मेल संवाददाता। टंडवा (चतरा)**

टंडवा प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत रांची-टंडवा मुख्य पथ स्थित कल्याणपुर पुल के समीप सोमवार सुबहबाइक व कार में सीधी टक्कर हो गई, जिसमें बाइक व कार दोनों के परखच्चे उड़ गए। वहीं घटना में बाइक सवार संतोष उरांव व रौशन उरांव गंभीर रुप से घायल हो गए। दोनो घायल टंडवा प्रखंड प्रमुख रीना देवी के भतीजे हैं।

प्राथमिक उपचार के बाद घायलों को रांची रिंची हॉस्पिटल में इलाज कराया जा रहा है। इधर घटना से आक्रोशित लोगों ने मुआवजा तथा ग्रामीण सड़कों से कोयले की ट्रांस्पोर्टिंग बंद कराने की मांग को लेकर सुबह से हीं सड़क को जाम कर दिये जाने से कोयले की ट्रांस्पोर्टिंग बाधित रही। जबकि अन्य वाहनों का आवागमन जारी रखा गया है। समाचार लिखे जाने तक कोल वाहनों का परिचालन जारी नहीं हुआ था। स्थानीय ग्रामीणों ने उक्त मार्ग पर स्पीड ब्रेकर लगाने की मांग की है। पुलिस ने दोनों वाहनों को कब्जे में कर मामले की जांच शुरू कर दी है। घायलों की स्थिति चिंताजनक बताई जा रही है। सूत्रों के अनुसार दुर्घटनाग्रस्त कार एनटीपीसी में काम करने वाले किसी व्यक्ति की बताई जा रही है।

जिंदगी एक रंगमंच है, साहब किरदार ऐसा निभाओ कि पर्दा गिरने के बाद भी तालियां बजती रहें !
- अज्ञात

# स्थापना दिवस, क्या खोया-क्या पाया

***झारखंड*** में चिकित्सा व्यवस्था की स्थिति अच्छी नहीं है। इसकी एक खास वजह यह कि यहां विशेषज्ञ चिकित्सकों का टोटा है। बार-बार नियुक्ति के लिए आवेदन निकाले जाने के बाद भी यह कमी दूर नहीं हो पाई। दूसरी बार निकाली गई नियुक्ति में करीब 70 प्रतिशत पद रिक्त रह गये। यह चिन्ता की बात है। राज्य गठन के 23 वर्ष बाद भी स्थितियां यथावत हैं। बुधवार को झारखंड स्थापना दिवस है। इसकी तैयारी को मूर्त रूप देने में पूरा महकमा जुटा हुआ है। ऐसे में सवाल उठता है कि इतने दिनों की अवधि में हमने क्या खोया, क्या पाया ? राज्य की जनता इस बात को लेकर स्थापना के मौके पर मगजमारी करती दिखती है। कुल मिलाकर जुलाकर देखा जाये तो राजनीति की प्रधानता सबसे पहले रही है। इसके बाद संवेदनाओं के तार कभी-कभी गुहार करते दिखते हैं। बहरहाल हम बात कर रहे हैं, राज्य में योग्य डाक्टरों के बारे में। एक प्रकार से देखा जाये तो राज्य गठन के बाद से अभी तक परिस्थितियां नहीं बदली। विशेषज्ञों की कौन कहे,सामान्य चिकित्सकों की भी काफी कमी है। देखा जाये तो अधिकांश जगहों पर हृदय रोग,न्यूरो,छाती रोग के विशेषज्ञ डाक्टर नहीं हैं।कहीं -कहीं मनोरोग के विशेषज्ञ डाक्टर नहीं हैं। यही कारण है कि इलाज के लिए रिम्स रेफर कर दिया जाता है। भीड़ की वजह से यहां मरीजों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। गरीब मरीज बेमौत मर रहे हैं। दूसरी तरफ राज्य में निजी अस्पतालों की बाढ़ आ गयी है। जहां बेहिसाब पैसे मरीजों से वसूले जा रहे हैं। जानकारी के अनुसार प्रति तीन हजार व्यक्ति पर एक चिकित्सक होना चाहिए। लेकिन साढ़े तीन करोड़ की जनसंख्या वाले इस राज्य में लगभग साढ़े तीन हजार ही सरकारी चिकित्सक हैं। अनुभवी चिकित्सकों की कमी इस कारण है कि यहां सभी पदों को अनुसूचित जाति जन -जाति के लिए आरक्षित कर दिया गया है। दूसरी ओर आधारभूत संरचना और वेतन के आकर्षण में ज्यादातर विशेषज्ञ चिकित्सक कारपोरेट अस्पताल चले जाते हैं। राज्य सरकार को चाहिए कि वह स्वास्थ्य केन्द्र में बेहतर आधारभूत संरचना,वेतन आदि में करें। तभी विशेषज्ञ चिकित्सकों की कमी दूर होगी। स्थापना दिवस के मौके पर राज्य में हुए विकास और होने वाले की चर्चा होती है। लेकिन आज के दिन बुनियादी जरूरत रोटी,कपड़ा,मकान है। इन नारों में स्वास्थ्य को भी जोड़ा जाना चाहिए। कारण हेल्थ सबसे बड़ा धन है। इसके नहीं रहने से कोई भी राज्य विकास नहीं कर सकता है। राज्य में योग्य डाक्टरों की कमी के साथ स्वास्थ्य संस्थाओं को स्वस्थ्य करने की जरूरत है। ऐसे में हम कह सकते हैं कि इस बार के स्थापना दिवस के मौके पर सरकार इस दिशा में कार्य करने का संकल्प लेगी। बहरहाल यह पहला मौका है जब देश के प्रधानमंत्री बिरसा की धरती को नमन करने के लिए आ रहे हैं। वैसे राजनीति जो भी हो, झारखण्ड की गूंज समय-समय पर पूरे देश में सुनाई पड़ती है। यही कारण है कि इस धरती को समय-समय पर नमन किया जाता है। अपनी छाती में अकूत संपदा को समेटे झारखण्ड के नौनिहाल आज बदहाल हैं। यह बात किसी से छिपी नहीं है। ऐसे में अब वक्त आ गया है कि यहां की आवाज को देश सुने।

**हम बात कर रहे हैं, राज्य में योग्य डाक्टरों के बारे में। एक प्रकार से देखा जाये तो राज्य गठन के बाद से अभी तक परिस्थितियां नहीं बदली। विशेषज्ञों की कौन कहे,सामान्य चिकित्सकों की भी काफी कमी है। देखा जाये तो अधिकांश जगहों पर हृदय रोग,न्यूरो,छाती रोग के विशेषज्ञ डाक्टर नहीं हैं।**

# मासूम व चमकती आंखों का बचपन बदहाल क्यों?





ललित गर्ग

***बच्चों*** के अधिकारों, शिक्षा और कल्याण के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए पूरे भारत में बाल दिवस मनाया जाता है। हर साल 14 नवंबर को भारत के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू के जन्मदिन के अवसर पर यह दिवस मनाया जाता है। भारत के अलावा बाल दिवस दुनिया भर में अलग-अलग तारीखों पर मनाया जाता है। कहा जाता है कि पंडित नेहरू बच्चों से बेहद प्यार करते थे इसलिए उनके जन्मदिन को बाल दिवस के रूप में चुना गया। पंडित नेहरू बच्चों को देश के भविष्य की तरह देखते थे। नेहरू ने बच्चों के मासूम चेहरों और चमकती आँखों में भारत का भविष्य देखा। उनका कहना था कि बच्चों का जैसा पालन-पोषण करेंगे वह देश का भविष्य निर्धारित करेगा। लेकिन उनका यह बचपन रूपी भविष्य आज नशे एवं अपराध की दुनिया में धंसता चला जा रहा है। बचपन इतना डरावना एवं भयावह हो जायेगा, किसी ने कल्पना भी नहीं की होगी। आखिर क्या कारण है कि बचपन अपराध की अंधी गलियों में जा रहा है? बचपन इतना उपेक्षित एवं बदहाल क्यों हो रहा है? बचपन के प्रति न केवल अभिभावक, बल्कि समाज और सरकार इतनी बेपरवाह कैसे हो गयी है? यह प्रश्न बाल दिवस मनाते हुए हमें झकझोर रहे हैं। बाल मजदूरी से बच्चों का भविष्य अंधकार में जाता ही है, देश भी इससे अछूता नहीं रहता क्योंकि जो बच्चे काम करते हैं वे पढ़ाई-लिखाई से कोसों दूर हो जाते हैं और जब ये बच्चे शिक्षा ही नहीं लेंगे तो देश की बागडोर क्या खाक संभालेंगे? इस तरह एक स्वस्थ बाल मस्तिष्क विकृति की अंधेरी और संकरी गली में पहुँच जाता है और अपराधी की श्रेणी में उसकी गिनती शुरू हो जाती हैं। महान विचारक कोलरिज के ये शब्द-'पीड़ा भरा होगा यह विश्व बच्चों के बिना और कितना अमानवीय होगा यह वृद्धों के बिना?' वर्तमान संदर्भ में आधुनिक पारिवारिक एवं सामाजिक जीवन शैली पर यह एक ऐसी टिप्पणी है जिसमें बचपन की उपेक्षा को एक अभिशाप के रूप में चित्रित किया गया है। जब हम किसी गली, चौराहे, बाजार, सड़क और हाईवे से गुजरते हैं और किसी दुकान, कारखाने, रैस्टोरैंट या ढाबे पर 4-5 से लेकर 12-14 साल के बच्चे को टायर में हवा भरते, पंक्चर लगाते, चिमनी में मुंह से या नली में हवा फूंकते, जूठे बर्तन साफ करते या खाना परोसते देखते हैं और जरा-सी भी कमी होने पर उसके मालिक से लेकर ग्राहक द्वारा गाली देने से लेकर, धकियाने, मारने-पीटने और दुर्व्यवहार होते देखते हैं तो अक्सर 'हमें क्या लेना है' या ज्यादा से ज्यादा मालिक से दबे शब्दों में उस मासूम पर थोड़ा रहम करने के लिए कहकर अपने रास्ते हो लेते हैं। लेकिन कब तक हम बचपन को इस तरह प्रताड़ित एवं उपेक्षा का शिकार होने देंगे। किसी भी राष्ट्र का भावी विकास और निर्माण वर्तमान पीढ़ी के मनुष्यों पर उतना अवलम्बित नहीं है जितना कि आने वाली कल की नई पीढ़ी पर। अर्थात आज का बालक ही कल के समाज का सृजनहार बनेगा। बालक का नैतिक रूझान व अभिरूचि जैसी होगी निश्चित तौर पर भावी समाज भी वैसा ही बनेगा। इसमें कोई दो राय नहीं कि बालक नैतिक रूप से जिसे सही समझेगा, आने वाले कल के समाज में उन्हीं गुणों की भरमार का होना लाजिमी है। ऐसी स्थितियों में हम बचपन को शिक्षा की ओर अग्रसर न करके उनसे बंधुआ मजदूरी कराते हैं, इन स्थितियों का उन पर कितना दुष्प्रभाव पड़ता है, और इन कमजोर नींवों पर हम कैसे एक सशक्त राष्ट्र की कल्पना कर सकते हैं? कैसा विरोधाभास है कि हमारा समाज, सरकार और राजनीतिज्ञ बच्चों को देश का भविष्य मानते नहीं थकते लेकिन क्या इस उम्र के लगभग 25 से 30 करोड़ बच्चों से बाल मजदूरी के जरिए उनका बचपन और उनसे पढने का अधिकार छीनने का यह सुनियोजित षड्यंत्र नहीं लगता? मिसाल के तौर पर एक कानून बनाकर हमने बच्चों से उनका बचपन छिनने की कुचेष्टा की है। इस कानून में हमने यदि पारिवारिक कामधंधा या रोजगार है तो 4 से 14 की उम्र के बच्चों से कानूनन काम कराया जा सकता है और कोई उनका कुछ नहीं बिगाड़ सकता। यह कैसी विडम्बना है कि जब इस उम्र के बच्चों को स्कूल में होना चाहिए, खानदानी व्यवसाय के नाम पर एक पूरी पीढ़ी को शिक्षा, खेलकूद और सामान्य बाल्य सुलभ व्यवहार से वंचित किया जा रहा है और हम अपनी पीठ थपथपाये जा रहे हैं। बच्चों को बचपन से ही आत्मनिर्भर बनाने के नाम पर हकीकत में हम उन्हें पैसा कमाकर लाने की मशीन बनाकर अंधकार में धकेल रहे हैं। बचपन को लेकर सरकार और समाज का नजरिया कितना विडम्बनापूर्ण है, इसे हमें समझना होगा। संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 1979 में बाल मजदूरी के खिलाफ एक प्रस्ताव पास किया, जिसे ध्यान में रखते हुए 1986 में भारत सरकार ने बाल श्रम निषेध एवं विनियम कानून का रूप दिया। इस कानून को गुरुपाद स्वामी समिति की सिफारिशों पर 14 अगस्त 1987 को मंत्रिमंडल द्वारा मंजूरी दी गई। इस नीति का उद्देश्य बच्चों को रोजगार से हटाकर उनका समुचित रूप से पुर्नवास कराना था, इस कानून के मुताबिक 5 से 14 साल के बच्चे काम नहीं करेंगे और यदि करते हुए पाये गये तो काम कराने वालों पर कानूनी कार्रवाई का भी प्रावधान बनाया गया। साथ ही 64 ऐसे क्षेत्र निर्धारित किये गये थे जो बच्चों के काम करने के लिहाज से खतरनाक थे जैसे सिल्क बुनाई, कांच, बीड़ी, कारपैट बुनाई, कोयले की खान आदि। संशोधित बिल में परिवार के कारोबार, एंटरटेनमैंट और स्पोटर्स एक्टिविटी जैसे सैक्टर छोड़कर बाकी सभी सैक्टरों में बालश्रम को प्रतिबंधित किया गया है लेकिन घरेलू रोजगार के नाम पर उनसे कैसा भी काम लिया जा सकता है। इस बिल के साथ ही बहुत सारे एन.जी.ओ. ने इस बिल की बारीकियों पर ध्यान देना शुरू किया। बचपन बचाओ आंदोलन, चाइल्ड फंड, केयर इंडिया, तलाश एसोसिएशन, चाइल्ड राइट्स और ग्लोबल मार्च अगेंस्ट चाइल्ड लेबर आदि संस्थाओं ने बाल श्रम खत्म करने की दिशा में इस बिल की कमियों को उजागर करते हुए संदेह जताया है कि इसके लागू होने पर बच्चों के बचपन और शिक्षा के अधिकार का हनन होगा क्योंकि अगर वे घर पर ही पारिवारिक व्यवसाय के नाम पर मजदूरी करेंगे तो पढने-लिखने, खेलने-कूदने कब जायेंगे। क्या यह उनके लिए समुचित शिक्षा का प्रबंध न कर सकने की अयोग्यता को छिपाना नहीं है? नोबेल पुरस्कार विजेता कैलाश सत्यार्थी ने कड़ी प्रतिक्रिया देते हुए अपना विरोध व्यक्त किया है। चाइल्ड राइट ट्रस्ट की ओर से डाक्टर आर. पदमिनी का कहना है कि बिल में जो भी संशोधन किये गये हैं उसने बच्चों के शोषण और दुरुपयोग के लिए अनौपचारिक रूप से दरवाजे खोल दिये हैं।

**भारत के अलावा बाल दिवस दुनिया भर में अलग-अलग तारीखों पर मनाया जाता है। कहा जाता है कि पंडित नेहरू बच्चों से बेहद प्यार करते थे इसलिए उनके जन्मदिन को बाल दिवस के रूप में चुना गया। पंडित नेहरू बच्चों को देश के भविष्य की तरह देखते थे।**

**इन दिनों**

## बोधि वृक्ष

### *आइये सुने माता छिन्नमस्तिका की कथा*

***परन्तु*** इतना होने पर भी जब सहायक सहचरियों अजया और विजया की रुधिर पिपासा शांत नहीं हो पाई तो माँ ने अपना मस्तक काटकर अपने रक्त से उनकी रक्त प्यास बुझाई। इस वजह से माता को छिन्नमस्तिका नाम से भी पुकारा जाने लगा। एक बार माँ छिन्नमस्तिका अपनी दो सहचरियों के संग मन्दाकिनी नदी में स्नान के लिए गयीं। स्नान के पश्चात माँ की दोनों सहचरियों को बहुत तेज भूख का आभास होने लगा। सहचरियों ने भोजन के लिये भवानी से कुछ मांगा। माँ ने कुछ देर प्रतिक्षा करने को कहा। सहचरियों की भूख बढ़ती जा रही थी। कहते हैं की भूख कि पीड़ा से उनका रंग काला होता जा रहा था। तब सहचरियों ने नम्रतापूर्वक माँ से कहा की 'मां तो भूखे शिशु को अविलम्ब भोजन प्रदान करती है'। ऐसा वचन सुनते ही भवानी ने बिना एक भी क्षण गंवाए, खडग से अपना ही सिर काट दिया। कटा हुआ सिर उनके बायें हाथ में आ गिरा और तीन रक्तधाराएं बह निकली। दो धाराओं को उन्होंने सहचरियों की और प्रवाहित कर दिया तीसरी धारा जो ऊपर की प्रबह रही थी, उसे देवी स्वयं पान करने लगी। अब माँ की दोनों सहचरियां रक्त पान कर तृप्त हो गयीं थीं। मान्यता है की तभी से माँ को छिन्नमस्ता के रूप में जाना जाने लगा और माँ इस 'छिन्नमस्तिका' नाम से विख्यात हो गयीं। माँ को अपने भक्त अत्यंत प्रिय हैं। भक्तों के लिए वात्सल्य की प्रतिमूर्ति है माँ। यदि भक्तों के लिए माँ को अपना सर भी काटना पड़ जाये तो माँ देर नहीं करती। अपना लहू पिलाकर भी भक्तों को नया जीवन प्रदान करती है माँ। माँ का बखान करना तो अपने बस की बात नहीं है, बस यूँ ही समझ लीजिये की कुछ कुछ ऐसी है हमारी माँ छिन्नमस्तिका .. जय मां

(समाप्त)

# वोकल फॉर लोकल अभियान में बाजारों से चीनी सामान समाप्त



नीरज कुमार दुबे

***मोदी*** की अपीलें क्या और कितना असर करती हैं इसका उदाहरण अगर देखें तो प्रधानमंत्री ने रक्षा बंधन से पहले 'मन की बात' कार्यक्रम के जरिये लोगों को वोकल फॉर लोकल मंत्र की याद दिलाई तो बाजार से चीनी राखियां गायब हो गयीं और हर ग्राहक सिर्फ भारतीय राखियां मांग रहा था। देश हमारा, धर्म हमारा, देवी-देवता हमारे और पर्व-त्योहार हमारे तो पैसा चीन क्यों कमाये? यह सवाल हम इसलिए कर रहे हैं क्योंकि हाल के वर्षों तक भारतीय बाजारों में देखने को मिलता था कि खिलौने से लेकर मोबाइल तक, पर्वों-त्योहारों पर मूर्तियों से लेकर मिट्टी के दीये और अन्य सजावटी सामान तक, डाइपर से लेकर वाइपर तक, टीवी से लेकर कम्प्यूटर तक... सबकुछ मेड इन चाइना मिला करता था। ऐसे में भारतीय व्यापारियों का माल नहीं बिक पाने से उनको तो नुकसान होता ही था साथ ही भारतीय सामान की मांग नहीं होने के चलते श्रमिकों को भी काम नहीं मिलता था। लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश को आत्मनिर्भर बनाने का अभियान छेड़ते हुए 'वोकल फॉर लोकल' की जो अपील की वह देखते ही देखते एक बड़ा जन-आंदोलन बन गया। सरकारी समर्थन के चलते स्वरोजगार की राह पर भारतीय इतना आगे बढ़ गये कि ऐसे तमाम उत्पाद भारत में ही बनने लगे जोकि कल तक चीन से आयात किये जाते थे। कम लागत और उच्च गुणवत्ता के चलते भारतीय उत्पाद देसी बाजारों के अलावा अंतरराष्ट्रीय बाजारों में भी छाने लगे गये हैं। भारतीय बाजारों से जिस तेजी से चीनी माल गायब होता जा रहा है उसको देखते हुए कहा जा सकता है कि मोदी ने भारतीय बाजारों से चीन का कब्जा समाप्त करने में सफलता पाई है। आप चाहे शहरों की बात कर लें या गांवों की, हर जगह यही देखने को मिलेगा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 'वोकल फॉर लोकल' और 'मेड फॉर ग्लोबल' या 'मेक फॉर वर्ल्ड' जैसी अपीलें सुपरहिट साबित हुई हैं। आज दीपावली पर जिस तरह ऑनलाइन बिक्री मंचों से लेकर बड़े-बड़े मॉलों, सुपरमाकेटों और स्थानीय दुकानों तक पर सिर्फ और सिर्फ मेड इन इंडिया उत्पादों की मांग है उसने मोदी को वोकल फॉर लोकल अभियान के ब्रांड एंबेसडर के रूप में भी स्थापित कर दिया है। यह मोदी के नेतृत्व का ही कमाल है कि उन्होंने भारतीयों में आत्मनिर्भर बनने का ऐसा उत्साह जगा दिया है कि युवाओं में स्टार्टअप खोलने या अपना व्यवसाय खड़ा करने की होड़ लग गयी है। वोकल फॉर लोकल अभियान की सफलता दर्शाती है कि मोदी भारत के पहले ऐसे प्रधानमंत्री हैं जिनका दिया हर नारा लोगों के बीच असर करता है, मोदी भारत के पहले ऐसे प्रधानमंत्री हैं जो हर भारतीय को एक उद्यमी के रूप में देखना चाहते हैं और इसके लिए लोगों को प्रोत्साहित भी करते हैं। मोदी की अपीलें क्या और कितना असर करती हैं इसका उदाहरण अगर देखें तो प्रधानमंत्री ने रक्षा बंधन से पहले 'मन की बात' कार्यक्रम के जरिये लोगों को वोकल फॉर लोकल मंत्र की याद दिलाई तो बाजार से चीनी राखियां गायब हो गयीं और हर ग्राहक सिर्फ भारतीय राखियां मांग रहा था। नवरात्रि और दीपावली से पहले देश में कारोबार को गति देने के लिए प्रधानमंत्री ने 'मन की बात' में एक बार फिर वोकल फॉर लोकल की याद दिलाई तो चाहे ऑनलाइन सेल हो या स्थानीय बाजारों की महासेल, सभी जगह सिर्फ और सिर्फ भारतीय सामान की ही मांग रही। मोदी चूंकि कुशल संगठनकर्ता भी हैं इसलिए वह अपने हर अभियान से बड़ी संख्या में लोगों को जोड़ना भी जानते हैं। जैसे अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के जरिये उन्होंने पूरी दुनिया को योग से जोड़ दिया। इसी प्रकार वोकल फॉर लोकल अभियान से हर भारतीय को जोड़ने के लिए उन्होंने इस दिवाली पर स्थानीय स्तर पर विनिर्मित उत्पाद खरीदने और उस उत्पाद या उसके निर्माता के साथ एक सेल्फी 'नमो ऐप' पर साझा करने का आह्वान किया जोकि सुपरहिट तो रहा ही साथ ही इसने किसी एक अभियान के दौरान सेल्फी लेने का नया रिकॉर्ड भी बना दिया।


**भारतीय बाजारों से जिस तेजी से चीनी माल गायब होता जा रहा है उसको देखते हुए कहा जा सकता है कि मोदी ने भारतीय बाजारों से चीन का कब्जा समाप्त करने में सफलता पाई है।**

**चीनी सामान**

## फोटो की दुनिया



**फेसबुक वॉल से**




# अहंकार का नाश करती है गोवर्धन पूजा



योगेश कुमार गोयल

***पांच*** दिवसीय दीपावाली पर्व की शुरूआत धनतेरस से होती है और चौथे दिन कार्तिक माह के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि को गोवर्धन पूजा की जाती है लेकिन इस वर्ष गोवर्धन पूजा की तिथि को लेकर लोगों में भ्रम की स्थिति है। चूंकि हिन्दू धर्म में उदया तिथि को विशेष महत्व दिया जाता है, इसीलिए द्रिक पंचांग के अनुसार गोवर्धन पूजा का पर्व 14 नवंबर को मनाया जायेगा। हालांकि कुछ ज्योतिषाचार्यों के अनुसार 13 नवंबर को भी गोवर्धन पूजा की जा सकती है लेकिन 14 नवंबर को गोवर्धन पूजा करने का शुभ मुहूर्त प्रातः 6:43 से प्रारंभ होकर 8.52 तक सर्वोत्तम है। 14 नवंबर दो बजे के बाद भाई दूज की तिथि शुरू होगी। कार्तिक मास की शुक्ल प्रतिपदा को मनाये जाने वाले इस पर्व को 'अन्नकूट पर्व' के नाम से भी जाना जाता है। इस दिन घर में गाय के गोबर से गोवर्धन की मानव रूपी आकृति बनाकर उसकी पूजा की जाती है तथा तरह-तरह के व्यंजन बनाकर गोवर्धन को भोग लगाया जाता है। इन व्यंजनों को 'छप्पन भोग' की संज्ञा दी जाती है। अन्नकूट पर्व के दिन गोपूजा का भी विशेष महत्व है। इसी कारण इस दिन बहुत से लोग गाय, बैल तथा अन्य पशुओं की सेवा करते हैं और गायों की आरती भी उतारी जाती है। इस दिन शाम के समय गोवर्धन पूजन के समय भगवान विष्णु, भगवान श्रीकृष्ण के साथ-साथ दैत्यराज महाप्रतापी एवं महादानवीर बलि का भी पूजन किया जाता है। माना जाता है कि इस पर्व का प्रचलन द्वापर युग से शुरू हुआ था और तभी से हर वर्ष कार्तिक शुक्ल प्रतिपदा को यह पर्व मनाया जाता रहा है। ऐसी मान्यता है कि इस दिन भगवान श्रीकृष्ण ने देवराज इन्द्र के अहंकार को चूर-चूर कर गोकुलवासियों को गोधन के महत्व से परिचित कराया था। इस दिन गोबर से गोवर्धन बनाकर उसकी पूजा की जाती है। वेदों में इस दिन वरुण, इन्द्र और अग्निदेव के पूजन का भी विधान है। पुराणों में बताया गया है कि इस दिन भगवान विष्णु ने लक्ष्मी सहित समस्त देवी-देवताओं को बलि की कैद से मुक्त कराया था। इस पर्व के संबंध में द्वापर युग की एक कथा प्रचलित है। एक बार भगवान श्रीकृष्ण अपने बाल सखाओं के साथ गायों को चराते हुए गोवर्धन पर्वत की तराई में पहुंच गये। वहां उन्होंने देखा कि हजारों गोप-गोपियां बड़े उत्साह से नाच-गाकर कोई उत्सव मना रहे हैं और 56 प्रकार के व्यंजन वहां रखे हैं। श्रीकृष्ण के पूछने पर गोपियों ने बताया कि आज के दिन वृत्रासुर नामक राक्षस का वध करने वाले मेघों व देवों के राजा इन्द्र का पूजन किया जाता है क्योंकि उनकी कृपा से ही ब्रज में वर्षा होती है और अन्न पैदा होता है। यह सुनकर श्रीकृष्ण ने वहां उपस्थित समस्त ब्रजवासियों से कहा कि अगर देवराज इन्द्र स्वयं यहां आकर भोग लगाये, तभी तुम्हें यह उत्सव मनाना चाहिए। ब्रजवासी श्रीकृष्ण की बात से सहमत नहीं हुए। गोपियों ने श्रीकृष्ण से कहा, 'अगर इन्द्र को प्रसन्न करने के लिए 'इन्द्रोज' नामक यह यज्ञ नहीं किया गया तो समस्त ब्रजवासियों को इन्द्र के कोप का सामना करना होगा और समूचा ब्रज अकाल या बाढ़ की चपेट में आ जायेगा। इसलिए हमें यह यज्ञ हर हाल में करना ही चाहिए।' इस पर श्रीकृष्ण ने कहा, 'इन्द्र में क्या शक्ति है? उससे ज्यादा शक्तिशाली तो हमारा यह गोवर्धन पर्वत है और ब्रज में इसी के कारण वर्षा होती है। इसलिए हमें इन्द्रोज यज्ञ करने के बजाय गोवर्धन की पूजा करनी चाहिए।' काफी वाद-विवाद के पश्चात ब्रजवासी इन्द्र के बजाय गोवर्धन की पूजा करने के लिए तैयार हो गये। सभी अपने घरों से पकवान लाकर श्रीकृष्ण द्वारा बताई विधि के अनुसार गोवर्धन का पूजन करने लगे। श्रीकृष्ण ने तब गोवर्धन पर्वत में अपना दिव्य रूप प्रविष्ट कराकर स्वयं गोवर्धन के रूप में समस्त व्यंजनों का भोग लगाया और ब्रजवासियों को आशीर्वाद दिया।

**कुछ ज्योतिषाचार्यों के अनुसार 13 नवंबर को भी गोवर्धन पूजा की जा सकती है लेकिन 14 नवंबर को गोवर्धन पूजा करने का शुभ मुहूर्त प्रातः 6:43 से प्रारंभ होकर 8.52 तक सर्वोत्तम है।**

**अहंकार**

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. की ओर से 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. C/O शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 222539, फैक्स नंबर : 06562-241176/ 231257, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-2283384, फैक्स नंबर : 0651-2283386, दिल्ली कार्यालय : 25, निचली मंजिल, तानसेन मार्ग, (बंगाली बाजार), नई दिल्ली-1, ई-मेल : rnm_hb@yahoo.co.in, rnm.hvb@gmail.com।

# एक्ने को दूर करेगा एलोवेरा, ऐसे करें इस्तेमाल

एलोवेरा को जब शहद और दालचीनी के साथ मिक्स किया जाता है तो इससे स्किन को एक्ने फ्री बनाया जा सकता है। इसके लिए आप 2 बड़े चम्मच शहद में 1 बड़ा चम्मच एलोवेरा मिलाएं। अब आप इसमें 1/4 बड़ा चम्मच पिसी हुई दालचीनी मिलाएं। एक्ने एक ऐसी प्रॉब्लम है, जिसे हम सभी ने कभी ना कभी फेस किया ही है। जब भी ब्रेकआउट्स व एक्ने होते हैं तो ऐसे चेहरे की खूबसूरती कहीं छिप जाती है। इतना ही नहीं, हम उस एक्ने को जल्द से जल्द दूर करने के लिए तरह-तरह की क्रीम्स व उपायों का सहारा लेते हैं। लेकिन अगर आप नेचुरल तरीके से एक्ने की प्रॉब्लम को दूर करना चाहते हैं तो ऐसे में एलोवेरा का इस्तेमाल किया जा सकता है। एलोवेरा ना केवल स्किन के अतिरिक्त ऑयल को दूर करता है, बल्कि इसके एंटी-बैक्टीरियल और एंटी- इन्फ्लेमेटरी गुण भी एक्ने को दूर करने में मददगार होते हैं।

### एलोवेरा और टी ट्री ऑयल का करें इस्तेमाल

अगर आप एक्ने की समस्या है तो ऐसे में आप एलोवेरा के साथ टी ट्री ऑयल को मिक्स करके अप्लाई कर सकते हैं। इसके लिए आपको बस इतना करना है कि आप फ्रेश एलोवेरा जेल लें। उसमें पानी और टी ट्री एसेंशियल ऑयल की लगभग 2-3 बूंदें मिलाएं। इसे सामान्य क्लींजर या फेस वॉश की तरह इस्तेमाल करें। सुनिश्चित करें कि आप इसे अपने चेहरे से अच्छी तरह साफ करें।

### एलोवेरा, शहद और दालचीनी का करें इस्तेमाल



एलोवेरा को जब शहद और दालचीनी के साथ मिक्स किया जाता है तो इससे स्किन को एक्ने फ्री बनाया जा सकता है। इसके लिए आप 2 बड़े चम्मच शहद में 1 बड़ा चम्मच एलोवेरा मिलाएं। अब आप इसमें 1/4 बड़ा चम्मच पिसी हुई दालचीनी मिलाएं। अब इस मिश्रण को अपने चेहरे पर लगाएं।

### एलोवेरा आइस क्यूब का करें इस्तेमाल

इसके लिए आप सबसे पहले एलोवेरा जेल को आइस क्यूब ट्रे में जमाएं। जब यह बर्फ के टुकड़ों में बदल जाए तो आप उन्हें अपने एक्ने एरिया पर रब करें। ठंड सूजन और रेडनेस को कम करने में मदद करती है जबकि एलोवेरा स्किन को सूदिंग इफेक्ट देता है।

### एलोवेरा और खीरा करें इस्तेमाल

अगर आपकी स्किन सेंसेटिव है तो ऐसे में आप एलोवेरा और खीरे को मिक्स करके भी एक्ने एरिया पर लगा सकते हैं। इसके लिए आप खीरा को कद्दूकस कर लें। इसमें एलोवेरा जेल मिक्स करें। अब आप इसे अपनी स्किन पर लगाएं और 15-20 मिनट तक लगाएं। अंत में, ठंडे पानी से धो लें।

❖ मिताली जैन

## काव्य कोना

### प्रारंभ

प्रारंभ कर रहा हूं
नीड़ का निर्माण अब
है आमंत्रण नभ को
जमीन के प्रीतिभोज में
भ्रमरी का आगमन।
शोर से भ्रमित हैं दिशाएं
संकेतों का पता नहीं
कहां मधु, कहां कलश, कहां प्याला
आगमन का कोलाहल!
कोलाहल में छांव ढूंढते
पांव धरती पर टिकाते
दीवालों से आलय बना रहा हूं
रिक्तता में श्वास भरता
प्रारंभ कर रहा हूं
नीड़ का निर्माण अब।

❖ नाग मणि

# हेयर बोटॉक्स ट्रीटमेंट से एक्ट्रेस की तरह हो जाएंगे शाइनी बाल



प्रदूषण की वजह से हमारे बाल दूषित होने के साथ कमजोर और डैमेज हो जाते हैं। जिसके कारण लोग तेजी से गंजेपन का शिकार भी हो रहे हैं। ऐसे में बालों की समस्या से जूझ रहे लोगों के लिए हेयर बोटॉक्स एक अच्छा ऑप्शन है। हेयर बोटॉक्स ट्रीटमेंट के बारे में आपने पहले भी सुना होगा। बता दें कि कुछ साल पहले बालों का यह चलन सामने आया। कई मशहूर हस्तियां भी इस ट्रीटमेंट का यूज कर रहे हैं। आमतौर पर जिन लोगों के बाल पतले और सूखे होते हैं। इस ट्रीटमेंट के बाद उनके बालों में नेचुरल शाइन आ जाता है। प्रदूषण की वजह से हमारे बाल दूषित होने के साथ कमजोर और डैमेज हो जाते हैं। जिसके कारण लोग तेजी से गंजेपन का शिकार भी हो रहे हैं। ऐसे में बालों की समस्या से जूझ रहे लोगों के लिए हेयर बोटॉक्स एक अच्छा ऑप्शन है। हेयर बोटॉक्स ट्रीटमेंट में आपके बालों की गहराई से कंडीशनिंग करता है। इस प्रोसेस में आपके बालों पर केमिकल फ्री प्रोडक्ट्स के साथ कोटिंग की जाती है। इससे आपके घुंघराले और डैमेज बालों की गहराई से कंडीशनिंग होती है। इस प्रोसेस के दौरान बाल काफी हद तक स्ट्रेट हो जाते हैं। बालों की डीप कंडीशनिंग के साथ इन्हें रिपेयर करने में मदद करता है। लेकिन इसको कराने से पहले जरूरी है कि बालों की क्वालिटी को देखकर इसको करवाया जाए।

**शाइनी हो जाएंगे बाल :** हेयर बोटॉक्स खोई हुई चमक को वापस लाने और बालों को तीव्र हाइड्रेशन से भर देता है। यह आपको बालों को काफी हेल्दी ट्रीटमेंट देने का काम करता है। बालों का बोटॉक्स उपचार गहरी कंडीशनिंग है, जो बालों को युवा बनाने और उनको बहाल करने का काम करता है।

**हेयर बोटॉक्स और इसके फायदे के बारे में :** हेयर बोटॉक्स ट्रीटमेंट आपके बालों को मुलायम बनाने में मदद करता है। इसके साथ ही प्रोडक्ट को एक घंटे ज्यादा समय तक लगाने के बाद फ्लैट आयरन का इस्तेमाल करके छल्ली में सील कर दिया जाता है। हांलाकि यह आपके बालों की बनावट को पूरी तरह से नहीं बदलेगा। यह आपके बालों को चिकना और शाइनी कर सकता है। हेयर बोटॉक्स के बाद आपको बालों को स्टाइल करने के लिए हीट स्टाइलिंग टूल के इस्तेमाल से बचना चाहिए।

**हेयर बोटॉक्स के नुकसान :** हांलाकि हेयर बोटॉक्स सेशन थोड़ा महंगा हो सकता है। इस ट्रीटमेंट के आधार पर हेयर बोटॉक्स की कीमत 11000 से 23000 रूपए के बीच हो सकती है। लेकिन इसका एक सेशन लेना कापी नहीं होता है। बालों को शाइनी और हेल्दी बनाने के लिए आपको दो से तीन सेशन लेने की जरूरत होती है। इस ट्रीटमेंट में किसी भी तरह के इंजेक्शन का इस्तेमाल नहीं किया जाता है।

# मेकअप से जुड़े ये ट्रेंड्स हो रहे हैं पॉपुलर



अगर आप भी किसी पार्टी, फंक्शन या शादी अटेंड करने की तैयारी कर रही हैं। तो इसमें सिर्फ अच्छे कपड़े पहनना ही काफी नहीं होता है। अपने पूरे लुक को बेहतर करने के लिए थोड़ा मेकअप का होना भी जरूरी होता है। अगर आप भी किसी पार्टी, फंक्शन या शादी अटेंड करने की तैयारी कर रही हैं। तो इसमें सिर्फ अच्छे कपड़े पहनना ही काफी नहीं होता है। अपने पूरे लुक को बेहतर करने के लिए थोड़ा मेकअप का होना भी जरूरी होता है। हांलाकि लड़कियों का मेकअप के लिए प्यार तो जग जाहिर है। ऐसे में हर साल मेकअप का ट्रेंड बदलता रहता है। इसलिए यह पता होना बेहद जरूरी होता है कि किस तरह का मेकअप आपके लुक को और भी ज्यादा निखारने का काम करता है। साथ ही इस साल मेकअप का ट्रेंड क्या चल रहा है। ऐसे में अगर आप भी जानना चाहती हैं कि इस साल कौन सा मेकअप ट्रेंड में चल रहा है तो यह आर्टिकल आपके लिए हैं।

### ब्लश ड्रेपिंग

ब्लश के साथ मेकअप का रिश्ता काफी पुराना है। पहले के समय सिंदूर को चीक्स पर लगाकर ब्लश की तरह इस्तेमाल किया जाता था। जिससे कि आपके चीक्स पिंक नजर आए। लेकिन अब आपको मार्केट में कई तरह के ब्लशर मिल जाएंगे। ब्लश को चीकबोन्स से लेकर सी-शेप में लगाया जाता है।

### वेट मेकअप लुक

पिछले कुछ समय से ब्यूटी मार्केट में वेट हेयर लुक दस्तक दे रहा है। ऐसे में आप भी वेट मेकअप लुक के लिए मैट प्रोडक्ट के पीछे दौड़ना छोड़ दीजिए। इसके लिए आप सीरम, फाउंडेशन और लिक्विड हाइलाइटर का इस्तेमाल कर सकती हैं। इससे आपको ग्लॉसी और चमकदार फिनिश मिलेगा। जो आपके लुक को परफेक्ट बनाने में मदद करता है।

### एम्बेलिश्ड ब्यूटी

पॉप कल्चर आ जाने से मेकअप में भी पॉप कलर्स या नियॉन कलर्स ने अपनी मजबूत पकड़ बनाई हुई है। इसके लिए आंखों को एम्बेलिश्ड रखने के लिए आईशैडो लगाने के बाद उस पर स्टोंस और पर्ल से क्रिएट किया जा रहा है। आई मेकअप का यह ट्रेंड पूरे साल काफी हाइलाइट रहा है।

### ब्राउनी लिप्स

मार्केट में लिप्स के लिए कई तरह के लिप कलर, लिप बाम, लिप पेंट, लिप टिंटेड लिपस्टिक के ऑप्शन में मिल जाएंगे। लेकिन यह सारे ऑप्शन मार्केट में आए और गए। लेकिन इस साल न्यूड लिप और लिप बाम या टिंटेड लिप मॉयस्चराइजर का ट्रेंड रहने वाला है। जहां आंखों के मेकअप के लिए कई सारे एक्सपेरिमेंट्स किए जा रहे हैं तो वहीं लिप्स न्यूड और डल रहेंगे।

### पेस्टल से करें प्ले

इस साल पेस्टल कलर में ग्रीन और लेवेंडर कलर इन रहा है। ऐसे में फाइन लुक के लिए आप आईशैडो या ब्लशर में पेस्टल कलर्स का चुनाव कर सकती हैं। इससे आप मेकअप ट्रेंड के साथ चलने वाली लगेंगी। साथ ही आपको गॉर्जियश लुक भी मिलेगा।

### मिल्की मैनिक्योर

मैनिक्योर करवाने के बाद नेल्स की बारी आती है। इसलिए आप नाखूनों में पॉप नेल पेंट्स करवा सकती हैं और मिल्की मैनिक्योर लें। इससे आपके हाथों की स्किन मखमली और मुलायम लगेगी। आप चाहें तो हाथों पर मॉइश्चराइजर लगाकर उन्हें सॉफ्ट टच दे सकती हैं।

❖ अनन्या मिश्रा

# साहित्य-वाहित्य!



डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा 'उरतृप्त',
मो. नं. 73 8657 8657
(हिंदी अकादमी, मुंबई से सम्मानित नवयुवा व्यंग्यकार)

देखो भैया बुरा नहीं मानना, बात बहुत सिंपल है, पहले समझने की कोशिश करो ....... नहीं तो कल को कहोगे कि ताने मारते हो। समझ लो..... बात यह है कि आज की तारीख में साहित्य-वाहित्य की तो बात ही करना बेकार है। सुबह से शाम तक आदमी को सांस लेने की भी फुरसत नहीं है ऐसे में किताब पढ़ेगा कौन?! बुरा नहीं मानना, आप लिखते-विखते हो, ... अच्छा ही लिखते होंगे, पर आपको पूछता ही कौन है?! मोहल्ले के लोग भी नहीं जानते होंगे कि आप जिन्दा हो कि मर गए। ... नहीं, .... बुरा नहीं मानना भैया ..... आपने बात निकाली तो बोलने में आ गया। सही है कि नहीं?''

''भैया जमाना खराब है, बुरा मत मानना, बात बिल्कुल सही है। हम लोग ठहरे हिन्दी वाले, ठीक है कि नहीं। आप जानते हो कि हिन्दी वाले काम धंधे वाले होते हैं और काम-धंधे का मतलब तो आप जानते ही हो। जिसमें पैसा नहीं मिले संसार में वो काम, काम ही नहीं है। हिन्दी वाले काम करते हैं और देश की तरक्की में लगे पड़े हैं जी जान से। इसलिए हमको न साहित्य-वाहित्य से कुछ लेना देना है ना किताबों से। सुबह से शाम तक मेहनत करते हैं, पैसा कमाते हैं। बहुत टेंशन हो जाता है, तबियत तक ठीक नहीं रहती है, डाक्टरों के पास हर दूसरे दिन जाना पड़ता है। दिन भर दवाएं खानी पड़ती है, बीच में समय निकाल के थोड़ा खाना भी खाना पड़ता है वरना घर की औरतें चिंता में पड़ जाती हैं। आप ही बताओ ऐसे में कौन-सी किताब और कहां का साहित्य-वाहित्य? हम तमिल या कन्नड़ लेखक तो हैं नहीं कि धूप में बैठे किताबों में फोकट माथा फोड़ते रहें। हर हफ्ते अपने सीए से माथाफोड़ी करने के बाद तो आदमी में कुछ करने की ताकत रही नहीं जाती है सिवा टीवी देखने के। उसमे भी कुछ समझ में नहीं आता है।

हमें मौन देख कर वे फिर बोले - ''आप तो चुप-ही हो गए! ऐसा है कि, बुरा नहीं मानना ...... हम लोग जिम्मेदारी लेकर चलने वाले लोग हैं। बाल-बच्चे लेकर बैठे हैं। उनकी तरफ भी देखना ही पड़ता है। पढ़ने-लिखने में तो कुछ नहीं धरा है, पर शादी तो समाज के हिसाब से ही करनी पड़ती है। आज की तारीख में गिरी से गिरी हालत में शादी का खर्चा बीस-पच्चीस लाख से ऊपर ही जा रहा है। .... बुरा नहीं मानना.... आपको क्या है ...... कौन पूछता है!! .... पर हमको तो समाज में उठना-बैठना पड़ता है .... किताबों में समय बरबाद करना हमको अलाऊड नहीं है। दुनिया में आयें हैं तो दुनियादारी तो रखनी ही पड़ती है।''

एक छोटा विराम ले कर वे फिर शुरू हुए, - ''चाय-वाय पियोगे आप? .... इच्छा नहीं हो तो कोई बात नहीं। वैसे ही पूछ लिया आप बैठे हो तो। ..... बुरा नहीं मानना, .... वैसे-ही जानकारी के लिए पूछ रहा हूँ कि एक लेख के कितने पैसे मिल जाते हैं आपको ?''

''ज्यादा नहीं, .... पांच सौ से हजार तक मिलते ही हैं।''

हमने जरा बढ़ा कर बताना जरूरी समझा, कुछ अपनी इज्जत के लिए कुछ पत्र-पत्रिकाओं की।

वे चौंके, - ''बस पांच सौ रुपये!! इससे ज्यादा तो मंडी के हमाली कमा लेते हैं! हमाली तो ठीक हैं, आजकल भिखारी रोज हजार-दो हजार मजे में कमा लेते हैं। ..... पर आप बुरा नहीं मानना .... एक रिफिल से कितने लेख लिख लेते हो आप ?''

''आठ-दस तो हो जाते हैं आराम से।''

'' ऐं!! दस रुपए की कलम से पांच हजार बना लेते हो!! धंधा तो ठीक है। ..... पाटनरशिप करना चाहोगे? रिफिल तुम्हारी कागज हमारे ....... फिफ्टी-फिफ्टी ...... बोलो? ....... चलो चालीस-साठ कर लो.......
नहीं? :: ऐं? :: स्नैक्स खाते हुए बात करते हैं। ''

उन्होंने आवाज लगाई , ''ऐ छोरे ...... दो समोसे दो चाय कट मारके।''

## सूडोकु नवताल- 6883

★★★✯☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 8 | | | | 1 | 5 | |
| 2 | | | | | 1 | 8 | | |
| 3 | | | 4 | | 6 | 7 | | 9 |
| 5 | | | | | 9 | | | |
| | 9 | | 2 | 3 | 4 | | 7 | |
| | | | 1 | | | | | 8 |
| 4 | | 7 | 6 | | 5 | | | 1 |
| | | 6 | 7 | | | | | 4 |
| | 5 | 3 | | | | 2 | | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -6882 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 9 | 7 | 5 | 2 | 1 | 4 | 8 | 6 |
| 5 | 4 | 2 | 9 | 6 | 8 | 7 | 1 | 3 |
| 8 | 6 | 1 | 3 | 7 | 4 | 9 | 5 | 2 |
| 2 | 8 | 9 | 1 | 5 | 3 | 6 | 4 | 7 |
| 4 | 7 | 3 | 2 | 8 | 6 | 5 | 9 | 1 |
| 6 | 1 | 5 | 4 | 9 | 7 | 2 | 3 | 8 |
| 9 | 3 | 4 | 7 | 1 | 2 | 8 | 6 | 5 |
| 7 | 5 | 6 | 8 | 3 | 9 | 1 | 2 | 4 |
| 1 | 2 | 8 | 6 | 4 | 5 | 3 | 7 | 9 |

## दैनिक पंचांग

**14 नवम्बर 2023 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | तुला में | वृश्चिक | 06.29 ब.से |
| चंद्र | वृश्चिक में | धनु | 08.45 बजे से |
| मंगल | तुला में | मकर | 10.50 बजे से |
| बुध | वृश्चिक में | कुंभ | 12.37 बजे से |
| गुरु | मेष में | मीन | 14.10 बजे से |
| शुक्र | कन्या में | मेष | 15.40 बजे से |
| शनि | कुंभ में | वृष | 17.20 बजे से |
| राहु | मीन में | मिथुन | 19.19 बजे से |
| केतु | कन्या में | कर्क | 21.32 बजे से |
| राहुकाल | | सिंह | 23.48 बजे से |
| 3.00 से 4.30 | | कन्या | 02.00 बजे से |
| बजे तक | | तुला | 04.11 बजे से |

**मंगलवार** 2023 वर्ष का 318 वां दिन **दिशाशूल** उत्तर **ऋतु** शरद। **विक्रम संवत्** 2080 **शक संवत्** 1945 **मास** कार्तिक **पक्ष** शुक्ल **तिथि** प्रतिपदा 14.37 बजे को समाप्त। **नक्षत्र** अनुराधा 03.24 बजे रात्र को समाप्त। **योग** शोभन 13.56 बजे को समाप्त। **करण** बव 14.37 बजे तदनन्तर बालव 02.16 बजे रात्र को समाप्त। **चन्द्रायु** 0.6 घण्टे **रवि क्रान्ति** दक्षिण 18° 06' **सूर्य** दक्षिणायन **कलि अहर्गण** 1871797 **जूलियन दिन** 2460262.5 **कलियुग संवत्** 5125 **कल्पारंभ संवत्** 1972949123 **सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123 **वीरनिर्वाण संवत्** 2549 **हिजरी सन्** 1445 **महीना** रवि उस्सानी **तारीख** 29 **विशेष** अन्नकूट, गोवर्धन पूजा, बाली प्रतिपदा, बाल दिवस, पंडित जवाहर लाल नेहरू जयंती।

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| रोग | 05.53 से | 07.22 बजे तक | काल | 05.42 से | 07.13 बजे तक |
| उद्वेग | 07.22 से | 08.15 बजे तक | लाभ | 07.13 से | 08.45 बजे तक |
| चर | 08.15 से | 10.19 बजे तक | उद्वेग | 08.45 से | 10.16 बजे तक |
| लाभ | 10.19 से | 11.48 बजे तक | शुभ | 10.16 से | 11.48 बजे तक |
| अमृत | 11.48 से | 01.16 बजे तक | अमृत | 11.48 से | 01.19 बजे तक |
| काल | 01.16 से | 02.45 बजे तक | चर | 01.19 से | 02.51 बजे तक |
| शुभ | 02.45 से | 04.13 बजे तक | रोग | 02.51 से | 04.22 बजे तक |
| रोग | 04.13 से | 05.42 बजे तक | काल | 04.22 से | 05.54 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें।

## शब्द पहेली - 7945

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | ■ | 2 | ■ | 3 | ■ | 4 | 5 |
| | ■ | 6 | | ■ | 7 | 8 | ■ | |
| 9 | 10 | | ■ | 11 | ■ | 12 | 13 | |
| ■ | | ■ | 14 | | 15 | ■ | | ■ |
| 16 | | | | ■ | 17 | | | |
| ■ | | ■ | 18 | 19 | | ■ | | ■ |
| 20 | | 21 | ■ | | ■ | 22 | | 23 |
| | ■ | 24 | 25 | ■ | 26 | | ■ | |
| 27 | | ■ | | ■ | | ■ | 28 | |

**बाएँ से दाएँ**

1. निशा, रात (उर्दू-2)
4. ताला (अंग्रेजी-2)
6. दुलारा, लाडला-2
7. बढ़ावा, समर्थन-2
9. निवास, घर, नीड़-3
12. कमी-3
14. पनाह, आश्रय-3
16. अंगूठे से तीसरी अंगुली, सावित्री-4
17. सज्जनता, सभ्यता-4
18. गिरवी रखी वस्तु-3
20. एक राशि-3
22. दबाव (अंग्रेजी-3)
24. कुल, मुनाफा-2
26. उम्मीद, आशा-2
27. मादा का विलोम-2
28. आगमन-2

**ऊपर से नीचे**

1. मदिरा, मय-3
2. ऐश्वर्या व अक्षय खन्ना की फिल्म-2
3. सम्मान, प्रसिद्धि-2
5. डोली उठाने वाले-3
6. वेस्टइंडीज की क्रिकेट टीम के कप्तान-2
8. अधिकार-2
10. सेनापति, कप्तान-2,3
11. पति की मां-2
13. आत्मबलिदानी -5
14. कद काठी-3
15. रसद, किराणा-3
19. प्रत्येक-2
20. मैला, अस्वच्छ-3
21. मिट्टी, धूल-2
22. छापाखाना-2
23. जिव्हा, जीभ-3
25. सम्मान-2
26. फलों का राजा-2

### शब्द पहेली -7944 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | ल | गा | म | ■ | प | ता | का | ■ |
| द | क्ष | ■ | ही | ■ | ह | ■ | ल | ता |
| रो | ■ | ■ | न | का | र | ना | ■ | क |
| गा | य | ब | ■ | न | ■ | ला | न | त |
| ■ | ■ | ल | ब | ■ | रा | य | ■ | ■ |
| आ | स | रा | ■ | ना | ■ | क | बा | स |
| ई | ■ | म | हा | व | र | ■ | ■ | ह |
| ना | क | ■ | जि | ■ | सौ | ■ | रा | ज |
| ■ | ल | की | र | ■ | ला | ग | त | ■ |

## आज का राशिफल

**मेष राशि :** जमीन जायदाद का लाभ भी हो सकता है। आवास, मकान तथा वाहन की सुविधाएं मिलेंगी। कर्ज तथा रोगों से मुक्ति भी संभव है। मान-सम्मान में वृद्धि होगी।

**वृष राशि :** कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया कमजोर बना रहेगा। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी।

**मिथुन राशि :** अपनी गतिविधियों पर पुनर्विचार करें। वैचारिक द्वन्द्व और असंतोष बना रहेगा। सुख आरोग्य प्रभावित होगा। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे।

**कर्क राशि :** संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। बुद्धि, बल व पराक्रम सफल होगा। व्यापार में वृद्धि व उत्तम लाभ मिलेगा।

**सिंह राशि :** स्वास्थ्य की ओर विशेष ध्यान रहें। व्यापार में वृद्धि होगी। नौकरी में सहयोगियों का सहयोग प्राप्त होगा। शत्रुपक्ष पर आप हावी रहेंगे।

**कन्या राशि :** कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे।

**तुला राशि :** प्रसन्नता के साथ सभी जरूरी कार्य बनते नजर आएंगे। मनोरथ सिद्धि का योग है। सभा-गोष्ठियों में सम्मान मिलेगा। प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे।

**वृश्चिक राशि :** स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे।

**धनु राशि :** नवीन उद्योगों के अवसर बढ़ेंगे व अभिलाषाएं पूर्ण होंगी। विश्वस्त लोगों के कहे अनुसार चलें। राजकीय कार्यों में सतर्कता बरतें। मान-सम्मान को ठेस लग सकती है।

**मकर राशि :** एकाकी वृत्ति त्यागें। हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात दूर हो जाएगी। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे साथ ही आगे के लिए रास्ता भी बन जाएगा।

**कुंभ राशि :** सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होंगी। मनोविनोद बढ़ेंगे। व्ययाधिक्य का अवसर आ सकता है। शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। कामकाज की अधिकता रहेगी।

**मीन राशि :** धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। लाभ में आशातीत वृद्धि तय हैं मगर नकारात्मक रुख न अपनाएं। किसी पुराने संकल्प को पुरा कर लेने का दिन है। 'आगे-आगे गौरख जागे' वाली कहावत चरितार्थ होगी।




# हैदराबाद : आवासीय इमारत में आग से 9 लोगों की मौत

## मृतकों को पांच-पांच लाख रुपये के मुआवजे का एलान

**एजेंसी। हैदराबाद**

हैदराबाद के नामपल्ली इलाके में सोमवार को पांच मंजिला आवासीय इमारत में लगी भीषण आग में कथित तौर पर दम घुटने से चार महिलाओं समेत नौ लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि आग परिसर के भूतल में लगी, जहां रसायनों से भरे कुछ ड्रम रखे थे। उसने बताया कि बाद में आग पहली और दूसरी मंजिल तक फैल गई। पुलिस ने बताया कि सुबह करीब नौ बजकर 35 मिनट पर उन्हें घटना के संबंध में फोन आया। तेलंगाना की राज्यपाल तमिलिसाई सौंदरराजन और मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव ने घटना में लोगों की मौत पर दुख व्यक्त किया। अधिकारियों ने बताया कि इमारत से अब तक 21 लोगों को बाहर निकाला गया है। उन्होंने बताया कि सांस के साथ धुआं अंदर जाने से अचेत हुए लोगों को अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने नौ लोगों को मृत घोषित कर दिया। उन्होंने बताया कि मृतकों की उम्र छह वर्ष से 66 वर्ष के बीच थी। टीवी के दृश्यों में अग्निशमन कर्मियों को इमारत की खिड़कियों से बच्चों सहित लोगों को बाहर निकालते हुए देखा जा सकता है। अधिकारियों ने बताया कि घटना के बाद दमकल की गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और आग पर काबू पाया। पुलिस उपायुक्त (मध्य क्षेत्र) एम वेंकटेश्वरालु ने कहा कि आग बहुत तेजी से फैली। उन्होंने कहा कि पुलिस और अग्निशमन कर्मियों ने इमारत में फंसे परिवारों को वहां से बाहर निकाला। राजभवन से जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया कि राज्यपाल ने मुख्य सचिव को घटना में घायल हुए लोगों को व्यापक चिकित्सा सहायता प्रदान करने के लिए तत्काल कदम उठाने का निर्देश दिया और घटना की गहन जांच करने के भी निर्देश जारी किए। इसमें कहा गया है कि राज्यपाल ने आग लगने की परिस्थितियों, प्रतिक्रिया तंत्र और अगले दो दिनों के भीतर लागू किए जा सकने वाले सुधारात्मक उपायों पर एक व्यापक रिपोर्ट प्रस्तुत करने का भी निर्देश दिया। मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव ने मृतकों के परिजनों के पांच-पांच लाख रुपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की।

### राष्ट्रपति-उपराष्ट्रपति ने अग्नि त्रासदी पर संवेदना जताई

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति मुर्मू और उपराष्ट्रपति धनखड़ ने सोमवार को हैदराबाद की एक आवासीय इमारत में लगी भीषण आग को दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए घटना से प्रभावित परिवारों के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त की है। भीषण आग में कम से कम नौ लोगों की जान चली गई और तीन लोग घायल हो गए। राष्ट्रपति ने एक्स पर पोस्ट में कहा, हैदराबाद में एक इमारत में आग लगने की घटना के कारण लोगों की दुर्भाग्यपूर्ण हानि से दुखी हूं। मैं शोक संतप्त परिवारों के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करती हूं। मैं घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करती हूं। उपराष्ट्रपति ने एक्स पर पोस्ट में कहा, हैदराबाद में दुखद आग की घटना में लोगों की मौत से दुखी हूं। दुख की इस घड़ी में मेरी संवेदनाएं शोक संतप्त परिवारों के साथ हैं। मैं घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करता हूं।

# जनाधार वाले 70-80 साल के भाजपा नेताओं को रिटायर न कर टिकट देने की मजबूरी

**ब्यूरो। नई दिल्ली**

भाजपा अपने बुजुर्ग नेताओं का टिकट काटने के उस संकल्प से भी पीछे हट गई है, जिसमें तय किया गया था कि 70 वर्ष से ज्यादा उम्र के होने पर नेता सक्रिय राजनीति से हटकर नई पीढ़ी को आगे बढ़ाएंगे। लेकिन जनाधार वाले प्रत्याशी नहीं मिलने तथा बगावत के डर से इस बार पार्टी ने राजस्थान, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश में कई पूर्व मुख्यमंत्रियों, केंद्रीय मंत्रियों, महासचिवों सहित दहाई आंकड़े में सांसदों को टिकट देकर चुनाव मैदान में उतारा है। मध्य प्रदेश में तो इस बार तीन केंद्रीय मंत्रियों, एक महासचिव, सात सांसदों को मैदान में उतारा है। इस प्रदेश में इस बार 70 से ज्यादा उम्र के 14 उम्मीदवारों को मैदान में उतारा है, जिनमें सबसे उम्रदराज 80 वर्ष के हैं। जबकि विपक्षी पार्टी कांग्रेस ने 70 वर्ष से ज्यादा उम्र के नौ उम्मीदवारों को मैदान में उतारा है। इस बारे में राजनीतिकों व पार्टी कार्यकर्ताओं का कहना है कि इसके कई कारणों में से प्रमुख है किसी भी हालत में सरकार बनाने लायक सीटें जीतना। एक बार सरकार बना लेने पर, जो केन्द्रीय मंत्री या सांसद हैं उनमें से कुछ को राज्य में मंत्री बनाया जा सकता है या उनमें से किसी को मुख्यमंत्री भी बनाया जा सकता है। बाकी से इस्तीफा दिलवा केन्द्र में मंत्री या सांसद बनाये रखा जाएगा, उनकी जीती हुई विधान सभा सीट पर फिर से चुनाव करा दिया जायेगा। कार्यकर्ताओं का कहना है कि लगता है कर्नाटक विधान सभा चुनाव में हार के बाद से पार्टी के शीर्ष सत्ताधारी हुक्मरानों को झटका लगा है। क्योंकि कर्नाटक में 67 वर्षीय पूर्व मुख्यमंत्री जगदीश शेट्टार तथा 74 वर्षीय पूर्व उप-मुख्यमंत्री केएस ईश्वरप्पा जैसे आधार वाले पुराने नेताओं का टिकट काटकर युवा उम्मीदवारों को टिकट दिया गया तो उस समय जनता में इसका गलत संदेश गया था कि केंद्र में 74 साल का नेता राज करे और राज्यों में 70 साल से ज्यादा उम्र वालों को टिकट नहीं? इस नाराजगी के कारण भी भाजपा कई सीटें हार गई। वैसे तो मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़ व राजस्थान में हो रहे विधान सभा चुनाव में पार्टी ने पहले तो 70 व उससे ज्यादा उम्र वालों का टिकट काटने की कोशिश की। राजस्थान की दो बार की मुख्यमंत्री रही वसुंधरा राजे सिंधिया तथा छत्तीस गढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री को टिकट नहीं दिया जा रहा था। लेकिन राजस्थान में वसुंधरा के नाराजगी से पार्टी का भट्ठा बैठ जाने जब भय हुआ, और जिन पहली सूची में जिन प्रत्याशियों का जो वसुंधरा विरोधी के तौर पर जाने जाते हैं, उनको प्रत्याशी बनाये जाने का विरोध शुरू होने लगा, उन प्रत्याशियों का लोग घेराव करने लगे, तब भाजपा केन्द्रीय सर्वोच्च का झुकना पड़ा। और न केवल राजस्थान में 70 वर्षीय वसुंधरा बल्कि छत्तीसगढ़ में 71 वर्षीय रमन सिंह को भी विधान सभा टिकट देने पर मजबूर होना पड़ा। इसी तरह मध्य प्रदेश में राज्य के पूर्व मंत्री 80 वर्षीय नागेंद्र सिंह नागौद को सतना जिले के नागौद विधानसभा क्षेत्र से और 79 वर्षीय नागेंद्र सिंह को रीवा जिले के गुढ़ से मैदान में उतारा है।मजेदार बात यह है कि नागोद व सिंह दोनों ही अभी विधायक हैं। और दोनों ने ही पांच माह पहले चुनाव नहीं लड़ने की इच्छा व्यक्त की थी।फिर भी इन दोनों को भाजपा ने टिकट दे दिया। इसी तरह से दमोह से 76 वर्षीय जयंत मलैया, अशोक नगर जिले के चंदेरी से 75 वर्षीय जगन्नाथ सिंह रघुवंशी, नर्मदापुरम के होशंगाबाद से 73 वर्षीय सीताशरण शर्मा, अनुपपुर सीट से 73 वर्षीय बिसाहूलाल सिंह, ग्वालियर पूर्व से 73 वर्षीय माया सिंह भी भाजपा के उम्रदराज उम्मीदवार हैं। भाजपा द्वारा मैदान में उतारे गए अन्य दिग्गजों में राजगढ़ जिले के खिलचीपुर से 72 वर्षीय हजारीलाल दांगी, नर्मदापुरम के सिवनी-मालवा से 72 वर्षीय प्रेमशंकर वर्मा, शहडोल जिले के जैतपुर से 71वर्षीय जयसिंह मरावी, सागर जिले के रेहली से 71वर्षीय गोपाल भार्गव, जबलपुर के पाटन से 71 वर्षीय अजय विश्नोई, श्योपुर सीट से 71वर्षीय दुगार्लाल विजय तथा बालाघाट से 71वर्षीय गौरी शंकर बिसेन भी हैं। राजस्थान व छत्तीसगढ़ में इस तरह के तमाम बुजुर्ग हैं।

## गागर में सागर

### कर्नाटक में एक ही परिवार के चार लोगों की हत्या

**उडुपी (कर्नाटक)।** कर्नाटक के उडुपी में एक ही परिवार के चार लोगों की हत्या कर दी गई, पुलिस ने सोमवार को कहा कि हत्यारे को पकड़ने के लिए पांच विशेष टीमों का गठन किया गया है। उडुपी के तृप्ति नगर में रविवार को चौंकाने वाली घटना सामने आई। हत्यारे ने एक महिला, उसकी दो बेटियों और एक बेटे को उनके आवास में सीने और पेट में चाकू मार दिया। टीमों का नेतृत्व पुलिस उपाधीक्षक (डीवाईएसपी) रैंक के अधिकारी करेंगे। पुलिस ने आरोपी के घटनास्थल के पास ऑटो से उतरने और बाइक से गिरने का वीडियो भी हासिल कर लिया है। पुलिस मामले में दो लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।

### बिहार में तालाब में स्नान करने के दौरान डूबने से 5 बच्चों की मौत

**भभुआ।** बिहार के सारण जिले के करमचट थाना क्षेत्र में सोमवार को एक तालाब में स्नान करने के दौरान डूबने से पांच बच्चों की मौत हो गई। पांचों बच्चे एक ही परिवार के बताए जाते हैं। पुलिस के मुताबिक, यह घटना धवपोखर गांव की बताई जा रही है। गांव में एक परिवार के लोग धान काटने गए थे। सभी का खाना लेकर बच्चे खेत में गए और लौटने के क्रम में एक तालाब में नहाने लगे।

### नड्डा की बुआ पंचतत्व में विलीन बिलासपुर में हुआ अंतिम संस्कार

**बिलासपुर।** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा की बुआ गंगा देवी का सोमवार सुबह निधन हो गया। उन्होंने कुल्लू स्थित अपने आवास में अंतिम सांस ली। बुआ के निधन की सूचना मिलते ही जगत प्रकाश नड्डा अपने सभी कार्यक्रम रद करके कुल्लू पहुंचे। बुआ की अंतिम इच्छा के अनुसार वह उनकी पार्थिव देह कुल्लू से बिलासपुर लेकर आए। शाम के समय औहर के पास ही गोविंद सागर के किनारे शमशानघाट पर उनका अंतिम संस्कार किया गया। अंतिम यात्रा में भाजपा के कई बड़े नेताओं ने भी भाग लिया।

# भाजपा सरकार बनने पर छत्तीसगढ़ विकास की नई ऊंचाई पर पहुंचेगा : प्रधानमंत्री मोदी

**एजेंसी। महासमुंद/रायपुर**



प्रधानमंत्री ने छत्तीसगढ़ के महासमुंद में विजय संकल्प महारैली में कहा कि भाजपा ने लाखों परिवारों को आवास देने का संकल्प लिया है। उन्होंने राज्य में भाजपा सरकार बनने का दावा किया। प्रधानमंत्री ने कांग्रेस पर हमला करते हुए कहा कि कांग्रेस की सरकार यहां से जाएगी और छत्तीसगढ़ का विकास करने वाली भाजपा की सरकार यहां आएगी। भाजपा सरकार बनने पर छत्तीसगढ़ विकास की उस ऊंचाई पर पहुंचेगा। उन्होंने कहा कि जनता ने कांग्रेस की हार पक्की कर दी है। भूपेश बघेल का तो विधायक बनना भी मुश्किल है। उन्होंने कहा कि हमने छत्तीसगढ़ में 10 लाख आवास बनाए, जब कांग्रेस की सरकार आई तो देखा मोदी के काम में कमीशन है ही नहीं। जिसके बाद उन्होंने इसमें रुकावट शुरू कर दिया। प्रदेश में सरकार बनने के बाद तेजी से गरीबों के घर बनने का काम शुरू हो जाएगा। यहां के 18 लाख गरीबों को आवास देने का काम हमने पक्का कर लिया है। केंद्र में जब कांग्रेस की सरकार थी तब सड़क बनाने के लिए जितना पैसा मिला था, उससे 20 गुना हमने केंद्र में सरकार बनने पर दिया है। पीएम ने कहा कि ये वही कांग्रेस है जिसने 50 साल पहले गरीबी हटाने का नारा दिया था।

### पीएम आज इंदौर में करेंगे रोड शो

**इंदौर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मंगलवार, 14 नवंबर को मध्य प्रदेश के चुनावी दौरे पर रहेंगे। वे यहां मेगा रोड शो करेंगे। प्रशासन ने इसे लेकर अपनी तैयारियां तेज कर दी हैं। सुरक्षा व्यवस्था के कड़े इंतजाम किए गए हैं। शहर में तीन किलोमीटर क्षेत्र को नो फ्लाई जोन घोषित किया गया है। इस क्षेत्र में ड्रोन, हॉट एयर बलून आदि प्रतिबंधित रहेंगे। इस संबंध में इंदौर के पुलिस कमिश्नर मकरंद देऊस्कर ने आदेश जारी किया है।

## देश-प्रदेश का भविष्य तय करने वाला है मप्र विस चुनाव : शाह

**एजेंसी। विदिशा**

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मध्यप्रदेश विधानसभा चुनाव को महत्वपूर्ण बताते हुए आज कहा कि यह चुनाव देश और प्रदेश का भविष्य तय करने वाले हैं। शाह ने विदिशा जिले के सिरोंज विधानसभा क्षेत्र में भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में चुनावी सभा को संबोधित करते हुए कहा कि जब आप लोग 17 नवंबर को मतदान के दौरान वोट डालेंगे, तो यह बात अवश्य ध्यान में रखें कि इसके जरिए वे देश और मध्यप्रदेश का भविष्य तय कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि एक ओर से परिवारवाद को बढ़ावा देने वाली कांग्रेस पार्टी है, तो दूसरी ओर प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश को सुरक्षित करने वाली भाजपा है। वरिष्ठ नेता ने कहा कि राज्य में भाजपा ने 18 साल के शासन में बीमारू राज्य को विकसित प्रदेश बना दिया है। अब पांच साल और मिलने पर भाजपा इस प्रदेश को देश के अग्रणी राज्यों की श्रेणी में ला देगी। उन्होंने मतदाताओं से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर भरोसा करने का आह्वान करते हुए कहा कि इस राज्य में वर्ष 2003 के पहले जब कांग्रेस की सरकार थी, तब इस राज्य के लोग सड़क, बिजली और अन्य बुनियादी चीजों के लिए तक तरस गए थे। लेकिन भाजपा ने सत्ता में आने के बाद इस राज्य की तस्वीर बदल दी।

## आयकर का तेलंगाना के मंत्री इंद्रा रेड्डी से जुड़े 15 ठिकानों पर छापा

**हैदराबाद/नई दिल्ली।** आयकर विभाग ने सोमवार को हैदराबाद में 15 ठिकानों पर छापेमारी की है। आयकर विभाग की टीम हैदराबाद में अलग-अलग स्थानों पर छापेमारी की कार्रवाई कर रही है। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि आयकर विभाग ने तेलंगाना की मंत्री सबिता इंद्रा रेड्डी के रिश्तेदारों के यहां छापा मारा है। आयकर अधिकारियों की टीम ने गाचीबोवली के एक अपार्टमेंट में रहने वाले प्रदीप नाम के शख्स के घर पर छापेमारी की है। प्रदीप तेलंगाना की मंत्री सविता इंद्रा का करीबी रिश्तेदार है। इसके अलावा आयकर की टीम रेड्डी के अन्य रिश्तेदारों के ठिकानों की भी तलाशी ली है। फिलहाल आयकर विभाग की छापेमारी 15 जगहों पर चल रही है। फिलहाल, विस्तृत विवरण की प्रतीक्षा है। उल्लेखनीय है कि तेलंगाना में इस महीने के आखिर में विधानसभा चुनाव को लेकर वोटिंग होनी है। उससे पहले राज्य में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) और आयकर विभाग की टीम लगातार छापेमारी कर रही हैं।




### कन्नूर के जंगल में केरल पुलिस और माओवादियों के बीच गोलीबारी

**तिरुवनंतपुरम।** केरल पुलिस और माओवादियों के बीच सोमवार को कन्नूर जिले में मुठभेड़ शुरू हो गई। माओवादियों ने जंगल के अंदर पुलिस पर फायरिंग की, जिसके बाद जवाबी कार्रवाई की गई। अधिकारियों के अनुसार, माओवादियों से निपटने के लिए गठित थंडरबोल्ट दस्ता सोमवार सुबह घने जंगलों में नियमित निगरानी पर था, जब उन्होंने दो माओवादियों को देखा, जिसके बाद मुठभेड़ शुरू हुई। स्थानीय लोगों ने बताया कि जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने भी गोलीबारी की जिससे कुछ देर तक गोलीबारी होती रही। आधे घंटे बाद पुलिस ने इलाके का निरीक्षण किया और खून के निशान देखे, साथ ही तीन बंदूकें भी बरामद कीं।

आतंकवाद से जुड़ा मामला

## सुप्रीम कोर्ट ने विशेष एनआईए जज पर से प्रतिकूल टिप्पणियों को हटाया

**एजेंसी। नई दिल्ली**

सुप्रीम कोर्ट ने 2009 के आतंकवाद से जुड़े एक मामले में एनआईए की विशेष अदालत के एक न्यायाधीश के खिलाफ गौहाटी उच्च न्यायालय द्वारा की गई कुछ प्रतिकूल टिप्पणियों को हटाने का आदेश दिया है। जस्टिस ए.एस. बोपन्ना और पी.एस. नरसिम्हा की पीठ ने कहा कि न्यायिक अधिकारी के खिलाफ प्रतिकूल टिप्पणियों को हटाया गया माना जाएगा और किसी भी तरह से उनके खिलाफ नहीं माना जाएगा। पीठ ने 10 नवंबर को पारित अपने आदेश में स्पष्ट किया, "उक्त टिप्पणियों को हटा दिए जाने के बावजूद, आदेश/निर्णय लागू रहेगा, यदि यह बाद में किसी अन्य मामले में आता है, तो उसकी योग्यता के आधार पर विचार किया जाएगा।" इस वर्ष अगस्त में दिए गए अपने फैसले में, उच्च न्यायालय ने अन्य बातों के अलावा यह भी कहा कि ट्रायल कोर्ट कार्यवाही के हर चरण में अभियोजन के पक्ष में गहरी जड़ें जमाए हुए था और पूरी तरह से पक्षपातपूर्ण व्यवहार किया। इसके साथ ही हाईकोर्ट ने गैरकानूनी गतिविधियां अधिनियम के तहत विशेष न्यायाधीश द्वारा अभियुक्तों को दी गई सजा को पलट दिया। याचिकाकर्ता-न्यायाधीश ने शीर्ष अदालत के समक्ष एक विशेष अनुमति याचिका दायर करके इन टिप्पणियों को चुनौती दी थी।




### अर्चना गौतम ने अपने पसंदीदा 'बिग बॉस' प्रतियोगियों का किया खुलासा




**विवादास्पद** रियलिटी शो 'बिग बॉस 16' में तीसरी रनर अप रहीं अभिनेत्री अर्चना गौतम ने 'बिग बॉस 17' सीजन के शीर्ष पांच प्रतियोगियों के बारे में बताया। उन्होंने अपनी 'खतरों के खिलाड़ी' दोस्त ऐश्वर्या शर्मा को अपना समर्थन दिया। निमार्ताओं ने 'बिग बज' के साथ 'बिग बॉस 17' के अनुभव में एक रोमांचक मोड़ लाया है, यह शो बिग बॉस के लिविंग रूम को एक नए प्रारूप में जीवंत बनाता है, जिसे पिछले सीजन में पेश किया गया था। अपने पहले सीजन के सफल प्रदर्शन के बाद, यह शो अपने दूसरे सीजन के साथ लौट आया है। कृष्णा अभिषेक द्वारा होस्ट किए गए, 'बिग बज' में एक काल्पनिक परिवार दिखाया गया है, जो बिग बॉस के बेदखल और पिछले सीजन के प्रतियोगियों से जुड़ा हुआ है, जो मनोरंजन की दुनिया में विशेष अंतर्दृष्टि के साथ-साथ उनके जीवन और विचारों पर एक अनफि ल्टर्ड नजर पेश करता है। शो में आने वाली अर्चना ने खुलासा किया कि वह लगन से 'बिग बॉस 17' को देख रही हैं। कृष्णा के साथ एक बातचीत के दौरान, उन्होंने अपने शीर्ष 5 'बिग बॉस 17' प्रतियोगियों के बारे में बताया। उन्होंने कहा, मेरे शीर्ष पांच में मेरी दोस्त ऐश्वर्या, मन्नारा चोपड़ा, मुनव्वर फारुकी, विक्की जैन - अंकिता लोखंडे और खानजादी होंगे।

### दिवाली के अवसर पर रिलीज हुआ नया गाना 'दिवाली आयो रे'




**इस** दिवाली देसी ध्वनि रिकॉर्ड ने 'दिवाली आयो रे' गाना रिलीज किया, जिसमें दशार्या गया है कि प्रभु श्रीराम जब अयोध्या से वापस आये और वहा कि प्रजा ने उनके स्वागत पर पहली दिवाली मनाई थी। इस गाने को इंडियन आइडल 2023 के विजेता अयोध्या के ऋषि सिंह ने स्वरबद्ध किया है और इस गाने का म्युजिक जितुल बोरा ने किया है। जगदीशचंद्र पाटिल द्वारा निर्मित इस गाने का निर्देशन विजय बूटे ने किया है। गाने के म्युजिक वीडियो में रवि भाटिया, अनुजा शिंदे और हर्ष नायर नजर आ रहे हैं। आपको बता दें कि सभी मीडिया प्लेटफार्म और रील्स पर यह गाना ट्रेंड कर रहा है।

### सलमान-कटरीना स्टारर 'टाइगर 3' की धमाकेदार शुरूआत




**सलमान खान** और कैटरीना कैफ स्टारर 'टाइगर 3' दिवाली के दिन यानी रविवार को रिलीज हो गई। फैंस काफी दिनों से फिल्म का बेसब्री से इंतजार कर रहे थे। रविवार को छुट्टी होने के कारण दर्शक फिल्म देखने के लिए उमड़ पड़े। 'एक था टाइगर' और 'टाइगर जिंदा है' के बाद सलमान और कैटरीना की इस तीसरी जासूसी फिल्म की पहले दिन की कमाई सामने आ गई है। 'टाइगर 3' ने बॉक्स ऑफिस पर धमाकेदार शुरूआत की है। पहले दिन के आंकड़ों को देख कर तो यही कहना पड़ेगा कि सलमान की फिल्म देखने के लिए बड़ी संख्या में दर्शक सिनेमाघरों में पहुंचे हैं। सैकनिल्क की शुरूआती रिपोर्ट्स के मुताबिक, टाइगर 3 ने पहले दिन 40 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार कर लिया है। फिल्म ने 44.50 करोड़ तक की कमाई कर ली है। फिल्म ने सभी भाषाओं में 44.50 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया है। सैकनिल्क की एक रिपोर्ट के मुताबिक फिल्म दूसरे दिन यानी सोमवार को करीब 25 करोड़ की कमाई कर सकती है। दरअसल यह पहले दिन से कम होगा, लेकिन चूंकि फिल्म रविवार को रिलीज होती है, इसलिए सप्ताह सोमवार से शुरू होता है और आज कोई छुट्टी नहीं है, इसलिए कुल कलेक्शन में गिरावट देखने को मिलेगी। पहले दिन की कमाई और दूसरे दिन के अनुमान के मुताबिक फिल्म तीन दिन में 100 करोड़ क्लब में शामिल हो सकती है।

## आयोजन

## नौसेना की 'द इंडियन नेवी क्विज' ने हासिल की वैश्विक पहुंच

# जी-20 में भारत की अध्यक्षता का प्रतीक है

**एजेंसी। नई दिल्ली**



'द इंडियन नेवी क्विज - थिंक' क्विज 2023' ने वैश्विक पहुंच हासिल कर ली है। यह जी-20 सचिवालय से मिली साझेदारी और समर्थन पर आधारित है और प्रतिष्ठित जी-20 में भारत की अध्यक्षता का प्रतीक है। रक्षा मंत्रालय के मुताबिक इसलिए, सही शब्दों में इस आयोजन को जी-20 थिंक भी कहा जा रहा है। यह आयोजन राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय - दो स्तरों और दो स्थानों - मुंबई और नई दिल्ली में आयोजित किया जा रहा है। रक्षा मंत्रालय का कहना है कि भारतीय नौसेना और नेवी वेलनेस एंड वेलफेयर एसोसिएशन (एनडब्ल्यूडब्ल्यूए) पिछले कुछ वर्षों से नौसेना सप्ताह गतिविधियों के भाग के रूप में स्कूली बच्चों के लिए प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित कर रहे हैं।

जी-20 थिंक के राष्ट्रीय दौर में 11,741 स्कूलों ने रिकॉर्ड संख्या में पंजीकरण कराया है। पहला निष्कासन दौर (एलिमिनेशन राउंड - ईआर-1) 14 सितंबर 23 को पूरा हुआ। इसमें 3902 स्कूल अगले स्तर ईआर-2 के लिए अर्हता प्राप्त कर चुके थे। ईआर-2 का आयोजन 3 अक्टूबर 23 को किया गया था, जिसमें 10 अक्टूबर 23 को आयोजित क्वार्टर फाइनल के लिए कुल 1674 स्कूलों ने क्वालीफाई किया। क्वार्टर फाइनल में स्कूलों के बीच कड़ी प्रतिस्पर्धा रही, जिसके परिणामस्वरूप प्रत्येक जोन से शीर्ष 10 टीमों का चयन हुआ। 18 अक्टूबर 23 को टाई-ब्रेकर राउंड में प्रतिस्पर्धा हुई। इस राउंड में 16 स्कूलों का चयन हुआ, जो सेमीफाइनल में एक-दूसरे के खिलाफ प्रतिस्पर्धा करेंगे। ये 16 टीमें राष्ट्रीय सेमीफाइनल और फाइनल के लिए मुंबई में इकट्ठी होंगी। टीमें 17 तथा 18 नवंबर 23 को नेशनल सेंटर फॉर परफॉर्मिंग आर्ट्स (एनसीपीए) एनसीपीए और गेटवे ऑफ इंडिया में आयोजित होने वाले कार्यक्रम में हिस्सा लेंगी।

इसमें भाग लेने वाले छात्रों को नौसेना कर्मियों से मिलने, बातचीत करने और पश्चिमी नौसेना कमान, मुंबई में युद्धपोतों, पनडुब्बियों और नौसेना विमानों पर नौसेना संचालन की रोमांचक दुनिया की एक झलक देखने का अवसर मिलेगा। राष्ट्रीय राउंड के पूरा होने पर, एक जूरी इंडिया गेट, नई दिल्ली में अंतर्राष्ट्रीय राउंड में भाग लेने के लिए 'टीम इंडिया' का गठन करने के लिए सभी फाइनलिस्टों में से दो सर्वश्रेष्ठ क्विजर्स को चुनेगी।

रक्षा मंत्रालय के मुताबिक अंतर्राष्ट्रीय दौर के लिए, सभी जी-20 प्लस09 देशों को निमंत्रण दिया गया था। प्रभावशाली 23 अंतर्राष्ट्रीय टीमों ने 19 नवंबर, 2023 को नई दिल्ली में इसमें भाग लेने के लिए अपनी रुचि दिखाई है। 23 नवंबर 2023 को नई दिल्ली के प्रतिष्ठित इंडिया गेट पर ग्रैंड फिनाले का आयोजन होगा। यह इन प्रतिभाशाली स्कूली छात्रों को बौद्धिक आदान-प्रदान और प्रतिस्पर्धा के लिए एक वैश्विक मंच प्रदान करेगा।


## गागर में सागर

### दिवाली के बाद शादियों के सीजन के लिए कर लें सोने-चांदी की सस्ती खरीदारी



**नई दिल्ली।** दिवाली का मुख्य पर्व बीत चुका है और अब भाई दूज का त्योहार आने वाला है। निकट समय में शादियों का सीजन भी आएगा और लोगों को सोने-चांदी की खरीदारी करनी होगी। आज अगर आप बाजार में गोल्ड-सिल्वर खरीदने के लिए निकलने वाले हैं तो आपको कम खर्च करना होगा। सोने और चांदी के दाम में आज गिरावट देखी जा रही है जिससे गोल्ड और सिल्वर प्राइस घटे हैं। वायदा बाजार में आज सोना और चांदी के दाम में गिरावट देखी गई है। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज पर सोना आज 85 रुपये या 0.14 फीसदी सस्ता हुआ है। सोना आज 59685 रुपये प्रति 10 ग्राम के रेट पर मिल रहा है। सोने के ये रेट इसके दिसंबर वायदा के लिए हैं। एमसीएक्स पर चांदी के दाम में भी कमी आई है और चांदी आज करीब 500 रुपये सस्ती मिल रही है। एमसीएक्स पर सिल्वर दिसंबर वायदा 487 रुपये या 0.70 फीसदी की गिरावट के साथ 69545 रुपये प्रति किलो के रेट पर मिल रही है।

### सीएसई को मार्च-अप्रैल 2024 में परिचालन फिर से शुरू करने की उम्मीदः आधिकारी




**कोलकाता।** बाजार नियामक के सकारात्मक संकेतों से उत्साहित कलकत्ता शेयर बाजार (सीएसई) को मार्च-अप्रैल 2024 तक देश के तीसरे शेयर बाजार के रूप में वापसी की उम्मीद है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) ने विनियामक और अनुपालन मुद्दों के कारण अप्रैल 2013 में सीएसई को कारोबार करने से रोक दिया था। सीएसई के मुख्य महाप्रबंधक धीरज चक्रवर्ती ने बताया, ₹हम जल्द ही देश के तीसरे शेयर बाजार के रूप में वापस आएंगे। इस बारे में सकारात्मक प्रतिक्रिया है। हमें कुछ कदम उठाने होंगे, जो जनवरी तक पूरे होंगे।'' उन्होंने कहा, ''हमें मार्च-अप्रैल तक नई तकनीक के साथ एक स्वतंत्र एक्सचेंज के रूप में फिर से शुरू होने की उम्मीद है।'' इस समय सीएसई अपने सदस्यों को एनएसई प्लेटफॉर्म पर व्यापार करने की सुविधाएं देता है। सीएसई के चेयरमैन दीपांकर बोस ने शेयरधारकों को बताया कि सेबी की मंजूरी के साथ सीएसई को निकट भविष्य में अत्याधुनिक तकनीक के साथ अपने मंच पर अपने व्यापार और निपटान सेवाओं को फिर से शुरू करने की उम्मीद है। हालांकि, इस संबंध में कलकत्ता उच्च न्यायालय का एक फैसला भी आना बाकी है। सीएसई की ताजा वार्षिक रिपोर्ट के मुताबिक 1,842 सूचीबद्ध कंपनियों और लगभग 400 पंजीकृत व्यापारिक सदस्यों के साथ सीएसई की भारतीय पूंजी बाजार में महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

### अफ्रीका के साथ भारत का व्यापार हुआ 100 बिलियन अमेरिकी डॉलर के पार

**नई दिल्ली।** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि भारत और अफ्रीका के बीच पिछले कुछ वर्षों में घनिष्ठता अधिक हो गई है। अफ्रीका के साथ भारत के व्यापार ने आज इतिहास रच दिया है। अफ्रीका के साथ भारत का व्यापार आज 100 अरब अमेरिकी डॉलर से अधिक हो गया है। विदेश मंत्री ने कहा कि अफ्रीका में पिछले एक दशक में बड़ी संख्या में भारतीय दूतावास भी खुले हैं। जयशंकर ने कहा कि अफ्रीका के साथ हमारा व्यापार 100 बिलियन अमेरिकी डॉलर से अधिक सिर्फ व्यापार नहीं है बल्कि, भारत अफ्रीका में शीर्ष पांच निवेशकों में से एक है। हमारी अनुमानित पूंजी 80 बिलियन अमेरिकी डॉलर से अधिक है। अफ्रीका में पिछले एक दशक में हमारे कई दूतावास खुले हैं। इसी के अलावा, विदेश में पहला आईआईटी अफ्रीका में खुला है। विदेश में पहला फोरेंसिक विज्ञान विश्वविद्यालय भी अफ्रीका में खुला। हम आज सिर्फ वादा ही नहीं बल्कि, भविष्य के लिए अफ्रीका में दांव भी लगा रहे हैं। जी20 में अफ्रीकी संघ की स्थायी सदस्यता पर विदेश मंत्री ने कहा कि इस पर कई वर्षों से विचार विमर्श किया गया है। शुक्रवार को यशोभूमि कन्वेंशन सेंटर में विदेश मंत्री ने अफ्रीकी राजदूतों का स्वागत किया। इस दौरान उन्होंने परिवर्तनकारी डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचे के अनुभव को साझा करने के लिए भारत की प्रतिबद्धता पर जोर दिया।

### उपभोक्ताओं के जोश ने तोड़ा दिवाली पर व्यापार के सभी रिकॉर्ड

# 3.75 लाख करोड़ की हुई खरीदारी

**एजेंसी। नई दिल्ली**

देश में दिवाली के त्योहार लोगों जमकर खरीदारी में जुटे रहे। इस बार लोगों को के लिए काफी अच्छा रहा। बारोबारियों ने खूब चांदी काटा। खासकर खुदा विक्रताओं ने अपने सामानों की खूब बिक्री की। पूजा के सामान लेकर सजावट तक के समानों की खूब हुई खरीदारी। दिवाली का त्योहार भारतीय अर्थव्यवस्था और कारोबारियों के लिए शानदार रहा है। इस साल दिवाली सीजन में देश भर के बाजारों में उपभोक्ताओं की ओर से जोरदार डिमांड की बदौलत रिकॉर्ड कारोबार देखने को मिला है। ट्रेडर्स फेडरेशन कैट के मुताबिक इस दिवाली पर 3.75 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा का रिकॉर्ड व्यापार हुआ है। जबकि गोवर्धन पूजा, भैया दूज, छठ पूजा एवं तुलसी विवाह त्योहार आना बाकी है जिसमें करीब 50 हजार करोड़ रुपये और व्यापार होने की संभावना जताई जा रही है। कनफेडरेशन ऑफ



ऑल इंडिया ट्रेडर्स (सीएआईटी) के राष्ट्रीय महामंत्री प्रवीन खंडेलवाल ने बयान जारी कर कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के वोकल फॉर लोकल का जादू जमकर लोगों पर चला है और इसके चलते चीन को 1 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा के व्यापार का नुकसान हुआ है। उन्होंने बताया कि पहले के सालों में दिवाली के त्योहार पर चीन से बनी वस्तुओं को लगभग 70% बाजार भारत का मिल जाता था जो इस बार संभव नहीं हो सका है। देश में व्यापारियों ने इस वर्ष चीन से दिवाली से संबंधित किसी भी वस्तु का कोई इंपोर्ट भी नहीं किया। प्रवीण खंडेलवाल ने बताया कि एक अनुमान के मुताबिक 3.5 लाख करोड़ के व्यापार में लगभग 13% हिस्सेदारी खाद्य एवं किराना पर, 9% ज्वेलरी पर, 12% वस्त्र एवं गारमेंट, 4% ड्राई फ्रूट, मिठाई एवं नमकीन, 3% घर की साज सज्जा, 6% कास्मेटिक्स, 8% इलेक्ट्रॉनिक्स एवं मोबाइल, 3% पूजन सामग्री एवं पूजा वस्तुओं, 3% बर्तन तथा रसोई उपकरण, 2% कॉन्फेक्शनरी एवं बेकरी, 8% गिफ्ट आइटम्स, 4% फर्निशिंग एवं फर्नीचर एवं शेष 20% ऑटोमोबाइल, हार्डवेयर, इलेक्ट्रिकल, खिलौने सहित अन्य अनेक वस्तुओं एवं सेवाओं पर ग्राहकों ने खर्च किए गए। देश भर में पैकिंग कारोबार को भी एक बड़ा बाजार इस दिवाली पर मिला है। इससे पहले धनतरेस पर भी सोने-चांदी का लगभग 30,000 करोड़ रुपये का कारोबार हुआ था। केवल 27,000 करोड़ रुपये सोने की ज्वेलरी के सेल्स का आंकड़ा रहा था। जबकि 2022 में धनतेरस सोने-चांदी का 25,000 करोड़ रुपये का कारोबार हुआ था।

### नए फॉमूर्लेशन के साथ हार्पिक ओरिजनल फ्रेश लॉन्च

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

हार्पिक ने अपनी पावर प्लस रेंज के तहत अबतक के सबसे अच्छे फॉमूर्लेशन के साथ नया हार्पिक ओरिजनल फ्रेश को लॉन्च किया है, जो केवल पांच मिनट में शौचालय को बेदाग स्वच्छ बना देता है। नया फॉमूर्लेशन लंबे समय तक चलने वाली खुशबू और ताजगी के साथ बेहतर सफाई सुनिश्चित करता है। पावर प्लस रेंज को तीन अतिरिक्त खुशबुओं स्पार्कलिंग लेमन, रिफ्रेशिंग मरीन और जॉयफुल जैस्मीन में भी उपलब्ध कराया गया है। नया हार्पिक ओरिजनल फ्रेश मैलोडोर कंट्रोल टेक्नोलॉजी के साथ आता है, जो शौचालय की अप्रिय गंध को प्रभावी ढंग से दूर करने में अहम भूमिका निभाती है। बेहतर फॉमूर्लेशन केवल पांच मिनट में एक चमकदार स्वच्छ शौचालय देता है, और डिटर्जेंट की तुलना में दस गुना बेहतर सफाई प्रदान करता है। नई हार्पिक पावर प्लस रेंज 200 मिली, 500 मिली, 1 लीटर पैक में भारत के सभी बाजारों में ऑफलाइन और ऑनलाइन स्टोर पर क्रमशः 44 रुपए, 99 रुपए और 215 रुपए में उपलब्ध है। सौरभ जैन, रीजनल मार्केटिंग डायरेक्टर, साउथ एशिया- हाईजीन, रेकिट ने कहा कि हार्पिक लगातार नए और बेहतर समाधान लाकर एक बेहतर उपभोक्ता अनुभव प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है, जो उपभोक्ता की बढ़ती जरूरतों को पूरा करता है।

### बांग्लादेश में 130 कारखाने हुए बंद

**नई दिल्ली।** बांग्लादेश की राजधानी ढाका के बाहरी इलाके में कुल 130 रेडीमेड कपड़ा कारखानों ने उच्च मजदूरी के लिए चल रहे श्रमिकों के विरोध के कारण अनिश्चित काल के लिए परिचालन बंद कर दिया है। समाचार एजेंसी के अनुसार, औद्योगिक पुलिस अधीक्षक मोहम्मद सरवर आलम ने शनिवार को पत्रकारों को बताया था कि श्रमिकों का एक वर्ग अभी भी न्यूनतम मासिक वेतन 23,000 टका (209 अमेरिकी डॉलर) की मांग कर रहा है।

### डूबते किशोर बियानी को मिला सहारा

## जिंदल ग्रुप ने दिया दिवाली गिफ्ट

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारी कर्ज के चलते दिवालिया होने की कगार पर खड़े फ्यूचर ग्रुप को दीवाली गिफ्ट मिला है। स्टील ट्यूब और पाइप बनाने वाली दिग्गज कंपनी जिंदल ग्रुप ने किशोर बियानी के नेतृत्व वाले फ्यूचर ग्रुप को बचाने के लिए एक प्रस्ताव दिया है। यह प्रस्ताव आया। अब लिक्विडेशन प्रक्रिया शुरू कर चुके फ्यूचर ग्रुप के पास सिर्फ यही एक प्रस्ताव है। कर्जदाताओं ने स्पेस मंत्रा का प्रस्ताव खारिज कर बियानी की मुसीबतें बढ़ा दी थीं। कर्ज में डूबी फ्यूचर रिटेल आठ महीने से खुद को बचाने के रास्ते तलाश रही है। कंपनी को सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया और सेंटबैंक फाइनेंशियल सर्विसेज के नेतृत्व वाले कर्जदाताओं के 12,265 करोड़ रुपये देने हैं। कंपनी पर कुल कर्ज लगभग 20 हजार करोड़ रुपये का है। अब जिंदल के प्रस्ताव पर यह समूह विचार कर अंतिम फैसला लेगा। अभी तक यह पता नहीं चल सका है कि जिंदल समूह ने फ्यूचर ग्रुप के लिए कितने रुपये की बोली लगाई है। हालांकि, इस महीने के आखिर तक कर्जदाताओं का समूह इस बोली पर फैसला



सुना देगा। कंस्ट्रक्शन मैटेरियल कंपनी स्पेस मंत्रा का प्रस्ताव विफल होने के बाद फ्यूचर रिटेल की समाधान प्रक्रिया की देखरेख कर रहे विजय कुमार अय्यर ने शेयर बाजार को लिक्विडेशन प्रक्रिया की जानकारी दी थी। स्पेस मंत्रा ने 553 करोड़ रुपये की सबसे ऊंची बोली लगाई थी। इससे कर्जदाताओं का सिर्फ 2.73 फीसद रकम ही बाहर आ पा रही थी। रिलायंस रिटेल से डील टूटने के बाद से ही फ्यूचर ग्रुप समस्याओं में फंस गया था। हाल ही में दिए एक इंटरव्यू में रिटेल का राजा कहे जाने वाले किशोर बियानी ने कहा था कि कोविड-19 के दौरान सिर्फ 3 महीने में कंपनी ने 7000 करोड़ रुपये का बिजनेस खोया।

### देशभर में गुड्स ट्रांसपोर्ट को अधिक लाभदायक बनाएगा आईआईटी का ऐप

**नई दिल्ली।** आईआईटी मद्रास के फैकल्टी, छात्रों और पूर्व छात्रों ने एक मोबाइल एप्लिकेशन विकासित किया है। आईआईटी के मुताबिक यह ड्राइवरों को उपभोक्ताओं से सीधे जोड़ेगा। इसमें कोई कमीशन या ऑन-बोर्डिंग शुल्क भी नहीं लेगा। उपभोक्ता सीधे ड्राइवर को भुगतान करेंगे, यानी कोई बिचौलिया नहीं होगा। आईआईटी का मानना है कि इस ऐप से शहरों में माल परिवहन का काम पहले के मुकाबले आसान, कारगर और अधिक लाभदायक होगा। आईआईटी ने इस मोबाइल ऐप का नाम 'ऑप्टरूट' रखा है। आईआईटी मद्रास में इनक्यूबेट किए गए स्टार्ट-अप 'ऑप्टरूट लॉजिस्टिक्स' ने इस ऐप का पहला वर्जन तैयार और फिर उसका व्यावसायीकरण किया है। इस स्टार्ट-अप के सह-संस्थापक आईआईटी मद्रास में कंप्यूटर विज्ञान और इंजीनियरिंग विभाग के प्रोफेसर एनएस नारायणस्वामी और आईआईटी मद्रास के पूर्व छात्र अनुज फुलिया हैं।

### खुद बीएसई का शेयर बन गया मल्टीबैगर

## निवेश के 6 महीने में 4 गुना हुए पैसे

**एजेंसी। नई दिल्ली**

आपने शेयर बाजार में कई शेयरों के मल्टीबैगर बनने की कहानियां सुनी होंगी। आज हम आपके लिए खुद शेयर बाजार के ही मल्टीबैगर बनने की कहानी लेकर आए हैं। यह कहानी है देश के सबसे पुराने और सबसे प्रमुख शेयर बाजारों में से एक बीएसई की, जिसे कुछ समय पहले तक बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज के नाम से जाता था। बीएसई के शेयरों के भाव पिछले कुछ महीनों के दौरान इस कदर चढ़े हैं कि अच्छे-अच्छे मल्टीबैगर शेयर भी उसके सामने पानी भरते नजर आते हैं। अभी बीएसई के शेयरों का भाव 2,262 रुपये के स्तर पर है। बीएसई का शेयर बाज सोमवार को 6 फीसदी से ज्यादा की तेजी में ट्रेड कर रहा है। इसके भाव में पिछले कुछ दिनों के दौरान लगातार तेजी रिकॉर्ड की गई है।

5 साल में 1000 पर्सेंट की उछाल



बीते 5 दिनों में बीएसई का शेयर 9 फीसदी से ज्यादा ऊपर गया है, जबकि सिर्फ एक महीने में भाव में 52 फीसदी से ज्यादा की तेजी देखने को मिली है। पिछले 6 महीने में तो बीएसई के शेयर ने छप्परफाड़ तेजी दिखाई है और करीब 315 फीसदी ऊपर गया है। वहीं पिछले 5 साल के हिसाब से बीएसई के शेयरों के भाव में 1000 फीसदी से भी ज्यादा की तेजी आई हुई है। 6 महीने के पहले के हिसाब से देखें तो 15 मई को बीएसई के एक शेयर का भाव सिर्फ 545 रुपये था, जो अभी 2,262 रुपये के स्तर पर पहुंचा हुआ है। इस तरह देखें तो बीएसई के शेयरों के भाव में बीते 6 महीने के दौरान 4 गुने से भी ज्यादा की तेजी आई है। इसका 52-वीक हाई लेवल 2,274 रुपये और 52-वीक लो लेवल 406 रुपये का है। इसका एमकैप अभी 30,560 करोड़ रुपये है। बीएसई के शेयरों में इस साल जुलाई के बाद से खास तौर पर तेजी दिख रही है।

## विदेश

## भारत ने संयुक्त राष्ट्र महासभा में इजरइली गतिविधियों के खिलाफ किया मतदान

**एजेंसी। यूएन**

भारत ने संयुक्त राष्ट्र महासभा में उस प्रस्ताव के पक्ष में मतदान किया, जिसमें कब्जे वाले फलस्तीनी क्षेत्र में बस्तियां बसाने की इजराइली गतिविधियों की निंदा की गई है। पूर्वी यरुशलम सहित कब्जे वाले फलस्तीनी क्षेत्र और कब्जे वाले सीरियाई गोलान में इजराइली बस्तियां' शीर्षक वाले मसौदा प्रस्ताव को संयुक्त राष्ट्र महासभा की विशेष राजनीतिक और विउपनिवेशीकरण समिति (चौथी समिति) ने 145 के रिकॉर्ड मतों से मंजूरी दे दी। बृहस्पतिवार को हुए मतदान में प्रस्ताव के विरोध में सात वोट पड़े और 18 सदस्य देश अनुपस्थित रहे। प्रस्ताव के खिलाफ मतदान करने वालों में कनाडा, हंगरी, इजराइल, मार्शल द्वीप, संघीय राज्य माइक्रोनेशिया, नाउरू और अमेरिका शामिल थे। भारत, बांग्लादेश, भूटान, चीन, फ्रांस, जापान, मलेशिया, मालदीव, रूस, दक्षिण अफ्रीका, श्रीलंका और ब्रिटेन



सहित 145 देशों ने प्रस्ताव के पक्ष में मतदान किया। प्रस्ताव की शर्तों के अनुसार, महासभा पूर्वी यरुशलम सहित कब्जे वाले फलस्तीनी क्षेत्र और कब्जे वाले सीरियाई गोलान में बस्तियां बसाने की गतिविधियों और भूमि की जब्ती, व्यक्तियों की आजीविका में व्यवधान, नागरिकों के जबरन स्थानांतरण से जुड़ी किसी भी गतिविधि की निंदा करती है। प्रस्ताव में इस बात को दोहराया गया है कि पूर्वी यरुशलम सहित कब्जे वाले फलस्तीनी क्षेत्र और कब्जे वाले सीरियाई गोलान में इजराइली बस्तियां अवैध हैं और शांति, आर्थिक और सामाजिक विकास में बाधा हैं। प्रस्ताव में पूर्वी यरुशलम सहित कब्जे वाले फलस्तीनी क्षेत्र और कब्जे वाले सीरियाई गोलान में बस्तियां बसाने की सभी इजराइली गतिविधियों को तत्काल और पूर्ण रूप से बंद करने की मांग दोहराई गई है।

### पाकिस्तान के कराची में एक और आतंकी ढेर

## मसूद अजहर का करीबी मौलाना तारिक मारा गया

**एजेंसी। इस्लामाबाद**

पाकिस्तान में आतंकी घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रहीं हैं। ताजा मामला कराची का है, जहां रविवार को अज्ञात हमलावरों ने जैश-ए-मोहम्मद के आतंकी मौलाना रहीमुल्ला तारिक की गोली मारकर हत्या कर दी। स्थानीय मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, उसकी हत?या उस समय हुई जब वह भारत विरोधी एक रैली में हिस्सा लेने के लिए जा रहा था।, तारिक जैश चीफ मसूद अजहर का करीबी बताया जा रहा है। रिपोर्ट के अनुसार, तारिक पाकिस्तान का एक मशहूर मौलाना था, जिसे सुनने के लिए हजारों की संख?या में भीड़ उमड़ती थी। लेकिन, उस पर धर्म की आड़ में आतंकियों की फौज तैयार कराने के गंभीर आरोप थे। स्थानीय मीडिया ने पुलिस अधिकारियों के हवाले से कहा कि यह घटना टारगेट किलिंग हो सकती है। रिपोर्ट के अनुसार, मौलाना कराची के ओरंगी टाउन में



आयोजित सभा में शामिल होने के लिए जा रहा था, तभी अज्ञात हमलावरों ने उसे गोलियों से छलनी कर दिया। पुलिस का कहना है कि हमलावरों का पता लगाया जा रहा है। सीसीटीवी खंगाले जा रहे हैं। हालांकि अभी तक पुलिस को कुछ भी हाथ नहीं लगा है। बता दें कि हाल के दिनों में पाकिस्तान में कई आतंकियों की हत्याएं हुईं हैं। अभी हाल ही में लश्कर-ए-तैयबा के आतंकी अकरम खान उर्फ अकरम गाजी को खैबर पख्तून्ख्वां में गोली मार हत्या हुई थी। अकरम की हत?या को आईएसआई के साथ ही लश?कर के सरगना हाफिज सईद के लिए भी बड़ा झटका बताया जा रहा है।

### डेरा इस्माइल खान में पुलिसकर्मी की गोली मारकर हत्या

**पेशावर।** पाकिस्तान में खैबर पख्तूनख्वा के डेरा इस्माइल खान जिले की कुलाची तहसील में अज्ञात हमलावरों ने एक पुलिसकर्मी की गोली मारकर हत्या कर दी। अफ न्यूज के मुताबिक,डेरा इस्माइल खान में अज्ञात हमलावरों ने जमील शाह नाम के एक पुलिसकर्मी, जो अपने घर वापस जा रहा था, पर गोलियां चला दीं जिससे उसकी मौत हो गई। इसके अलावा 7 नवंबर को डेरा इस्माइल खान जिले में ही स्थित तेल और गैस कंपनी के शिविर पर हुए आतंकवादी हमले में कम से कम दो पुलिसकर्मी मारे और तीन घायल हो गए थे। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि आतंकवादियों ने डेरा इस्माइल खान के दारज़िंदा इलाके में एक तेल और गैस कंपनी के शिविर पर हमला किया जिससे शिविर की सुरक्षा में तैनात दो पुलिसकर्मी, एएसआई रहमत इलाही और खान आरिफ की मौत हो गई जबकि तीन पुलिस अधिकारी, आलमगीर खान, फजलुर रहमान और अताउर रहमान आतंकवादियों के साथ गोलीबारी के दौरान घायल हो गए।

### तबाही मचा | गाजा के अल-शिफा अस्पताल इजराइल का कहर जारी

## पांच सौ से अधिक की हुई मौत, हजारों अस्पताल में फंसे

**एजेंसी। गाजा**

विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने दावा किया है कि बार-बार इजरायली हमलों और आसपास के क्षेत्र में भारी लड़ाई के बीच उसका गाजा के सबसे बड़े अल-शिफा अस्पताल से संपर्क टूट गया है। विगत रविवार रात जारी एक बयान में डब्ल्यूएचओ ने कहा कि अस्पताल पर बार-बार हमलों की भयावह रिपोर्टें सामने आ रही हैं, हम मानते हैं कि हमारा संपर्क अस्पताल से टूट गया है।

फिलिस्तीनी स्वास्थ्य मंत्रालय के नवीनतम अपडेट के अनुसार, सोमवार सुबह तक 600-650 रोगी, 200-500 स्वास्थ्य कार्यकर्ता और लगभग 1,500 विस्थापित लोग अभी भी अस्पताल के अंदर हैं। इसमें कहा गया है, ''बिजली, पानी और भोजन की कमी से इनकी जान जोखिम में है। अस्पताल से बाहर निकलने के लिए कोई सुरक्षित रास्ता नहीं है।



डब्ल्यूएचओ के बयान में कहा गया है कि पिछले 48 घंटों में अस्पताल पर कई हमले हुए हैं, जिसमें 500 से अधिक लोगों की मौत हो गई है और सैंकड़ों घायल हो गये हैं। इसमें कहा गया है, बमबारी से गहन देखभाल इकाई को नुकसान हुआ है, जबकि अस्पताल के वे क्षेत्र जहां विस्थापित लोग शरण लिए हुए थे, वे भी क्षतिग्रस्त हो गए हैं। कथित तौर पर बिजली कट जाने से एक मरीज की मौत हो गई। संयुक्त राष्ट्र निकाय ने यह भी दावा किया कि अल-शिफा टैंकों से घिरा हुआ है और चिकित्सा कर्मचारियों ने साफ पानी की कमी और आईसीयू, वेंटिलेटर और इनक्यूबेटर सहित अन्य कार्यों के खतरे की सूचना दी, जो ईंधन की कमी के कारण जल्द ही बंद हो गए, इससे लोगों की जान जोखिम में पड़ गई। मरीज जोखिम में हैं। डब्ल्यूएचओ के महानिदेशक टेड्रोस एडनोम घेबियस ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, बिना बिजली, बिना पानी और बहुत खराब इंटरनेट के साथ तीन दिन हो गए हैं, इससे आवश्यक देखभाल प्रदान

**संयुक्त राष्ट्र निकाय ने यह भी दावा किया कि अल-शिफा टैंकों से घिरा हुआ है और चिकित्सा कर्मचारियों ने साफ पानी की कमी है**

करने की हमारी क्षमता पर गंभीर प्रभाव पड़ा है। अफसोस की बात है कि अस्पताल अब अस्पताल के रूप में काम नहीं कर रहा है... दुनिया तब चुप नहीं रह सकती जब अस्पताल, जिन्हें सुरक्षित ठिकाना होना चाहिए, मौत, तबाही और निराशा के दृश्यों में तब्दील हो रहे हैं। अल-शिफा में यह हालाात फिलिस्तीन रेड क्रिसेंट सोसाइटी (पीआरसीएस) द्वारा रविवार को घोषणा किए जाने के बाद हुआ है कि गाजा शहर में अल-कुद्स अस्पताल, जो इस क्षेत्र का दूसरा सबसे बड़ा अस्पताल है अब सेवा से बाहर हो गया है।

## पेज एक के शेष

### एयरपोर्ट से राजभवन तक ...

करीब डेढ़ सौ उंची भवनों को चिहिन्त किया गया है। प्रधानमंत्री के आगमन से पहले उन भवनों में पुलिस फोर्स की तैनाती की जाएगी। साथ ही भवन में रहने वाले लोगों के बारे में भी पुलिस की टीम सत्यापन की है। सभी के नाम पते समेत पूरी जानकारी हासिल की गई है। उन भवनों पर पुलिस लगातार नजर रखी जा रही है। प्रधानमंत्री के आगमन से पहले चिहिन्त सभी भवनों में पुलिस फोर्स की तैनाती की जाएगी। एसएसपी ने सोमवार को शहर के डीएसपी और थानेदारों के साथ बैठक की। सभी को सर्तक रहने का निर्देश दिया गया। एसएसपी ने थानेदारों को निर्देश दिया है कि वे लगातार एंटी क्राइम चेकिंग अभियान चलाए। खास तौर पर प्रधानमंत्री का कारकेड जिस इलाके से गुजरेगा, उन जगहों पर। थानेदार लगातार अपने-अपने क्षेत्र में गश्त भी लगाएं। होटल और लॉज का सत्यापन करें। एसएसपी ने कहा कि किसी भी हालत में सुरक्षा में चूक नहीं होना चाहिए। ड्यूटी के दौरान अगर कोई लापरवाही बरतता है तो ऐसे पुलिस कर्मियों पर सीधी कार्रवाई की जाएगी। प्रधानमंत्री के आगमन को लेकर एयरपोर्ट से राजभवन तक सुरक्षा का पुख्ता इंतजाम किया गया है। सुरक्षा के मद्देनजर इस मार्ग में सड़क के दोनों किनारों में बैरिकेडिंग कर दिया गया है। जिस जगह पर बैरिकेडिंग की गई है, उसके बाद ही लोग सड़क हो सकते हैं और प्रधानमंत्री का स्वागत कर सकते हैं। प्रधानमंत्री के रांची आगमन होते ही हरमू रोड आने वाले सभी मार्गों को बंद कर दिया जाएगा। उनका कारकेड गुजरने के बाद ही उसे खोला जाएगा। इसके अलावा जेल रोड, कांके रोड में भी बैरिकेडिंग की गई है।

### टनल में फंसे श्रमिकों की ...

इन श्रमिकों को रेस्क्यू करने का अभियान चल रहा है। इसमें कुछ श्रमिक झारखण्ड के भी हैं। मामले की जानकारी मिलने पर मुख्यमंत्री सोरेन के निर्देश पर झारखंड के श्रमिकों के मदद के लिए तीन सदस्यीय एक दल उत्तराखण्ड भेजा गया है। इस दल में जैप आईटी के सीईओ भुनेश प्रताप सिंह, ज्वाइंट लेबर कमिश्नर राजेश प्रसाद एवं ज्वाइंट लेबर कमिश्नर प्रदीप रॉबर्ट लकडा शामिल हैं। यह दल घटनास्थल पर पहुंच कर अद्यतन स्थिति से अवगत कराएगा और श्रमिकों को यथासंभव मदद करेगा। मुख्यमंत्री ने टनल में फंसे सभी श्रमिकों के कुशलता की कामना की है।




# सहवाग, एडुल्जी व डीसिल्वा आईसीसी हॉल ऑफ फेम में शामिल



**एजेंसी। दुबई**

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने भारत के पूर्व सलामी बल्लेबाज वीरेंद्र सहवाग, हमवन महिला क्रिकेट टीम की पूर्व कप्तान डायना एडुल्जी और श्रीलंकाई बल्लेबाज अरविंदा डीसिल्वा को आईसीसी हॉल ऑफ फेम में शामिल किया गया है। आईसीसी ने सोमवार को तीनों खिलाड़ियों को सदस्य के रूप हॉल ऑफ फेम में शामिल किये जाने की घोषणा की। वानखेड़े स्टेडियम में बुधवार को भारत और न्यूजीलैंड के बीच खेले जाने वाले विश्वकप 2023 के पहले सेमीफाइनल से पहले इन तीनों खिलाड़ियों को सम्मानित किया जाएगा।

एडुल्जी हाल ऑफ फेम में शामिल होने वाली पहली भारतीय महिला क्रिकेटर हैं। एडुल्जी ने अपनी इस उपलब्धि पर कहा, मैं आईसीसी और ज्यूरी को धन्यवाद करना चाहूंगी, जिन्होंने आईसीसी हॉल ऑफ फेम 2023 के लिए मेरा नाम चयनित किया। यह उपलब्धि हासिल करने वाली पहली भारतीय महिला क्रिकेटर बनना निश्चित रूप से मेरे लिए बहुत सम्मान की बात है। यह ना सिर्फ मेरे, मेरे परिवार, दोस्तों बल्कि बीसीसीआई और भारतीय महिला क्रिकेट के लिए भी गर्व की बात है।'

बाएं हाथ की गेंदबाज एडुल्जी ने भारत के लिए 20 टेस्ट और 30 एकदिवसीय मैच खेले हैं और उनके नाम 107 अंतरराष्ट्रीय विकेट हैं। इसके बाद वह एक सफल क्रिकेट प्रशासक भी बनीं और वह वर्तमान में रिटायर्ड भारतीय महिला क्रिकेटरों के रोजगार अवसरों को बढ़ाने के मुद्दे पर काम करती हैं। आईसीसी ने एक बयान जारी करते हुए कहा, एडुल्जी का योगदान मैदान के अंदर से अधिक मैदान से बाहर है और उन्होंने दशकों से भारत में महिला क्रिकेट को बढ़ाने में अपना योगदान दिया है।'

विस्फोटक बल्लेबाज सहवाग ने भारत के लिए 104 टेस्ट, 251 वनडे और 19 टी20आई खेले हैं। वह 2007 टी20 विश्व कप और 2011 वनडे विश्व विजेता भारतीय टीम के अहम सदस्य भी थे। सहवाग ने कहा, मैं आईसीसी और ज्यूरी को इस सम्मान के लिए धन्यवाद देता हूं। मुझे खुशी है और मैं आभारी हूं कि मैंने अपने जीवन के अधिकतर हिस्से में वह काम किया, जो मुझे सबसे अधिक पसंद है-क्रिकेट बॉल को हिट करना।'

उनके नाम 23 टेस्ट शतकों सहित कुल 8586 टेस्ट रन हैं। वह टेस्ट मैचों में तिहरा शतक लगाने वाले पहले भारतीय बल्लेबाज है। उन्होंने यह कारनामा दो बार किया, जिसमें अगले कुछ नाम डॉन ब्रैडमेन, ब्रायन लारा और क्रिस गेल के हैं। उनका टेस्ट स्ट्राइक रेट 82.23 का था यह उनकी विस्फोटक क्षमता को बताता है। सहवाग के नाम एकदिवसीय क्रिकेट में 104.33 के स्ट्राइक रेट और 15 शतकों के साथ 8273 रन है। उन्होंने वेस्टइंडीज के खिलाफ 219 रनों की पारी खेली थी।

1996 विश्व कप फाइनल में शतक लगाकर अपनी टीम को विश्व विजेता बनाने वाले डीसिल्वा इस सूची में शामिल होने वाले तीसरे नए नाम हैं। वह भी अपनी आतिशी बल्लेबाजी के लिए जाने जाते हैं। उनके नाम 93 टेस्ट मैचों में 6361 और 308 वनडे में 9284 रन हैं। उन्होंने कहा, ह्यआईसीसी हॉल ऑफ फेम का सबसे बड़ा सम्मान हासिल करना मेरे लिए गर्व की बात है और मैं इसके लिए आभारी हूं। यह मेरे क्रिकेटिंग यात्रा के त्याग और समर्पण का ईनाम है। मैं इसके लिए अपने परिवार, माता-पिता, बहन, पत्नी, बच्चों, दोस्तों, कप्तान, कोच, एंकर, टीममेट्स, विपक्षी टीम के खिलाड़ियों और फैंस को धन्यवाद देता हूं, जिन्होंने लगातार मुझे इस यात्रा के लिए प्रेरित किया और मेरे सुख-दुःख में हमेशा मेरी ताकत बने रहें। मैं इस सम्मान, पहचान और प्रशंसा के लिए आईसीसी और वोटिंग कमेटी का भी धन्यवाद देता हूं।'

# जोकोविच का नया रिकॉर्ड

## रैंकिंग में आठवीं बार टॉप पर जमाया कब्जा



**एजेंसी। ट्यूरिन**

24 बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन नोवाक जोकोविच ने अपना रिकॉर्ड और मजबूत करते हुए होल्गर रूने को एटीपी फाइनल में हराकर आठवीं बार नंबर-1 रैंकिंग हासिल की। इस टूर्नामेंट के बाद नोवाक जोकोविच 400 सप्ताह तक शीर्ष पर रहने वाले खिलाड़ी बन जाएंगे। साल के अंत में नंबर- 1 पर कब्जा जमाने के बाद नोवाक जोकोविच 20 नवंबर से शुरू होने वाली एटीपी रैंकिंग में अपने रिकॉर्ड 400वें सप्ताह का आनंद लेंगे। उन्होंने 2023 में शीर्ष स्थान पर 25 सप्ताह बिताए हैं। जोकोविच ने 2023 सीजन के दौरान स्पेन के 20 वर्षीय कार्लोस अल्कराज के साथ एक रोमांचक संघर्ष के बाद शीर्ष स्थान हासिल किया। एटीपी रैंकिंग में नंबर 1 स्थान की लड़ाई में इस साल इन दोनों खिलाड़ियों के बीच कड़ी टक्कर रही। जोकोविच ने वर्ष के अंत में नंबर हासिल करने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी के रूप में अपना रिकॉर्ड और मजबूत किया। एटीपी रैंकिंग इतिहास में पहला स्थान। दो साल पहले वह 34 साल की उम्र में शीर्ष स्थान पर रहते हुए सीजन खत्म करने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी थे और अब उन्होंने 36 साल की उम्र में इस उपलब्धि को दोहराकर अपना रिकॉर्ड और मजबूत किया।

## पूर्व कप्तान रानी के उदाहरण ने मुझे कठिन समय में प्रेरित किया : अन्नू

**बेंगलुरु।** भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम की स्टार फॉरवर्ड अन्नू ने सोमवार को अपने हॉकी करियर को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने का श्रेय पूर्व भारतीय कप्तान रानी और अपने पिता राजपाल को दिया। अन्नू को उम्मीद है कि वह न केवल अपने गुरुओं को गौरवान्वित करेंगी बल्कि अंतरराष्ट्रीय मंच पर देश के गौरव में भी योगदान देंगी क्योंकि वह आगामी एफआईएच हॉकी महिला जूनियर विश्व कप 2023 में प्रतिस्पर्धा करने के लिए तैयार हैं। अन्नू ने हॉकी इंडिया द्वारा जारी एक आधिकारिक बयान में कहा, मेरे पिता शुरू से ही इस बात पर अड़े थे कि मैं पेशेवर रूप से खेलूं। मैं खो खो खेलती थी, लेकिन जब मैं 2011 में सिरसा में एक खेल अकादमी में शामिल हुई, तो मुझे जूडो और हॉकी के बीच एक खेल को चयन करने के लिए कहा गया, मेरे पिता ने मुझे भारत की पूर्व कप्तान रानी के बारे में कहानियाँ सुनाईं, जो हरियाणा से ही हैं। मेरे पिता से उनके बारे में सुनने के बाद उन्होंने जो उदाहरण पेश किया, उससे मैं बहुत प्रभावित हुई और इसने मुझे तब से कठिन समय के दौरान प्रेरित किया है।'' अन्नू आजाद सिंह के अधीन प्रशिक्षण लेने के लिए 2013 में सिरसा में दो साल के कार्यकाल के बाद साई हिसार चली गईं।

## विश्व कप सेमीफाइनल के लिए मैच अधिकारियों की घोषणा

# वानखेड़े स्टेडियम में रॉड टकर 100वें वनडे में करेंगे अंपायरिंग



### सेमीफाइनल के लिए मैच अधिकारी

**सेमीफाइनल एक :** भारत बनाम न्यूजीलैंड, 15 नवंबर, मुंबई।
**मैदानी अंपायर :** रिचर्ड इलिंगवर्थ और रॉड टकर
**तीसरा अंपायर :** जोएल विल्सन।
**चौथा अंपायर :** एड्रियन होल्डस्टॉक।
**मैच रेफरी :** एंडी पायक्रॉफ्ट
**सेमीफाइनल दो :** ऑस्ट्रेलिया बनाम दक्षिण अफ्रीका, गुरुवार 16 नवंबर, कोलकाता।
**मैदानी अंपायर :** रिचर्ड केटलबोरो और नितिन मेनन
**तीसरा अंपायर :** क्रिस गैफनी।
**चौथा अंपायर :** माइकल गफ।
**मैच रेफरी :** जवागल श्रीनाथ

**एजेंसी। मुंबई**

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने एकदिवसीय विश्व कप 2023 के सेमीफाइनल मुकाबले लिए मैच अधिकारियों की घोषणा कर दी है। भारत और न्यूजीलैंड के बीच आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप 2023 सेमीफाइनल के दौरान रॉड टकर अपने 100वें वनडे मैच में अंपायरिंग करेंगे। भारत और न्यूजीलैंड के बीच मुंबई के बीच पहला सेमीफाइनल मैच वानखेड़े स्टेडियम में 15 नवंबर को खेला जाएगा। मैच में ऑस्ट्रेलिया के टकर और इंग्लैंड के रिचर्ड इलिंगवर्थ ऑन-फील्ड अंपायर होंगे। इलिंगवर्थ 2019 सेमीफाइनल मैच में भी ऑन-फील्ड अंपायर थे, जब न्यूजीलैंड ने ओल्ड ट्रैफर्ड में दो दिनों तक चले मौसम से प्रभावित मैच में 18 रन से जीत हासिल की थी, जबकि टकर तीसरे अंपायर थे। टकर ने जनवरी 2009 में अपने पहले वनडे में अंपायरिंग की थी और उनके इस ऐतिहासिक मैच में तीसरे अंपायर जोएल विल्सन, चौथे अंपायर एड्रियन होल्डस्टॉक और मैच रेफरी एंडी पाइक्रॉफ्ट शामिल होने वाले हैं। रिचर्ड केटलबोरो भी इस टूर्नामेंट के दौरान बतौर अंपायर एकदिवसीय मैचों के शतक तक पहुंच गए हैं और कोलकाता में ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका के बीच दूसरा सेमीफाइनल मैच उनका 100वां एकदिवसीय मैच होगा।

## भारत के गेंदबाजी प्रयोगों पर बोले कप्तान

# हम पहले मैच से आज तक शानदार रहे : रोहित शर्मा



**एजेंसी। बेंगलुरु**

नीदरलैंड के खिलाफ रविवार को खेले गए विश्व कप के आखिरी लीग मैच में विराट कोहली ने 2014 और कप्तान रोहित शर्मा ने 2012 के बाद अपना पहला एकदिवसीय विकेट लिया। यह मैच भारत ने 160 रन से जीता और विश्व कप में लगातार अपने नौवें मैच में जीत दर्ज की।

भारत मैच में पांच फ्रंटलाइन गेंदबाजी विकल्पों के साथ उतरा, लेकिन कप्तान रोहित सेमीफाइनल के मद्देनजर प्रयोग करने के मूड में थे। इसके कारण सूर्यकुमार यादव और शुभमन गिल सहित पार्ट-टाइमर्स द्वारा लगभग आठ ओवर फेंके गए।

रोहित ने मैच के बाद कहा, जब आपके पास पांच गेंदबाज होते हैं तो यह हमेशा हमारे दिमाग में रहता है। आप टीम के भीतर विकल्प बनाना चाहते हैं और मुझे लगता है कि अब हमारे पास वह विकल्प है। मैच में हमारे पास नौ विकल्प थे। यह महत्वपूर्ण है। यह वह मैच था जहां हम कुछ चीजों को आजमा सकते थे। एक गेंदबाजी इकाई के रूप में हम कुछ अलग करने की कोशिश करना चाहते थे और देखना चाहते थे कि हम क्या हासिल कर सकते हैं। भारत टूर्नामेंट में हार्दिक पांड्या और शार्दुल ठाकुर के साथ पांचवें और छठे गेंदबाजी विकल्प के साथ आया था, लेकिन पांड्या टखने की चोट के कारण टूर्नामेंट से बाहर हो गए। भारत अंतिम एकादश में आर. अश्विन या ठाकुर को लाने के बजाय छह विशेषज्ञ बल्लेबाजों और पांच फ्रंटलाइन गेंदबाजों के साथ उतरा। पार्ट टाइमर खिलाड़ियों के विकेट लेने और मध्यक्रम के बल्ले से शानदार प्रदर्शन के साथ, भारत ने नॉकआउट से पहले अपनी बेंच स्ट्रेंथ का प्रदर्शन किया है।

नीदरलैंड के खिलाफ जीत की नींव भारत के बल्लेबाजों ने रखी, जिन्होंने 4 विकेट पर 410 रन बनाए, शतकवीर केएल राहुल और श्रेयस अय्यर ने चौथे विकेट के लिए 128 गेंदों पर 208 रन की साझेदारी की। अय्यर ने नाबाद 128 और राहुल ने 102 रन बनाए। जवाब में नीदरलैंड की टीम 47.5 ओवरों में 210 रन पर सिमट गई। भारत के लिए जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज, कुलदीप यादव और रवींद्र जडेजा ने 2-2 व विराट कोहली और कप्तान रोहित शर्मा ने 1-1 विकेट लिया।

# सिर्फ बाबर नहीं, टीम के फ्लॉप शो ने डुबोई विश्व कप में पाक की लुटिया



**एजेंसी। इस्लामाबाद**

क्रिकेट वर्ल्ड कप 2023 में फ्लॉप शो के बाद पाकिस्तान क्रिकेट में भूचाल मचा है। टीम के टूर्नामेंट से बाहर होने के बाद पूर्व क्रिकेटरों और विशेषज्ञों ने खराब प्रदर्शन के लिए पाकिस्तान की जमकर आलोचना की है। उनका मानना है कि केवल कप्तान बाबर आजम को दोषी ठहराया जाना सही नही हैं। बाबर आजम की टीम का प्रदर्शन इस वर्ल्ड कप में बेहद खराब रहा है। टीम 9 मैच खेली है और सिर्फ 4 मैच जीती है। पाकिस्तानी खिलाड़ी अब घर लौटने लगे हैं। लेकिन, न तो उन्हें हवाईअड्डे पर फैंस नजर आ रहे हैं। उन्हें पत्रकारों के कड़े सवालों का सामना भी करना पड़ रहा है। रविवार को जैसे ही बाबर आजम लाहौर पहुंचे, वहां पत्रकारों का एक समूह उनका इंतजार कर रहा था। पाकिस्तान के प्रदर्शन ने प्रशंसकों को परेशान कर दिया है। अब बाबर आजम और टीम की कप्तानी पर गंभीर सवाल उठाए जा रहे हैं। क्रिकेट विशेषज्ञों और पूर्व खिलाड़ियों ने भी टीम और उनके प्रदर्शन की आलोचना की है, जिसमें उन्होंने कहा कि पूरे विश्व कप में गुणवत्ता और संयम की कमी थी। हालांकि, वे इस बात पर जोर दे रहे हैं कि हर बात के लिए बाबर आजम को निशाना बनाना सही नहीं है। पूर्व क्रिकेट से कमेंटेटर बने रमीज राजा ने कहा, बाबर पर इतना दबाव है कि वह कप्तानी छोड़ सकते हैं। यह गलत है क्योंकि पाकिस्तान टीम का यह हाल सिर्फ एक खिलाड़ी के खराब प्रदर्शन के कारण नहीं है। रमीज राजा ने कहा, लोगों ने कुछ खिलाड़ियों को निशाना बनाया है। मीडिया ने भी कुछ खिलाड़ियों को कड़ी आलोचना के साथ निशाना बनाया है। यह सिर्फ एक विश्व कप है इसलिए आपको इससे निपटना होगा। टीम के साथ समस्या यह है कि इसमें आधुनिक क्रिकेट खेलने की क्षमता है। लेकिन, उन्हें अपने दृष्टिकोण में बदलाव करना होगा। क्रिकेट के दिग्गज और स्विंग गेंदबाजी के बादशाह वसीम अकरम ने कहा कि टीम के खराब प्रदर्शन के लिए पूरी टीम का प्रदर्शन और मौजूदा सिस्टम जिम्मेदार है। वसीम अकरम ने कहा, अकेले कप्तान नहीं खेल रहा है। हां, उन्होंने इस विश्व कप और एशिया कप में भी कप्तानी में गलतियां की। लेकिन, वह अकेले दोषी नहीं हैं। यह पिछले एक साल या उससे अधिक समय से पूरे सिस्टम की गलती है, जहां खिलाड़ियों को नहीं पता कि कोच कौन है। आप उसे बलि का बकरा नहीं बना सकते।

## नवंबर के अंत में फिर से शुरू होगी इजरायली बास्केटबॉल सुपर लीग




**जेरूसलम।** इजरायली बास्केटबॉल सुपर लीग, जिसे इजरायल-हमास संघर्ष के कारण 7 अक्टूबर को निलंबित कर दिया गया था, 25 नवंबर को फिर से शुरू होगी। इजरायली बास्केटबॉल सुपर लीग एडमिनिस्ट्रेशन (बीएसएल) द्वारा रविवार को इस निर्णय की घोषणा की गई, जिसमें कहा गया कि खेल टीमों के घरेलू मैदानों पर आयोजित किए जाएंगे,जब तक कि इजरायल के होम फ्रंट कमांड के अद्यतन निर्देशों के कारण यह असंभव न हो। सुरक्षा स्थिति के कारण, बीएसएल ने यह भी निर्णय लिया कि पूरे सीजन में विदेशी खिलाड़ियों के स्थानांतरण की संख्या पर कोई सीमा नहीं होगी। बता दें कि युद्ध के कारण कई विदेशी खिलाड़ियों ने अपनी इजरायली टीमों को छोड़ दिया है।

# नेपाल के खिलाफ महिला द्विपक्षीय टी20 सीरीज के लिए भारतीय दृष्टिबाधित महिला क्रिकेट टीम घोषित



**एजेंसी। बेंगलुरु**

क्रिकेट एसोसिएशन फॉर द ब्लाइंड इन इंडिया (सीएबीआई) ने समर्थनम ट्रस्ट फॉर द डिसेबल्ड के सहयोग से सोमवार को नेपाल के खिलाफ पहली महिला द्विपक्षीय सीरीज के लिए भारतीय टीम की घोषणा कर दी है। यह श्रृंखला 11 दिसंबर से शुरू होगी। नेपाल के खिलाफ खेली जाने वाली द्विपक्षीय सीरीज को फेडफिना का समर्थन प्राप्त है। भारत 11-15 दिसंबर तक मुंबई में 5 टी20 मैच खेलेगा। भारतीय महिला टीम ने हाल ही में आईबीएसए विश्व खेलों में ऑस्ट्रेलिया को 9 विकेट से हराकर स्वर्ण पदक जीता था। सिमरनजीत कौर (राजस्थान) बी2, सुनीता सराठे (मध्य प्रदेश) बी2, गीता महतो (झारखंड) बी3, और काव्या एनआर (कर्नाटक) बी3 पहली बार भारतीय महिला टीम में शामिल किया गया है। सीएबीआई के अध्यक्ष महंतेश जी किवदासनवर ने कहा, सीएबीआई को भारत में फेडफिना द्वारा समर्थित पहली महिला अंतरराष्ट्रीय द्विपक्षीय की घोषणा करते हुए गर्व हो रहा है। महिला क्रिकेट सिर्फ 5 साल पुराना है लेकिन दृष्टिबाधित महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए इसने जो बदलाव लाया है वह जबरदस्त है। मेरा दृढ़ विश्वास है कि नेत्रहीनों के लिए क्रिकेट दृष्टिबाधित महिलाओं को सशक्त बनाने और उनमें बदलाव लाने का एक सकारात्मक साधन है।'' भारत, जिसने पहले अप्रैल में नेपाल का दौरा किया था और सीरीज में 1-3 से हार का सामना किया था, स्थिति बदलने के लिए प्रतिबद्ध है। वुमेन इन ब्लू को 11 दिसंबर से 15 दिसंबर, 2023 तक मुंबई में 5 टी20 मैच खेलने हैं। श्रृंखला से पहले, महिला टीम 20 नवंबर, 2023 से बेलापुर, महाराष्ट्र में शुरू होने वाले 22 दिवसीय गहन क्रिकेट कोचिंग शिविर से गुजरेगी। टीम के कप्तान और उप-कप्तान की आधिकारिक घोषणा 28 नवंबर को मुंबई में की जाएगी। नेपाल टीम के 10 दिसंबर को भारत पहुंचने की उम्मीद है।

### भारतीय टीम इस प्रकार है

**बी1–** वर्षा यू, वलसनैनी रवन्नी, सिमू दास, पद्मिनी टुडू, किलाका संध्या, प्रिया।
**बी2 –** सैंड्रा डेविस करिमालिक्कल, बसंती हांसदा, सिमरनजीत कौर, सुनीता सराठे।
**बी3 –** सुषमा पटेल, एम सत्यवती, फूला सारेन, झिली बिरुआ, गंगा संभाजी कदम, गीता महतो, काव्या एनआर।

## सेफा में स्टोइनिस की जगह मार्नस लाबुशेन को देखना चाहते हैं पोंटिंग



**एजेंसी। कोलकाता**

ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग का मानना है कि दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ विश्व कप सेमीफाइनल में बीच के ओवरों में बेहतर बल्लेबाजी कौशल के कारण मार्कस स्टोइनिस की जगह मार्नस लाबुशेन बेहतर विकल्प होंगे। बांग्लादेश के खिलाफ शनिवार को आखिरी लीग मैच में आराम के बाद ग्लेन मैक्सवेल ऑस्ट्रेलियाई टीम में लौटेंगे। इसकी वजह से ईडन गार्डंस पर होने वाले सेमीफाइनल में लाबुशेन या स्टोइनिस में से एक को बाहर होना होगा। पोंटिंग ने कहा, मैं लाबुशेन को ही शामिल करता। हमने देखा है कि स्टोइनिस का इस्तेमाल करने से पहले ऑस्ट्रेलिया मिचेल मार्श की गेंदबाजी से काम चला लेता आया है।' उन्होंने भारत के मजबूत मध्यक्रम का उदाहरण देते हुए कहा, इस टूर्नामेंट में लाबुशेन ने खराब नहीं खेला है। ऑस्ट्रेलिया के लिए टूर्नामेंट में सबसे महत्वपूर्ण मध्यक्रम की बल्लेबाजी है जो अभी तक सही नहीं हुई है। उन्हें इसका हल जल्दी निकालना होगा।'

**टूर्नामेंट**

## विश्वकप सेमीफाइनल को लेकर द्रविड़ ने कहा

# टीम के दृष्टिकोण में कोई बदलाव नहीं आएगा



**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारत अब लगातार चौथी बार एकदिवसीय विश्व कप के सेमीफाइनल में प्रवेश कर चुका है, हालांकि पिछले दो संस्करणों में भारतीय टीम को हार का सामना करना पड़ा था। सेमीफाइनल मुकाबले को लेकर भारतीय क्रिकेट टीम को कोच राहुल द्रविड़ ने कहा कि दबाव तो होगा, लेकिन इससे टीम के दृष्टिकोण या तैयारी में कोई बदलाव नहीं आएगा।

द्रविड़ ने स्टार स्पोर्ट्स से बातचीत में कहा, हम मानते हैं कि यह एक महत्वपूर्ण मैच है, यह एक नॉकआउट मैच है, हमें इस तथ्य को स्वीकार करना होगा कि कुछ हद तक दबाव होगा लेकिन मुझे लगता है कि जिस तरह से हमने अब तक दबाव का जवाब दिया है वह हमें बहुत ढेर सारा आत्मविश्वास देगा और टीम के दृष्टिकोण या तैयारी में कोई बदलाव नहीं आएगा।

उन्होंने कहा, मुझे नहीं लगता कि हम जिस तरह से तैयारी करते हैं या सेमीफाइनल के लिए जिस तरह से योजना बना रहे हैं, उसमें हम कुछ भी बदलाव करेंगे। मैं वास्तव में आश्वस्त हूं कि समूह में जो उत्साह है, समूह में जो ऊर्जा है, समूह में जो आत्मविश्वास है, वह इस समय वास्तव में अच्छा है। हम बस इतना कर सकते हैं कि जो हमारे सामने है उसे खेलें, अगले मैच पर ध्यान केंद्रित करें, वर्तमान क्षण में रहें और अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने का प्रयास करें। आपके पास क्रिकेट का कोई भी मैच जीतने की कोई गारंटी नहीं है, आप वास्तव में अच्छी तैयारी कर सकते हैं, अच्छी योजना बना सकते हैं और अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर सकते हैं। मैं वास्तव में उम्मीद कर रहा हूं कि हम अगले कुछ दिनों में ऐसा ही करेंगे और उम्मीद है कि हम वास्तव में अच्छा क्रिकेट खेलेंगे।

बता दें कि नीदरलैंड के खिलाफ आखिरी लीग मैच में जीत की नींव भारत के बल्लेबाजों ने रखी, जिन्होंने 4 विकेट पर 410 रन बनाए, शतकवीर केएल राहुल और श्रेयस अय्यर ने चौथे विकेट के लिए 128 गेंदों पर 208 रन की साझेदारी की। अय्यर ने नाबाद 128 और राहुल ने 102 रन बनाए। जवाब में नीदरलैंड की टीम 47.5 ओवरों में 210 रन पर सिमट गई। भारत के लिए जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज, कुलदीप यादव और रवींद्र जडेजा ने 2-2 व विराट कोहली और कप्तान रोहित शर्मा ने 1-1 विकेट लिया।